खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, मंगलवार 19 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 288 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नकली खाद व बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी पेज 2



डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज खेल टाइम्स



बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद सम्पादकीय



यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा: ट्रम्प पेज 12

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार करने के लिए बैठक की।

सूत्रों के मुताबिक, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में कई विपक्षी नेताओं ने बैठक की और इस बात पर चर्चा की कि कैसे मुख्य चुनाव आयुक्त ने रविवार को उनकी ओर से उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब दिए बिना एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कुछ विपक्षी सांसदों का मानना है कि इस लड़ाई को आगे बढ़ाया जाना चाहिए और उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने का सुझाव दिया। हालांकि, यह कदम चर्चा के चरण में है। विपक्षी दल फिर से मिलेंगे और इस पर आगे चर्चा करेंगे। दरअसल, एक दिन पहले यानी रविवार को ही चुनाव आयोग ने एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि कुछ लोगों की तरफ से पीपीटी प्रेजेंटेशन में दिखाए आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं। उन्होंने साफ और स्पष्ट शब्दों में कहा था कि वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगें। तीसरा कोई विकल्प नहीं है। अगर सात दिन में हलफनामा नहीं मिला, तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा। वोट चोरी के आरोपों के बीच विपक्षी दल संसद के मानसून सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ -**शेष पृष्ठ दो पर**



GYANESH KUMAR
CHIEF ELECTION COMMISSIONER

■ **विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने की खड़गे के कक्ष में बैठक के दौरान चर्चा**

## महाराष्ट्र- हरियाणा का चुनाव भाजपा ने चोरी से जीता: राहुल गांधी

**औरंगाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकारी यात्रा का सोमवार को दूसरा दिन था। औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि अभी केवल मैंने इनकी चोरी पकड़ी है आने वाले समय में पूरी देश की जनता इनसे इनकी चोरी पर सवाल करेगी। बिहार में यह एसआईआर करके वोटों की चोरी करना चाहते हैं। एसआईआर का मतलब है नए तरीके से चोरी करना। नरेंद्र मोदी चोरी करके चुनाव जीते हैं, लेकिन बिहार की जनता यहां इनकी चोरी नहीं चलने देगी।

## कोच्चि में टेकऑफ से पहले एयर इंडिया प्लेन में खराबी

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर रविवार रात एयर इंडिया के प्लेन में टेकऑफ से पहले खराबी आ गई। फ्लाइट कोच्चि से दिल्ली जाने वाली थी। कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। एयर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि फ्लाइट संख्या एआई504 में उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी का पता चला।

## गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे कई जगहों से टूटने की वजह से बंद

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश जारी है। हिमाचल में 3 दिन से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन समेत तीन राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रदेश की 400 सड़कें बंद हैं। उत्तराखंड में गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे कई जगहों से बहने और टूटने की वजह से बंद है। मप्र के इंदौर में सोमवार दोपहर भारी बारिश से निर्माणाधीन पानी की टंकी की दीवार गिर गई। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं और जांच की बात कही है। मुंबई और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह से तेज बारिश जारी है। कई इलाकों में पानी भर गया है। इसके चलते सड़कों पर लंबा जाम लगा हुआ है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने मुंबई के सभी स्कूल और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी है। लोगों से अपील की है कि बहुत जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें। मुंबई में मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे बहुत ज्यादा बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## दिल्ली के 3 स्कूलों व एक कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के तीन स्कूलों दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका, मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल द्वारका और ग्रेटर कैलाश स्थित ब्लू बेल्स स्कूल तथा एक कॉलेज को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी भरी कॉल और ईमेल मिली है। इसके अलावा सागरपुर स्थित दीप मॉडल स्कूल को भी धमकी भरा मेल मिला है। धमकी के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया कि सोमवार सुबह सात बजकर 24 मिनट पर कंट्रोल रूम को बम धमकी की सूचना मिली थी। स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद स्कूल परिसर खाली करा लिए गए थे। बम की सूचना मिलते ही पुलिस, बम स्क्वाड और दमकल विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंच कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

## भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकती: गोयल

**लंदन/मुंबई।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन के मद्देनजर 100 दिन के परिवर्तनकारी एजेंडा पर काम करेगी और देश को विकसित राष्ट्र के लक्ष्य से कोई ताकत नहीं रोक सकती। श्री गोयल ने यह भी कहा कि भारत दुनिया के सबसे अधिक मांग वाले उपभोक्ता बाजार और शीर्ष निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। लोकमत वैश्विक आर्थिक सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार भारत को तेजी से विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अगले 100 दिनों के परिवर्तनकारी एजेंडे पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने देश को तीव्र गति से विकसित बनाने का एक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है।

# ट्रैफिक जाम 12 घंटे तक रहे तो टोल क्यों दें: सुप्रीम कोर्ट

## टोल वसूली पर NHAI की याचिका को लेकर शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें केरल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी।

हाईकोर्ट ने त्रिशूर जिले के पालएक्कारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली को रोक दिया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था, क्योंकि एनएच 544 (एडप्पल्ली- मान्नुथी हाईवे) की हालत खराब थी और यहां लंबे समय से भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि जब लोगों को 12-12 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है, तो उनसे टोल वसूलने का क्या -**शेष पृष्ठ दो पर**

## डेलकर की कथित आत्महत्या से संबंधित याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सात बार के सांसद मोहन डेलकर की 2021 में कथित आत्महत्या के मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने मृतक के बेटे अभिनव मोहन डेलकर द्वारा उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज की।



## प्रशिक्षु सैन्य कैडेटों के सेवामुक्त होने पर बीमा लाभ देने पर विचार करे केंद्र

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों में कमीशन अधिकारी बनने के लिए कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेटों को दिव्यांगता या गंभीर चोट लगने से संबंधित किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए उन्हें बीमा दायरे में लाने की संभावना तलाशने के मामले में स्वत: संज्ञान सुनवाई करते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक अंग्रेजी दैनिक अखबार के एक लेख पर स्वत: संज्ञान कार्यवाही करते हुए केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया।

## पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शिक्षा विभाग की नौकरी में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित मामले में तीन साल से जेल में बंद पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और अन्य दो लोगों को सोमवार को राहत दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा कि सीबीआई की ओर से दर्ज इस मामले में निचली अदालत द्वारा दो माह के भीतर महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। पीठ ने इस मामले में पश्चिम बंगाल के शिक्षा विभाग के अधिकारी सुबीरेश भट्टाचार्य और शांति प्रसाद सिन्हा की भी जमानत मंजूर कर उन्हें राहत दी। शीर्ष अदालत ने राहत देते हुए इस तथ्य पर गौर किया कि चटर्जी लगभग तीन साल से जेल में बंद हैं।


# पुतिन ने मोदी से की फोन पर बात

## रूसी राष्ट्रपति ने ट्रम्प से मुलाकात की जानकारी साझा की, पीएम मोदी ने कहा: यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करता है भारत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान करता रहा है और वह इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है। श्री मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद यह बात कही।

उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को उनके फ़ोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी हालिया मुलाक़ात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बात की है और उन्हें अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया और इस संबंध में सभी प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर भी चर्चा की।



## शुभांशु शुक्ला ने मोदी से की मुलाकात लोकसभा में विशेष चर्चा का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में जाकर इतिहास रचने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार शाम को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने गले लगाकर शुभांशु शुक्ला का हौसला बढ़ाया। साथ ही उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा और उनके अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने पीएम मोदी को अपने प्रयोगों से भी अवगत कराया। सरकार ने सोमवार को लोकसभा में एक विशेष चर्चा का प्रस्ताव रखा है। यह चर्चा शुभांशु की भारत वापसी को चिह्नित करने के लिए आयोजित की जा रही है। लोकसभा में होने वाली चर्चा का विषय है, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत का पहला अंतरिक्ष यात्री-विकसित भारत 2047 के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की भूमिका।

# उप्र में स्कूलों को बंद करने पर विवाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका ठुकराई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र सरकार के 105 सरकारी प्राथमिक स्कूलों को अन्य स्कूलों के साथ जोड़ने के फैसले के खिलाफ 'आप' सांसद संजय सिंह की रिट याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया।

पीठ ने यह कहते हुए याचिका पर विचार करने से मना कर दिया कि यह मामला पहले से ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष लंबित हैं। पीठ नेउच्च न्यायालय को इस मामले का निपटारा शीघ्र करने को कहा। पीठ के समक्ष अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए हाईकोर्ट को इस मामले पर शीघ्र विचार करने के लिए जरूरी निर्देश देने की गुहार लगाई थी।

■ **इलाहाबाद हाईकोर्ट से मामले का शीघ्र निपटारा करने को कहा**

## चुनाव आयोग को लेकर संसद में हंगामा नहीं होना चाहिए: रिजिजू

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की प्रवक्ता नहीं है इसलिए विपक्ष को उसे मुद्दा बनाकर संसद में हंगामा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और कांग्रेस के बीच जो बात है उसका जवाब आयोग ही दे सकता है। आयोग से जो पूछा गया है उसके बारे में आयोग ही बता सकता है।

# सूरत में तिजोरी काटकर 20 करोड़ के हीरे चोरी

**सूरत।** गुजरात के सूरत में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए डायमंड कंपनी की तिजोरी काटकर 20 करोड़ से ज्यादा के हीरे और नकदी चुरा ली। इतना ही नहीं, चोर अपने साथ सीसीटीवी और डीवीआर भी ले गए।

सोमवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी, एसीपी, सिटी क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। तस्करों ने न केवल हीरे और नकदी चुराई, बल्कि चोरी का कोई सबूत न रहे। इसके लिए कारखाने के सभी सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया और डीवीआर भी साथ ले गए। पुलिस कॉम्प्लेक्स और अन्य दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। चोरों ने कापोद्रा के एक कॉम्प्लेक्स में स्थित डीके एंड संस डायमंड कंपनी को निशाना बनाया। 15 अगस्त, जन्माष्टमी और इसके बाद रविवार के चलते कॉम्प्लेक्स और मार्केट तीन दिनों से बंद था। चोरी की वारदात इसी दौरान हुई। मामले की जांच कर रहे डीसीपी आलोक कुमार ने बताया कि 15 अगस्त की शाम को मालिक देवेंद्र चौधरी कंपनी बंद करके चले गए थे और फिर सोमवार सुबह कंपनी पहुंचे, तो पता चला कि करोड़ों की चोरी हो गई है। चोरों ने गैस कटर की मदद से तिजोरी काटी।

■ **चोर सीसीटीवी-डीवीआर भी ले गए**
■ **डीसीपी-एफएसएल की टीम जांच में जुटी**

## सेना की जमीन पर अतिक्रमण मामले में हाईकोर्ट सख्त सर्वे का आदेश

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने राजधानी में सेना के अर्जुनगंज फायरिंग रेंज की जमीनों पर बाहरी लोगों द्वारा अतिक्रमण करके अवैध रूप से कब्जा किए जाने के मामले का सख्त संज्ञान लिया है। कोर्ट ने मामले में एलडीए व आवास विकास परिषद को इलाके में कथित अतिक्रमण का सर्वे करने करने का आदेश दिया है।

# राधाकृष्णन को निर्विरोध उपराष्ट्रपति बनाने में जुटे राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशी के रूप में घोषणा होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वसम्मति बनाने के लिए तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में श्री सिंह रविवार रात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को फोन कर राजग प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन के लिए समर्थन भी मांगा।

उल्लेखनीय है राजग की तरफ से उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जिम्मेदारी दी गई है वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को इसका एजेंट नियुक्त किया गया है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुई भारतीय जनता पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक में राजग उम्मीदवार के रूप में श्री राधाकृष्णन के नाम की घोषणा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। श्री राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं और राज्यपाल के रूप में उनके पास लंबा प्रशासनिक अनुभव है। जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद से यह पद खाली है। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितम्बर को होगा और उसी दिन मतगणना होगी। उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है जबकि उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।



■ **रक्षा मंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को फोन कर राजग प्रत्याशी के लिए समर्थन भी मांगा**

## राधाकृष्णन ने की मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। श्री राधाकृष्णन सोमवार को ही, मुंबई से यहां पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास जाकर श्री मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी ने उन्हें राजग का उप राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनके लंबे अनुभव से देश लाभान्वित होगा। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात के बाद एक्स पर लिखा कि सीपी राधाकृष्णन जी से मुलाकात की। उनके राजग का उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# चीनी विदेश मंत्री वांग की सीमा विवाद पर जयशंकर से हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई भारत पहुंच गए हैं। दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट पर चीनी विदेश मंत्री का स्वागत किया गया। चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की।

दोनों नेताओं ने सीमा विवाद, द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चर्चा की। वांग यहां पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मुलाकात करेंगे। चीनी विदेश मंत्री वांग ई के साथ बैठक में विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों व अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई प्रमुख प्राथमिकता है। मैं हमारे विचारों के आदान-प्रदान की प्रतीक्षा कर रहा हूं। कुल मिलाकर उम्मीद है कि हमारी चर्चा भारत-चीन के बीच एक स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंध बनाने में योगदान देगी, जो हमारे हितों की पूर्ति करेगा।

■ **चीनी विदेश मंत्री पीएम मोदी व एनएसए डोभाल से करेंगे मुलाकात**

## संक्षिप्त समाचार

### पिता ने दो बेटियों को नदी में फेंका, खुद भी लगाई छलांग

**जालौन।** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के रामपुरा क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने सोमवार को अपनी दो मासूम बच्चियों को यमुना नदी में फेंक दिया और खुद भी छलांग लगा दी। क्षेत्राधिकारी माधवगढ़ अंबुज सिंह ने बताया कि मधेपुरा गांव निवासी रज्जन निषाद (28) शराब का आदी था और अक्सर पत्नी से झगड़ा करता रहता था। सोमवार को विवाद के बाद वह अपनी बेटियों सुनैना (6), अला (4) और छोटी (2) को लेकर जुहीका पुल पहुंचा। वहां पहुंचकर उसने पहले अला और छोटी को तेज धार में फेंक दिया। यह देखकर बड़ी बेटी सुनैना घबरा गई और पुल से भागकर जोर-जोर से रोने लगी। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्ची से पूरी घटना की जानकारी ली। इसी बीच लोगों को आता देख रज्जन ने भी नदी में छलांग लगा दी।

### कांग्रेस ने किया मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास का घेराव

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के आवास का घेराव किया और नारेबाजी की। आगरा की विजय नगर कॉलोनी में मुख्य चुनाव आयुक्त का आवास है, जहां आज सुबह कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लेकर पहुंच गए। तख्तियों पर आपत्ति. जनक नारे लिखे हुए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास की तरफ बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रो. कने की कोशिश की। पुलिस और कांग्रेसियों के बीच तीखी झड़प भी हुई। इस बीच कांग्रेस समर्थक मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास के बाहर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे।

# फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी पूजा पाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा से निष्कासित विधायक ने कहा: समर्थकों की राय पर ही उठाएंगी अगला कदम

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित चायल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पूजा पाल ने कहा है कि वह फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी और अपने समुदाय के लोगों से चर्चा के बाद अगला राजनीतिक कदम उठाएंगी। उन्होंने हाल ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

पाल ने कहा कि वह अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी हैं, मुलायम सिंह यादव की नहीं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने समाजवादी पार्टी के लिए दरवाज़ा बंद कर दिया है, तो पाल ने कहा कि उन्होंने खुद ही दरवाज़ा बंद कर लिया है और यह अच्छी बात है। अगर मैं किसी पार्टी में शामिल होती हूं, तो वह 'विचारधारा' के आधार पर होगी और आपका विचार स्पष्ट होना चाहिए। विधायक ने कहा कि जब 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी, तब पार्टी ने माफियाओं को दूर रखा था। पाल ने कहा कि मैं मुलायम सिंह यादव की समा. जवादी पार्टी से नहीं जुड़ी थी। मैं अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी थी, क्योंकि उन्होंने माफियाओं को दूर रखा था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं, जिनकी 2023 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपने अगले राजनी. तिक कदम के बारे में, तीन बार विधायक रहीं पाल ने कहा कि वह कोई भी फैसला लेने से पहले पाल समुदाय के सदस्यों से बात करेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में शामिल होने की योजना बना रही हैं, तो उन्होंने साफतौर पर कहा कि अभी नहीं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कार्यालय और पाल, दोनों ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। योगी आदित्यनाथ कार्यालय ने हिंदी में एक पोस्ट में कहा कि कौशाम्बी जिले के चायल विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक पूजा पाल ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

# राष्ट्रपति ने शाहनवाज को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ/ मुजफ्फरनगर।** 15 अगस्त 2025 को भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सहायक रेडियो अधिकारी (उत्तर प्रदेश) शाहनावाज हुसैन को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा है यह पदक उन्हें मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक डॉ. विपिन टांडा द्वारा दिया गया है। बताया जाता है शाहनावाज हुसैन पिछले 9 माह पूर्व अलीगढ़ से सेवानिर्वत हुए थे, जबकि उन्हें 2021 में उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया था, जबकि 2022 में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा अति उत्तकृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया था और 2025 में रिटायर होने के बाद भारत की राष्ट्रपति द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया। शाहनावाज हुसैन बुलंदशहर, अमरोहा, सहारनपुर, मुरादाबाद, एटा व अलीगढ़ में अपनी सेवाएं पुलिस विभाग में दे चुके है। उनके शुभचिंतकों ने उन्हें मुबारकबाद दी है।

# भाजपा के इशारे पर काम करता है चुनाव आयोगः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करता है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई, तब से चुनाव में शिकायत पर उत्तर प्रदेश में कोई अधिकारी नहीं हटाया गया है।

समाजवादी सरकार की सरकार के समय चुनाव के समय कई अधिकारी हटा दिए गए थे। इसका मतलब है कि चुनाव आयोग भाजपा का कहना ज्यादा मानता है। हम चुनाव आयोग से शिकायत करते है, तो कोई कार्रवाई नहीं होती है। लगता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम करता है। यादव ने कहा कि भाजपा की छिबरामऊ से विधायक ने अपने बूथ पर 400 फर्जी वोट बनवाए थे। चुनाव आयोग को देखना चाहिए कि भाजपा के लोग अपने बूथों पर ज्यादा वोट क्यों बनवाते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने आम चुनाव से लेकर उपचुनाव तक कई अधिकारियों की शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 2017 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कितने अधिकारी ट्रांसफर हुए थे, वहीं लोकसभा चुनाव 2019, विधानसभा चुनाव 2022 और लोकसभा चुनाव 2024 में शिकायत पर एक भी अधिकारी का ट्रांसफर नहीं हुए। 2014 लोकसभा चुनाव में तथा 2017 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा चुनाव में जिस अधिकारी की शिकायत कर देती थी, उसका ट्रांसफर हो जाता था। भाजपा की सरकार के दौरान चुनाव में विपक्ष शिकायत करता रहा लेकिन अधिकारियों को नहीं हटाया गया। इस सबके लिखित दस्तावेज हैं।

# नकली खाद-बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी

नई दिल्ली, वार्ता



■ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने दिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नकली खाद-बीज और कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चौहान यहां कृषि विभाग और भारतीय कृषि अनुंसधान संस्थान (आईसीएआर) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि अगर खराब दवाई के कारण किसानों की फसलें खराब होती हैं, तो इसे पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों किसान नकली दवा और कीटनाशक के कारण बहुत परेशान हैं। चौहान ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह स्वयं किसानों के खेत पर जाकर देख चुके हैं कि खराब दवाई के चलते फसल चौपट हो गई। वास्तव में नकली खाद, बीज और कीटनाशक किसानों के लिए अभिशाप हैं। इसलिए अधिकारियों को चाहिए कि वे खेतों में खुद जाकर जांच करें। कृषि अधिकारियों को व्यापक पैमाने पर आकस्मिक छापेमारी का अभियान चला कर कार्रवाई करनी चाहिए।

## आरोपों का जवाब देने बजाय राहुल गांधी के सवालों को नकारा

# जिम्मेदारियों से भाग रहा चुनाव आयोगः कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



सांसदों की आयोग की गतिविधियों पर नजर, उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया सकता है: गौरव गोगोई

कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिक. ार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गतिविधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सोमवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में इंडिया गठबंधन के नेताओं के संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग सवालों का जवाब देने की बजाय जिम्मेदारियों से भाग रहा है, लेकिन सांसद उसकी गति. विधियों पर नजर रखेंगे और समय आने पर जरूरी करवाई को लेकर कदम भी उठाए जाएंगे। आयोग गांधी तथा अन्य राजनी. तिक दलो के नेताओं के सवालों के जवाब नहीं दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है। आयोग जिम्मेदारियां से भाग रहा है और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है। चुनाव आयोग ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी को नकारा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोग को अपनी कमियों को बताना चाहिए था और विपक्षी सवालों का जवाब देना चाहिए, लेकिन उसने इसके विपरीत रानीतिक दलों पर ही सवाल उठाया और एक तरह से सवाल उठाने वाले दलों पर पर आक्रमण किया। सवाल था कि बिहार में हड़बड़ी में मतदाता सूची पुनरीक्षण क्यो हो रहा है, महाराष्ट्र में मतदाता कैसे बढ़े, आधार की प्रमाणिकता के खिलाफ क्यों है आयोग, इन सवालों का जवाब नहीं दिया गया है। चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता से स्पष्ट है की आयोग में ऐसे अधिकारी काम कर रहे हैं, जो निष्पक्ष नहीं है। ऐसे अधिकारी किसी भी तरह की शिकायत पर जांच के खिलाफ है।

### वोटर अधिकार यात्रा पर भाजपा का तीखा हमला

**नई दिल्ली।** भाजपा के मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संबित पात्रा ने कहा कि जब से माननीय मोदी जी की सरकार बनी है, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के प्रेस के मुद्दे वही होते हैं और अब हम भी थक जाते हैं, उन्हीं प्रश्नों के जवाब देते-देते। जनता को लगता होगा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के लोगों की हताशा की सीमा इस कदर बढ़ गई है कि हमेशा चोर-चोर करते रहते हैं। संबित पात्रा ने आगे कहा कि राफेल के समय पर चौकीदार-चोर, अब वोट की चोरी, ए स्वाभाविक है, जिसके स्वभाव में जो होता है, उन शब्दों का प्रयोग वो बार-बार करता है। अब देखिए दो लड़के, यूपी में दो लड़के थे यहां भी दो लड़के हैं। दो लड़के ए जेल यात्रा, बेल यात्रा सबकुछ करने के बाद अब कौन सी यात्रा कर रहे हैं पता नहीं चोरी की यात्रा, कुछ नहीं होने वाला है। जनता जनार्दन है, सब कुछ जानती है।



सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24938.20



सोना रु. 101406
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114050
प्रति किलो



# जीएसटी सुधारों की घोषणा से उछला शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में अगले चरण के बड़े सुधारों की घोषणा के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 808. 13 अंक की तेजी के साथ 80,597.66 अंक पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 306.90 अंक की बढ़त में 24,938.20 अंक पर खुला। पहले आधे घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स 1,168 अंक चढ़ता हुआ 81,765.77 अंक पर पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 1,083.89 अंक यानी 1.34 प्रतिशत ऊपर 81,681.55 अंक पर था। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 80,597.66 अंक पर बंद हुआ था।

निफ्टी-50 भी 25 हजार अंक के स्तर को पार करता हुआ 391 अंक की मजबूती के साथ 25,022 अंक तक पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 373.85 अंक यानी 1.52 प्रतिशत ऊपर 25,005.15 अंक पर था। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 24,631.30 अंक पर बंद हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधारों की घोषणा की थी। इसमें ढांचागत सुधारों के अलावा जीएसटी में स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो करने और आम लोगों के इस्तेमाल की चीजों पर कर कम करके उन्हें राहत देने की बात कही गयी है। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा को मजबूती मिली है। ऑटो सेक्टरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी और बैंकिंग शेयरों में उछाल रहा। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी के शेयर सबसे ज्यादा 7.5 फीसदी की बढ़त में थे।

# सोना-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 18 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 400 रुपए गिरकर 99,623 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,00,023 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत आज 883 रुपए कम होकर 1,14,050 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,933 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत- दिल्ली- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,013,30 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900। मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत घ1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। भोपालरू 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,230 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800 सोना इस साल अब तक 23,461 महंगा हुआ इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,461 रुपए बढ़कर 99,623 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 28,233 रुपए बढ़कर 1,14,050 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालें, चीनी मजबूत



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमतों में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी देखी गयी। चीनी और दालों के दाम भी बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव का रुख देखने को मिला। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 49 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,560 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.95 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 92 रुपए प्रति क्विंटल बढ़कर 3,835.08 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। वहीं, गेहूं नौ रुपए गिरकर 2,839.71 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। आटा भी 11 रुपए सस्ता हुआ और 3,290.85 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन 258 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल 32 रुपए और वनस्पति 114 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल करीब 30 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल में 18 रुपए की गिरावट देखी गई। सोया तेल भी 85 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत करीब 108 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 111 रुपए और तुअर दाल 232 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल में 86 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। मूंग दाल भी 117 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 115 रुपए प्रति क्विंटल चढ़े।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुख्य चुनाव...** महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने भी इस मुद्दे पर बात की और कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव सहित सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। हालांकि, अभी तक इस पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। हुसैन ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी, तो हम नियमों के तहत लोकतंत्र की सभी शक्तियों का इस्तेमाल करेंगे। अभी तक हमने महाभियोग के बारे में कोई चर्चा नहीं की है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हम कुछ भी कर सकते हैं। विपक्ष संसद के दोनों सदनों में एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। वे दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। 21 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर संसद में बहुत कम कामक. ाज हुआ है। ज्यादातर एसआईआर मुद्दे पर ही सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित हुई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग उनसे हलफनामा मांग रहा है, लेकिन भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर से नहीं, जब वे वही आरोप लगाते हैं।

**ट्रैफिक जाम...** औचित्य है। जस्टिस चंद्रन ने हाल ही की घटना का जिक्र किया, जहां एक ट्रक गड्ढे में फंसकर पलट गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एनएचएआई की ओर से दलील दी कि जिन जगहों पर अंडरपास का काम चल रहा है, वहां वैकल्पिक रास्ते यानी सर्विस रोड बनाए गए हैं। लेकिन बारिश की वजह से काम प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि टोल को पूरी तरह रोकना अनुचित है, कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए। हालांकि, बेंच ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 65 किलोमीटर का सफर, जिसके लिए 150 रुपये टोल लिया जाता है, अगर 12 घंटे में तय हो रहा है तो यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। गुरुवायूर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, जो यहां टोल वसूल रही है, ने भी हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी। कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील श्याम दिवान ने कहा कि उनके जिम्मे जो 60 किलोमीटर का हिस्सा है, उसकी देखभाल ठीक से की जा रही है। असली समस्या उन जगहों पर है जहां एनएचएआई ने काम किसी तीसरी कंपनी (पीएसजी इंजीनियरिंग) को सौंपा है। अप्रैल 2024 से ये कंपनी काम देख रही है। दीवान ने दावा किया कि टोल वसूली बंद होने से उन्हें पहले ही 5-6 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को चार हफ्तों के लिए टोल वसूली रोक दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब सड़कें खराब हों और ट्रैफिक सुचारू न हो, तो जनता से टोल वसूला नहीं जा सकता। यह जनता और एनएचएआई के बीच भरोसे का रिश्ता है, जिसे तोड़ा नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि मानसून की वजह से मुश्किलें बढ़ी हैं। फिलहाल कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है और जल्द ही यह तय करेगा कि पालएक्कारा टोल प्लाजा पर वसूली दोबारा शुरू होगी या नहीं।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# उप्र पुलिस दरोगा भर्ती में बदले नियम

## महिला अभ्यर्थियों को देना होगा पिता पक्ष का जाति प्रमाण-पत्र

### आयु सीमा में तीन वर्ष की विशेष छूट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनि. रीक्षक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया इस बार कई नये नियमों और सख्तियों के साथ शुरू हुई है। कुल चार हजार पांच सौ तैंतालीस पदों के लिए यह भर्ती निकाली गई है,

जिसमें चार हजार दो सौ बयालीस पद नागरिक पुलिस उपनिरीक्षक के, एक सौ पैंतीस पद प्लाटून कमाण्डर पीएसी के, साठ पद अग्निशमन प्लाटून कमाण्डर के और एक सौ छह पद महिला प्लाटून कमाण्डर महिला पीएसी बटालियन के लिए आरक्षित हैं। आवे. दन की प्रक्रिया बारह अगस्त से शुरू होकर ग्यारह सितम्बर तक चलेगी, जबकि शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि तेरह सितम्बर तय की गई है। इसके लिए पंजीकरण की



अनिवार्यता पहले से ही एकमुश्त पंजीकरण प्रणाली में कर दी गई है और लाखों अभ्यर्थी अब तक इसमें सम्मिलित हो चुके हैं। इस बार की भर्ती में सबसे बड़ा बदलाव ऊपरी आयु सीमा को लेकर किया गया है। सामान्यत: उपनिरीक्षक भर्ती में न्यूनतम इक्कीस और अधिकतम अट्ठाईस वर्ष की आयु सीमा होती है, किन्तु इस बार सभी वर्गों को एक बार की विशेष राहत स्वरूप तीन वर्ष की छूट प्रदान की गई है। इसके अलावा शैक्षिक योग्यता के रूप में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री आवश्यक रखी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास स्नातक की डिग्री का अंतिम प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है तो वह अस्थायी प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकता है, किन्तु चयन की स्थिति में दस्तावेज सत्यापन के समय मूल डिग्री दिखाना अनिवार्य होगा। दस्तावेज़ों की सूची में भी इस बार कई स्पष्टताएं की गई हैं। दसवीं और बारहवीं की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र दोनों अपलोड करना जरूरी है। यदि अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र अलग.अलग हैं तो दोनों लगाना अनिवार्य है, और यदि दोनों का विवरण एक ही दस्तावेज़ में उपलब्ध है तो वही दोनों खानों में स्वीकार किया जाएगा। इसी तरह स्नातक की अंकतालिका, प्रमाण पत्र या अस्थायी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। महिला अभ्यर्थियों के लिए विशेष निर्देश यह है कि जाति प्रमाण पत्र केवल पिता के नाम का ही मान्य होगा, पति के नाम का प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा। सभी अभ्यर्थियों को निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, हाल ही का जाति प्रमाण पत्र जो वर्ष दो हजार चौबीसख्रपच्चीस का हो, और पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटोग्राफ लगाना अनिवार्य किया गया है। चयन प्रक्रिया को सात चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा। सबसे पहले अभ्यर्थियों को एकमुश्त पंजीकरण के बाद लिखित परीक्षा देनी होगी। इसके उपरान्त दस्तावेज़ सत्यापन, शारीरिक मानक परीक्षण, शारीरिक दक्षता परीक्षण और चिकित्सा जांच होगी। अंतत: आधार आधारित ई.केवाईसी, फिंगर प्रिन्ट और लाइव फोटो सहित बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा। भर्ती बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि यदि कोई अभ्यर्थी प्रदर्शन वर्धक दवाओं का प्रयोग करता पाया जाता है तो उस पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# आरक्षण वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थी फिर उतरे सड़क पर मंत्री आवास घेरा

### पुलिस ने बसों में भरकर भेजा इको गार्डन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उनहत्तर हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण वर्ग के उन्नीस हजार शिक्षकों की नियुक्ति का मामला पांच साल से लटका हुआ है।

इन शिक्षक अभ्यर्थियों ने कई बार आंदोलन किया, अदालत की शरण में गए और तेरह अगस्त दो हजार चौबीस को इलाहाबाद हाई कोर्ट की डबल बेंच से भी आदेश अपने पक्ष में प्राप्त किए, जिसमें साफ कहा गया कि उन्हें न्याय दिलाया जाए। इसके बावजूद सरकार टालमटोल करती रही और अब मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। उधर, उन्नीस अगस्त को सुनवाई तय है लेकिन शिक्षक प्रति. निधियों का आरोप है कि सरकार का कोई वकील न तो उनके पक्ष में जाता है और न ही सुनवाई के समय उपस्थित होता है। इसी नाराज़गी को लेकर सोमवार खो इन उन्नीस हजार शिक्षकों के प्रतिनिधि राजधानी में जुटे और सुबह से ही शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव किया। शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि उन्हें शीघ्र न्याय नहीं मिला तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

इस दौरान धक्का.मुक्की की स्थिति भी बनी। पुलिस बल तैनात किया गया और बाद में प्रदर्शनकारियों को जबरन बसों में भरकर इको गार्डन ले जाकर छोड़ दिया गया। आरक्षण वर्ग के शिक्षक प्रतिनिधियों में धनंजय गुप्ता, अमरेंद्र पटेल और आरक्षित संयुक्त वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कश्यप मौजूद रहे। इन नेताओं ने कहा कि सरकार जान.बूझकर उनके साथ खिलवाड़ कर रही है और अदालत के आदेश का भी पालन नहीं कर रही है। उनका आरा. ेप था कि लगातार आश्वासन के बावजूद न्याय से वंचित रखा गया है। इन शिक्षक अभ्यर्थियों का संघर्ष कोई नया नहीं है। बीते पांच वर्षों में उन्होंने लखनऊ सहित कई स्थानों पर धरना.प्रदर्शन किए। बार-बार शासन से आश्वासन मिला लेकिन अमल नहीं हुआ। तेरह अगस्त दो हजार चौबीस को हाई कोर्ट की डबल बेंच का फैसला आने के बाद उन्हें उम्मीद जगी थी कि नियुक्ति का रास्ता साफ होगा, मगर मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचाकर सरकार ने आदेश को लागू करने से परहेज किया। मामले को सुप्रीमकोर्ट में अनावश्यक लटकाकर रखे हुए है।

# अंकुर सक्सेना रालोद के प्रदेश महासचिव मनोनीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता अंकुर सक्सेना को पार्टी का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है।

यह मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निर्देश पर तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने किया। अंकुर सक्सेना लंबे समय से राष्ट्रीय लोक दल से जुड़े रहे हैं और संगठनात्मक स्तर पर पार्टी को मजबूत करने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। किसान आंदोलनों तथा युवाओं के मुद्दों को लेकर उनकी लगातार सक्रियता और लो.




कप्रियता के कारण ही पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। अंकुर सक्सेना के मनोनयन पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# आजम खान से पुत्र और पत्नी ने की मुलाकात

**शाह टाइमस ब्यूरो**

**सीतापुर।** सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान से उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अदीब आजम ने सीतापुर जेल में मुलाकात की। यह मुलाकात करीब सवा घंटे चली। पत्नी पुत्र व एक अन्य महिला ने सुबह ही मुलाकात के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। इसके बाद वह लाइन में लगकर जेल में प्रवेश हो गए। उनके साथ फल की तीन टोकरी और कपड़े थे। अन्य मुलाकातियों के साथ लाइन में लगकर जेल में प्रवेश किया। करीब सवा घंटे बाद मुलाकात करने के बाद सभी बाहर आए। इस दौरान अदीब ने कहा कि जेल चाहे सोने की हो या हीरे की, आखिरकार जेल ही होती है।

# जिले की सभी तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सोमवार को जिले के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी प्रणता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में मिश्रिख तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

उन्होंने समाधान दिवस में आये हुये शिकायकर्ताओं की शिकायत को सुना एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त औचक निरीक्षण हेतु मुख्य विकास अधिक. ारी/प्रभारी जिलाधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, ग्राम पंचायत बर्मी पहुंचीं, जहां पर अस्थाई गौशाला, अमृत सरोवर, अमृत वाटिका एवं



प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त, खण्ड विकास अधिकारी सुनील कुमार कौशल, ग्राम पंचायत, सचिव प्रधान और पशु पालन विभाग से कार्मिक उपस्थित रहे। गौशाला में निरीक्षण के दौरान पशुओं की टैगिंग शतप्रतिशत करने एवं सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर की तारीफ की तथा अमृत सरोवर पर आने वाले विजीटर्स द्वारा फैलाई जा रहे गंदगी को रोके जाने हेतु स्थान. स्थान पर डस्टबिन रखने, स्वच्छता जागरुकता वाले वॉल राइटिंग कराने एवं आवश्यकता पड़ने पर फाइन लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

साथ ही अमृत सरोवर में ओपन जिम की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिक. ारी द्वारा विद्यालय में निरीक्षण के दौरान न केवल अवसंरचनात्मक सुविधाओं की व्यवस्था देखी गई, अपितु साथ ही बच्चों से उनके पठन.पाठन की व्यवस्था का अनुश्रवण भी किया। खुद ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को गणित, अंग्रेजी और हिंदी के सवाल देकर उनके शिक्षा स्तर की जांच भी किया गया। सही जवाब देने वाले बच्चों को फल देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों को दिए जा रहे।

# लाखों के माल के साथ चार शातिर अपराधी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सकरन थाना और लहरपुर कोतवाली की पुलिस टीमों ने मुखबिर की सूचना पर संयुक्त रूप से सकरन थाना क्षेत्र के अचाकापुर मोड मतुआ में छापेमारी की।

यहां पर पुलिस ने लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अंबर सराय निवासी अमीश कुमार पुत्र रामजीवन, लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टांडा सालार निवासी शिवम जायसवाल पुत्र राकेश जयसवाल, लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जाम सकरा बेनी सराय निवासी बड़ा प्रांशु उर्फ प्रियांशु वर्मा पुत्र अमर सिंह, हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम उदनापुर कला निवासी संदीप वर्मा उर्फ सचिन पुत्र उमेश वर्मा को गिरफ्तार



किया। इस संबंध में एसपी आलोक कुमार ने बताया कि चारों शातिर अपराधी हैं। इन्होने 29 जून को थाना हरगांव अंतर्गत रामनगर के निकट नहर के पास एक सुनार से लूट की घटना को अंजाम दिया था। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर मे 12 जुलाई चोरी की थी। लखीमपुर खीरी अंतर्गत लघुचा के पास गौरिया भीलम गांव के मोड के पास से 4 अगस्त को हुई चोरी की थी। 6 अगस्त को सकरन अंतर्गत चकले बाबा मंदिर के पास एक सुनार को तमंचा दिखाकर लूट की थी। लूट की घटना को इन चारों ने अपने तीन अन्य साथियों लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अंबर सराय निवासी आशीष पासी पुत्र प्रवीन कुमार, लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टांडा सालार निवासी मोहित श्रीवास्तव पुत्र दिलीप श्रीवास्तव व लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी प्रियांशु उर्फ प्रांशु त्रिवेदी के साथ मिलकर अंजाम दिया था। 11 जुलाई को लहरपुर क्षेत्र के महमूदपुर गांव में चोरी की थी। जून के अंतिम सप्ताह में थाना हरगांव अंतर्गत रामनगर के निकट नहर के पास एक सुनार से शिवम तथा बडा प्रांशू उर्फ प्रियान्शू वर्मा, सचिन उर्फ संदीप व आशीष पासी के साथ मिलकर लूट की थी। इसके अलावा चारो ने साथी आशीष पासी व मोहित श्रीवास्तव के साथ मिलकर 4 अगस्त को जनपद लखीमपुर में लघुचा के आगे एक सुंदर को लूटने का प्रयास किया था। एएसपी आलोक कुमार ने बताया कि इनके कब्जे से कुल 10 हजार रुपये, 5 अंगूठी, 2 जोड़ी झुमकी, 4 जोड़ी झाला, तीन लॉकेट, एक जोड़ी बाली, एक जोड़ी टप्स, 20 जोड़ी पायल, 2 जोड़ी हाथफूल, तीन कमर बिछुआ, 347 बिछुआ बरामद किया है। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त 2 बाइकें, एक अवैध तमंचा बरामद किया है।

# सरकार के प्रयासों से देश-विदेश में खुल रहे रोजगार के अवसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में नई संभावनाएं खोली हैं।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग की योजनाओं के जरिए न केवल स्थानीय स्तर पर नौकरियां मिल रही हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अवसर सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन ने युवाओं को जापान, जर्मनी, क्रोएशिया और संयुक्त अरब अमीरात तक पहुंचाया है, जहां नर्सों, केयर गिवर्स, ड्राइवरों और निर्माण श्रमिकों की भारी मांग है। इन देशों में चयनित श्रमिकों को लगभग डेढ़ लाख रुपये तक वेतन मिलने की संभावना है। प्रदेश सरकार की विज्ञप्ति के दावे के मुताबिक रोजगार मेलों को भी बड़ी सफलता का जरिया बनाया है। एक अप्रैल दो हजार सत्रह से तीस अप्रैल दो हजार पच्चीस तक आयोजित दस हजार आठ सौ तीस मेलों से तेरह लाख चौंसठ हजार से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी मिली है। इसी मिशन के तहत अब तक पांच हजार नौ सौ अठहत्तर श्रमिकों को इजराइल भेजा जा चुका है और तेरह सौ से अधिक श्रमिकों को भेजने की प्रक्रिया प्रगति पर है। इससे प्रदेश को अनुमानत: एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का रेमिटेन्स प्राप्त होने की संभावना है। सरकार का कहना है कि रोजगार के साथ मार्गदर्शन पर भी जोर दिया गया है। सेवायोजन विभाग द्वारा अब तक चौबीस हजार से अधिक काउंसलिंग सत्र आयोजित किए गए, जिनसे छब्बीस लाख से अधिक युवाओं को दिशा मिली। ग्रामीण युवाओं को विशेष रूप से इसका लाभ हुआ है।

# नेरी कला शाखा ने दी फील्ड ऑफिसर प्रगति गुप्ता को भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की नेरी कला शाखा में फील्ड ऑफिसर के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद स्थानांतरण पर जा रहीं प्रगति गुप्ता को सोमवार को विदाई दी गई। इस मौके पर शाखा प्रबंधन, कर्मचारियों और खाताधारकों ने उनके योगदान की सराहना की।

शाखा प्रबंधक आकांक्षा सिंह ने कहा कि प्रगति गुप्ता के साथ बिताया गया कार्यकाल हमेशा यादगार रहेगा। उनके सहयोग से कार्य वातावरण परिवार जैसा बना, जिससे बड़ी से बड़ी कठिनाई भी सरल हो गई। कैशियर प्रदीप कुमार ने कहा कि एक अनुभवी अधिकारी के मार्गदर्शन से कार्य को आसान बनाया जा सका।

विदाई अवसर पर फील्ड ऑफिसर प्रगति गुप्ता ने भावुक होते हुए कहा कि नेरी कला में बिताए गए तीन वर्ष हमेशा याद रहेंगे। यहां सभी कर्मचारियों और खाताधारकों ने परिवार जैसा सहयोग दिया। उन्होंने शाखा प्रबंधकों और सहयोगियों से मिली सीख को अपने जीवन की पूंजी बताया। इस मौके पर शाखा के सभी कर्मचारी, क्षेत्रीय खाताधारक और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कविता पाठ सुनकर दर्शकों ने बजाई तालियां

**सीतापुर।** ग्राम रामाभारी बिसवां स्थित एक विद्यालय परिसर में रविवार को भव्य कवयित्री सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त गिरीश चंद्र मिश्र ने कहा कि कविता समाज को दिशा और प्रेरणा देने का कार्य करती है। सम्मेलन की अध्यक्षता लखनऊ की वरिष्ठ कवयित्री छाया त्यागी ने की। जबकि विधायक निर्मल वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर कवयित्री सोनी मिश्रा का नागरिक अभिनंदन किया गया तथा भजन गायक पम्मू परदेशी को स्व. बिहारी लाल मौर्य स्मृति सम्मान प्रदान किया गया।

# सरकारी राशन की बोरियों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

### नवाबगंज पुलिस की कार्रवाई, 36 बोरी खाद्यान्न जब्त, जांच में जुटा पूर्ति विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत सोमवार को पुलिस ने सरकारी खाद्यान्न की अवैध ढुलाई करते हुए एक ट्रैक्टर.ट्रॉली को पकड़ लिया। ट्रॉली से कुल 36 बोरी अनाज बरामद हुआ, जिसमें 28 बोरी चावल और 08 बोरी गेहूं शामिल है। चौकी प्रभारी शिव कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीणों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि सरकारी राशन की कालाबाजारी हो रही है।

सोमवार को मुखबिर की सूचना पर कोल्हमपुर बाजार से जा रही ट्रैक्टर.ट्रॉली को पकड़ लिया गया। जांच में पता चला कि यह ट्रॉली नरायनपुर गांव के



कोटेदार हनुमान गौड़ की है। मामले की जानकारी एसडीएम तरबगंज विश्वामित्र सिंह को दी गई और खाद्यान्न पूर्ति निरीक्षक महेश कुमार के सुपुर्द कर दिया गया। पूर्ति निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि कोटेदार का स्टॉक शून्य है और नई उठान भी नहीं हुई है, ऐसे में अनाज कहां से आया, इसकी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि बीते वर्ष भी इसी कोटेदार का नाम अवैध खाद्यान्न ढुलाई में सामने आया था, लेकिन कार्रवाई ठंडी पड़ गई थी।

# मैजिक ने बाइक सवार दंपति को रौंदा तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** नवाबगंज कस्बे में सोमवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। थाना चौराहे के पास सचदेवा स्कूल मोड़ पर एक अनियंत्रित मैजिक वाहन ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार दंपत्ति और उनके बेटे को रौंद दिया। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें बेटे की हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, मंहगूपुर गांव निवासी राजू अपनी पत्नी बचौना देवी और बेटे शिवा के साथ नवाबगंज बाजार से लौट रहे थे। शिवा बाइक चला रहा था और रास्ते में डिग्गी से सामान निकालने के लिए बाइक रोक दी थी। तभी अचानक तेज रफ्तार मैजिक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और भाग निकला। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को अयोध्या के श्रीराम अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों के मुताबिक, शिवा (20) की हालत नाजुक है। हादसे में बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जाता है कि चार दिन पहले ही पिता राजू ने बेटे के लिए नई बाइक खरीदी थी। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी है।

# उत्तर प्रदेश विधानसभा का द्वितीय सत्र रहा ऐतिहासिक: महाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अठारहवीं विधानसभा का वर्ष दो हजार पच्चीस का द्वितीय सत्र अपने रचनात्मक विमर्श और अनुशासित कार्यवाही के कारण स्मरणीय बन गया। हविकसित भारत ख्र विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत ख्र आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेशह्न विषय पर लगातार दो दिनों तक हुई सतत चर्चा ने लोकतांत्रिक परंपरा को नई मजबूती दी।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि इस चर्चा में कुल एक सौ तिरानबे सदस्यों ने भाग लिया। इनमें भारतीय जनता पार्टी के एक सौ पांच, समाजवादी पार्टी के पैंसठ, अपना दल के सात, कांग्रेस के दो, बहुजन समाज पार्टी का एक, राष्ट्रीय लोक दल के दो, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के दो, जनसत्ता दल के दो, निषाद दल के चार और तीन असंब) सदस्य शामिल रहे। कुल मिलाकर सत्तापक्ष के एक सौ बीस, विपक्ष के सत्तर और असंबद्ध तीन सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। मंत्रिपरिषद के इकत्तीस सदस्य और चौबीस महिला सदस्यकृ जिनमें अठारह सत्तापक्ष से और छह विपक्ष से थींख्र ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उतना प्राय: लंबे सत्रों में भी संभव नहीं हो पाता। कुल बत्तीस घंटे अठाईस मिनट चली कार्यवाही में केवल तैंतालीस मिनट सदन स्थगित रहा, जबकि इकतीस घंटे पैंतालीस मिनट का समय स्थगन रहित रहा। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत बताया। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार सदन में सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सभी सूचनाएं ग्रहण की गईं और नई नियमावली के तहत संबंधित विभागों से उत्तर प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। इससे विभाग अधिक उत्तरदायी और सक्रिय हुए हैं। उन्होंने कहा कि मार्च दो हजार बाईस में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद से हर सत्र में परंपरा, संचालन और प्रक्रिया के स्तर पर नवीनता लाने का प्रयास किया गया है।

# नेरी ग्राम प्रधान के खिलाफ सौपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** पिसावां ब्लाक की ग्राम पंचायत नेरी के ग्रामीणों ने ब्लॉक पहुंचकर नारेबाजी की। प्रधान के खिलाफ सहायक विकास अधिक. ारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि नेरी के प्रधान नूर हसन गांव की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नेरी गांव से खेत खलिहान जाने वाले दो चक मार्ग कई सालों से बदहाल पड़े है । कीचड़ भरा रहता है । बारिश से चक मार्ग कट गए हैं। ग्रामीणों ने कई बार प्रधान नूर हसन से चक मार्ग सही कराने का अनुरोध किया, परंतु हर बार की तरह नूर हसन हिलावाली करते रहे।मजबूर होकर ग्रामीणों ने ब्लॉक पहुंचकर नारेबाजी की । ब्लाक पर मौजूद सहायक विकास अधिकारी सहका. रिता शशिकांत चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपा । आरोप लगाया की प्रधान भ्रष्टाचारी है, जरूरी कार्यों पर ध्यान नहीं दे रहे है। नेरी बाजार जो 50 वर्ष से से अधिक समय से लग रही है, उसको भी बंद करने




का प्रयास कर रहा है। गांव वालों ने मार्ग सही कराने के साथ कारवाई की भी मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अवधेश सिंह डायरेक्टर गन्ना समिति महोली, वीरेश शुक्ला जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा सीतापुर, राजकुमार कश्यप , रामकुमार कश्यप , रामपाल कश्यप , धीरज मोर्य , संदीप मिश्रा , मोहित कश्यप , प्रेम अर्कवंशी , श्रीपाल बहेलिया , जितेंद्र कुमार कश्यप , राजेश कुमार ,अनिल कुमार ,विनय कुमार सिंह , मुन्ना कश्यप आदि शामिल हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# यूट्यूबर महक परी की कार ने बाइक में मारी टक्कर

## विवाद के बाद युवकों से भिड़ीं यूट्यूबर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** यूट्यूबर महक परी की कार चला रहे युवक ने बाइक में टक्कर मार दी तथा मौके से भाग निकला। युवकों ने पीछा कर युवक को बाइक से उतार जमकर पीटा। इस दौरान यूट्यूबर की युवकों से तीखी नोकझोंक हुई। किसी भी पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर नहीं दी है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र में कस्बा जोया स्थित साप्ताहिक बाजार के मैदान में नुमाइश लगी हुई है। बताया जा रहा है कि शनिवार देर शाम संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कलां निवासी विवादित यूट्यूबर महक परी मेले में आई थीं। घूमने के बाद यहां से वापस जाते समय दोनों बहनों की कार चला रहे युवक ने एक बाइक में टक्कर मार दी। आरोप है कि टक्कर के बाद युवक ने जब कार नहीं रोकी तो लोगों ने पीछा शुरू कर दिया। थोड़ी दूर जाकर कार को घेर लिया। युवक को कार से उतारने के बाद उसके साथ मारपीट कर दी। विवाद बढ़ते देख महक परी भी कार से उतर आईं। इसके बाद दोनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोप है कि दोनों बहनों ने जमकर हंगामा किया। भीड़ में शामिल किसी युवक ने घटनाक्रम की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। हालांकि बाद में स्थानीय लोगों ने दोनों पक्षों को समझा कर मामला विवाद खत्म करा दिया। इसके बाद महक परी कार में सवार होकर वहां से चली गईं। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, लेकिन तब तक दोनों पक्ष जा चुके थे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नही दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को गरजे ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गाँव धनोरी खुर्द शुमाली के ग्रामीणों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया। गाँव की टूटी-फूटी सड़क और खस्ताहाल खड़ंजे से परेशान ग्रामीण सोमवार को भारी संख्या में तहसील मुख्यालय पहुँचे और जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को शिकायती पत्र सौंपकर तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की माँग की।

गाँव निवासी नन्हे ने बताया कि रमेश के घर से तेजपाल के घर तक लगभग 175 मीटर लंबा मार्ग कई वर्षों से खराब पड़ा है। यहाँ बने पुराने खड़ंजे पूरी तरह उखड़ चुके हैं। बरसात के दिनों में यह रास्ता कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाता है। ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। स्कूली बच्चे रोजाना इसी मार्ग से स्कूल जाते हैं और अक्सर फिसलकर चोटिल हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बुजुर्ग और महिलाएँ भी इस जर्जर मार्ग पर गिरकर घायल हो चुकी हैं। बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार पंचायत से लेकर तहसील स्तर तक अधिकारियों को अवगत कराया। मौखिक शिकायतों के साथ-साथ लिखित पत्र भी दिए गए, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। थक-हारकर अब उन्हें प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने कहा हमारे बच्चों और बुजुर्गों की जिंदगी रोजाना खतरे में रहती है। सड़क की मरम्मत सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अगर हमारी समस्या जल्द नहीं सुलझी तो हम बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। शिकायती पत्र पर सोनू, अमर सिंह, महेश, संजय, नितिन, विपिन, काले, राहुल, धर्मपाल, नवीन कुमार, जयपाल, नीरज, छोटे, गोविंद, अमित, अमर सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर थे। सभी ने एक सुर में सड़क को दुरुस्त कराने की माँग की।

# धारदार हथियार मार युवक को किया घायल

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में कहा सुनी के बाद हुई मारपीट में एक पक्ष के युवक के हाथ में धारदार हथियार मार कर घायल कर दिया।पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर माफी निवासी रविंदर पुत्र विजयपाल एवं विजय पुत्र श्रीपाल की कुछ दिन पूर्व कहा सुनी के बाद मारपीट हो गई थी। लेकिन दोनों पक्षों के द्वारा कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई थी। रविंदर का आरोप है कि सोमवार को उसके ताऊ के लड़के की दुकान पर पहुंच कर विजय के भाई उत्तम द्वारा गाली गलौज शुरू कर दी गई। इसी बीच रविंद्र अपने भाई बृजपाल उर्फ बिरजू के साथ गांव से आ रहा था तो उत्तम से कहा सुनी के बाद मारपीट हो गई। बृजपाल उर्फ बिरजू का आरोप है की मारपीट के दौरान उत्तम द्वारा धारदार हथियार से उसके हाथ पर वार कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गये और एक दूसरे पर आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग करने लगे। वहीं उत्तम की मां के द्वारा बृजपाल एवं उसके भाई पर छेड़छाड़ एवं मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि मारपीट के दौरान एक घायल हो गया है घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया है।

# समस्याओं के निस्तारण में बरतें लापरवाही

## डीएम-एसपी ने सुनी शिकायतें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि वह जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उनके सामने 22 शिकायतें आईं। जिनमें चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद जनता की शिकायतें सुन रहे थे। इस दौरान कुल 22 शिकायतें दर्ज कराई गईं। जिसमें राजस्व की 10, विद्युत की पांच, तीन पुलिस, दो आपूर्ति विभाग, एक-एक शिकायत शिक्षा व विनियमित क्षेत्र से थी। मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। जबकि कुछ मामले में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम बनाकर मौके पर भेजा गया। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने शिकायतों के फीडबैक की समीक्षा के दौरान नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि वह समय सीमा में जनता की शिकायतों का संतोषजनक समाधान करें। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि पुलिस व राजस्व विभाग की टीम आपस में सामंजस्य स्थापित करें मौके जाये तथा समस्याओं का निस्तारण करें। इस मौके पर सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, एसडीएम शशि भूषण पाठक, सीओ शक्ति सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आभा दत्ता मौजूद रहीं।

# खुजली व बुखार के मरीजों की बढ़ी संख्या

## मौसम बदलते ही लोगों को बीमारियों ने जकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मौसम में बदलाव आते ही नई नई बीमारियां भी शुरू होने लगी है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है।

सोमवार को 3 दिन की छुट्टी तमाशा होने के बाद जैसे ही साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वार खुले तुरंत बाद ही मरीजों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। दवाई का पर्चा बनवाने के लिए खिड़की पर मरीजों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। चिकित्सकों से चेकअप कराने के लिए मरीजों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह ने बताया सबसे अधिक मरीज खुजली से प्रभावित है। बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। अब धीरे-धीरे मौसम बदलने लगा है। इसके साथ ही बीमारियां भी बढ़ने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों की संख्या अधिक बढ़ रही है। उधर चिकित्सकों का कहना है की बरसात होने के कारण पानी में समस्या आ रही है। पानी को गर्म कर ठंडा करने के बाद सेवन करें। स्वास्थ्य विभाग में मरीजों की संख्या में हो रहे इजाफे को देखकर इसकी तैयारी करनी शुरू कर दी है।

# योगेन्द्र बने रामलीला समिति के अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** श्री शिव महामंडल रामलीला समिति द्वारा सर्व सहमति से पंडित योगेंद्र शर्मा को समिति का अध्यक्ष घोषित किया गया है। सभी सदस्यों द्वारा फूलमाला बनाकर नव नियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया गया। सोमवार को नगर स्थित श्री झारखंडे महादेव शिवाला मंदिर के प्रांगण में श्री शिव महामंडल रामलीला समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आगामी सत्र के लिए समिति के अध्यक्ष का चयन करना था। श्री रामलीला परिसर के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल द्वारा सर्व सहमति से पंडित योगेंद्र शर्मा को श्री शिव महामंडल रामलीला समिति 2025 का अध्यक्ष घोषित किया गया। रामलीला परिसर के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल द्वारा बताया गया को 15 सितंबर को झंडा पूजन, 20 सितंबर को भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन प्रारंभ किया जायेगा। 24 सितंबर को राम बारात, 2 अक्टूबर को रावण दहन, 3 अक्टूबर को राम भरत मिलाप शोभा यात्रा एवं 4 अक्टूबर को श्री राम की राजगद्दी का कार्यक्रम किया जायेगा। नव निर्वाचित अध्यक्ष पंडित योगेंद्र शर्मा द्वारा बताया गया कि बहुत ही सुंदर तरीके से भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन कराया जायेगा। बैठक में राकेश अग्रवाल,तरुण अग्रवाल,पुनीत अग्रवाल,मोहित शर्मा, राजू शर्मा,अर्जुन यादव,विनोद कुमार, वेद प्रकाश यादव,सतवीर गिरी,पप्पू गिरी,देवेंद्र शर्मा,संजीव शर्मा,जितेंद्र शर्मा,उमेश,महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गजरौला थाने में फैले भ्रष्टाचार पर रोक की मांग

## भाकियू खालसा ने डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गजरौला पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ भाकियू खालसा के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच थाने में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग को डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उनका आरोप था कि पैसे चोरी की शिकायत करने थाने पहुंचे किसान का पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया।

सोमवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कई पदाधिकारी कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देकर गजरौला पुलिस पर मनमानी करने का आरोप लगाया। कहा कि थाने में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। गजरौला पुलिस का आचरण अत्यंत चिंता. जनक है। पुलिस से न्याय की उम्मीद लेकर आने वाले पीड़ितों को धमकाया जाता है। पीड़ितों का ही शांति भंग में चालान कर दिया जाता है। पुलिस द्वारा समझौते के नाम पर धन उगाही की जाती है। पैसा नहीं देने पर समझौते वाले मामलों में भी चार्जशीट लगाकर मामले को आगे बढ़ा दिया जाता है। पुलिस के द्वारा आम नागरिकों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। आरोप लगाया कि 29 जुलाई को थानाक्षेत्र के धारापुर गांव के रहने वाले किसान नेता सतेंद्र चौधरी की कार से रुपये चोरी हो गए थे। इस मामले में उन्होंने नामजद शिकायत की थी। बावजूद इसके पुलिस ने सतेंद्र चौधरी का ही शांति भंग में चालान कर दिया। इतना ही नहीं कुमराला गांव के मंदिर पर रहने वाले महाराज दयाराम दास के साथ कुछ लोग मारपीट करते हैं। उनके साथ अभद्रता की जाती है। इस संबंध में पुलिस से शिकायत की गई तो आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे ही सुलतान ठेर गांव के रहने वाले पीड़ित वीर सिंह के मामले में भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस ने सभी मामलों में कार्रवाई नहीं की तो 21 अगस्त को संगठन के पदाधिकारी गजरौला थाने में धरना देंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान किसान नेताओं ने एसपी कार्यालय में भी शिकायती पत्र दिया। इस दौरान महेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, नितिन चौधरी, डॉ. प्रिया सिंह, हितेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## 17 वारंटी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर जिला पुलिस ने अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे 17 वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। सोमवार को पुलिस ने गैर जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए खास अभियान चलाया। नगर कोतवाली पुलिस ने दो, गजरौला पुलिस ने पांच, बछरायूं पुलिस ने छह, रजबपुर पुलिस ने दो, हसनपुर कोतवाली व आदमपुर पुलिस ने एक-एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। एसपी के मुताबिक अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा। गिरफ्तार वारंटियों को दोपहर बाद संबंधित कोर्ट में पेश कर दिया गया।

# दो दुकानों से पकड़ा गया नामीगिरामी कंपनी का नकली सामान

**छापेमारी**

● कंपनी के मैनेजर ने पुलिस को साथ लेकर की छापेमारी



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** दिल्ली के वजीरपुर क्षेत्र में स्थित समिता लीगल कंपनी के मैनेजर ने मेसर्स रेकिट बेंकिजर इंडिया प्रा.लिमिटेड के नकली सामान बेचने वाले दुक. नदारों पर पुलिस के साथ छापेमारी की। दो दुकानों पर भारी मात्रा में कंपनी का नकली सामान बरामद हुआ। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों दुकानदारों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मैनेजर तौकीर चौधरी निवासी के.12 जेजे कॉलोनी वजीरपुर दिल्ली ने थाना पुलिस को दुक. नदारों द्वारा उनकी कंपनी का नकली सामान बेचने की जानक. री दी और छापेमारी के लिये पुलिस टीम की मांग की, साथ ही पुलिस अधीक्षक का आदेशित पत्र भी प्रस्तुत किया। जिसके बाद मैनेजर व उनकी टीम को पुलिस बल दिया गया। इसके बाद टीम ने पुलिस की मौजूदगी में मोहल्ला जलालनगर सलेमपुर रोड नई बस्ती कस्बा व थाना गजरौला स्थित अयान कॉस्मेटिक स्टोर व जोयन कॉस्मेटिक स्टोर नाम दो दुकानों की तलाशी लेने पर लेने पर भारी मात्रा में कंपनी का नकली सामान बरामद किया गया। बरामद माल को जब्त किया गया। मैनेजर तौकीर चौधरी ने पुलिस को तहरीर सौंपी, जिसके आधार पर पुलिस ने अयान कॉस्मेटिक स्टोर के स्वामी अनवर व जोयन कॉस्मेटिक स्टोर के स्वामी दिलशाद के विरूद्ध कॉपीराइट एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और विवेचना अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह को सौंपी गई है। वहीं छापेमारी के कारण आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। हर कोई छापेमारी का कारण जानने को उत्सुक नजर आया।

## समाधान दिवस में 16 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** तहसील सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी मिश्र ने अध्यक्षता की। साथ ही उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से केवल 2 का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। शेष शिकायतों को विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार मूसाराम शाक्य, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, योगेश लोधी, नगर पंचायत की ईओ दीपालिका यादव, बीईओ प्रकाश. चंद, बीडीओ नरेंद्र गंगवार, एडीओ पंचायत योगेन्द्र सिंह, एसडीओ राजन सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सीडीओ अश्वनी मिश्र ने कहा संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना है। सभी विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं। जनता की शिकायतों को केवल निस्तारित दिखाना ही नहीं, बल्कि सही मायनों में समाधान करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## एएसएम के पांच खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** एएसएम बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज के पांच खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। 21 अगस्त को आगरा में राज्य स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें एएसएम बाल विद्या इंटर कालेज अंडर 19 टीम में पारसदीप, अनिकेत, दिपांकर, वैभव, निर्भय, विशांत, मुजस्सिम जबकि अंडर 17 में अर्श, कौशल चौधरी, मोहम्मद उजैर, निर्भय चौधरी का चयन हुआ है। उधर जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में एएसएम की टीम ने जीत हासिल की। प्रबंधक वीरेन्द्र गुप्ता व प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार शर्मा ने विजेता टीम को सम्मानित किया।

# एक ही स्थान पर लगे बीएलओ की ड्यूटी

## प्रदर्शन कर तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बीएलओ ने चुनाव में डबल ड्यूटी लगाये जाने को लेकर इसका कड़ा विरोध किया है। दोनों में से एक ड्यूटी कटवाये जाने की मांग की है।

सोमवार को तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंप दिया। बीएलओ ने बताया कि उनकी ड्यूटी विधानसभा चुनाव में पहले से ही लगी हुई है। अब उनकी पंचायत चुनाव में दूर दूर ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि डबल ड्यूटी लगने के करण बीएलओ को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बीएलओ की ड्यूटी एक स्थान पर लगाई जाये ताकि वह अपने कार्य को ईमानदारी के साथ अंजाम दे सकें। उन्होंने कहा कि बीएलओ की जो भी समस्यायें हैं उनका जल्द समाधान किया जाये। ज्ञापन देने वालों में मोमराज सिंह भूरे सिंह, तौशीद खान, प्रीति पाल सिंह, अंकेश, जसवंती, भारत सिंह, जगत सिंह, ग्रीन चंद, सौदान सिंह, कुलदीप सिंह आदि मौजूद थे।



# हार्टअटैक से सफाई कर्मी की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुर्जर गांव में हृदयाघात से एक सफाई कर्मी की मौत हो गई। अचानक हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी पतराम सिंह पाल के 35 वर्षीय इकलौते बेटे तेजपाल सिंह पाल गजरौला ब्लाक के सादुल्लापुर ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारी थे। रविवार की रात खाना खाने के बाद वे सो गए। देर रात उनकी पत्नी ममता जागी तो देखा कि तेजपाल चारपाई पर अचेत पड़े हैं। शंका होने पर उसने अपनी सास लीला देवी और ससुर पतराम सिंह को जगाया और आनन-फानन में उन्हें चिकित्सक के पास ले जाया गयाद्य जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।तेजपाल सिंह के निधन की खबर मिलते ही स्वजनों में को. हराम मच गया। मृतक अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। इकलौते बेटे की मौत से वृद्ध माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।

# महिला से मारपीट में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डेयरी से दूध लेने गयी महिला के साथ युवकों ने गाली गलौच शुरू कर दी। विरोध पर उसे पीटकर घायल कर दिया। चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। देहात थाना क्षेत्र के घनसूरपुर बवनिया गांव में राजवीर सिंह का परिवार रहता है। उन्होंने दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक 17 अगस्त की दुकान 3:30 बजे उनकी पत्नी अंजलि दूध की डेयरी से अपने रुपये लेने गई थी। तभी यहां मौजूद सचिन, मनीष, रमेश, उधम ने उन्हें गालियां दीं। विरोध करने पर मारपीट की। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मामले में पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बुखार से आईटीआई छात्र की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** बुखार की चपेट में आकर आईटीआई के छात्र की मौत हो गई। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी में हिमांक त्यागी पुत्र गजेंद्र त्यागी को कई दिनों से बुखार आ रहा था। परिजन उसका गांव में ही उपचार करा रहे थे। हिमांक को अचानक बीते दिन तेज बुखार आ गया। परिवार के लोगों ने हसनपुर के निजी अस्पताल में छात्र को भर्ती कराया। लेकिन जब यहां पर कोई हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे मुरादाबाद के अस्पताल में ले गये। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद भी आईटीआई के छात्र हिमांक को बचाया नहीं जा सका सोमवार को उपचार का दौरान हिमांक आयु 21वर्ष की मौत हो गई। छात्र की मौत की खबर जैसे ही गांव में पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। हिमांक की मौत से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि छात्र हिमांक बड़ा ही होनहार व मिलनसार था। गमजदा माहौल में छात्र के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# एसजीपीजीआई में हृदय रोग पीड़ित बच्चों को मिलेंगी और बेहतर सुविधाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई), लखनऊ में एसबीआई फाउंडेशन आईसीयू प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। यह प्रोजेक्ट सलोनी हार्ट सेंटर में संचालित होगा, जो बच्चों की जन्मजात हृदय बीमारियों के उपचार के लिए समर्पित है।

इस अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन ने लगभग 10 करोड़ रुपये का सहयोग प्रदान किया। इस राशि से सेंटर को आधुनिक उपकरणों और आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बच्चों के हृदय रोगों के लिए



उच्चस्तरीय उपचार सुविधा की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ऐसे में सलोनी हार्ट सेंटर प्रदेश की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व शुभारंभ किए गए इस सेंटर में अब तक 300 से अधिक बच्चों की हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक हो चुकी है। हार्ट सेंटर का पहला चरण पूर्णतः क्रियाशील है, जबकि दूसरे चरण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने सलोनी हार्ट फाउंडेशन की संचालक दंपति श्रीमती मिली सेठ एवं श्री हिमांशु सेठ के प्रयासों की सराहना की, साथ ही एसबीपआई फाउंडेशन के सहयोग की भी प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि सलोनी हार्ट सेंटर प्रदेश के हजारों परिवारों के जीवन में नई उम्मीद का संचार कर रहा है। यह पहल 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का प्रत्यक्ष सुफल है और बच्चों के जीवन की रक्षा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश ने पूर्व में इंसेफेलाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है और अब बच्चों के हृदय रोगों के उपचार में भी ठोस प्रगति हो रही है।

## मिर्जापुर में ट्रक की टक्कर से दो मरे

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के ड्रॉमंडगंज थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से बाईक सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़ कर भाग निकला। पुलिस ने सोमवार को बताया कि मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के हनुमना निवासी रघुनंदन साकेत का पुत्र रजनीश कुमार (20) अपने साथी बब्लू आदिवासी (21) के साथ बाईक से मिर्जापुर जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भैसोड बलाय पहाड़ गांव किसी काम से आया था। दोनों गलत साइड से घाट नीचे बाजार की ओर जा रहे थे। यादव ढाबा से कुछ दूर मध्य प्रदेश की ओर जा रहे एक ट्रक ने बाईक को सामने से धक्का दे दिया जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। गांव वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से सीएचसी लालगंज भेजा।

# मासूम के कंधे व सिर से आर-पार सरिये को डाक्टरों ने निकाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के विशेषज्ञों ने एक तीन वर्षीय बालक के सिर व कंधे से आर. पार हुई सरिया को निकाल कर नया जीवन देने में सफलता हासिल की है। सर्जरी के बाद बच्चे को आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया है।

बच्चा खेलते समय तीन मंजिल छत से नीचे गिर गया था। गोमतीनगर निवासी रजनीश कुमार का पुत्र कार्तिक (3) शनिवार शाम घर की छत पर खेल रहा था। खेलते.खेलते अचानक वह तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। लगभग 20 फीट ऊंचाई से गिरने के बाद रेलिंग की नुकीली लोहे की सरिया उसके सिर और कंधे के आर.पार घुस गई। परिजन आनन.फानन में उसे पास के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां ऑपरेशन का खर्च 15 लाख रुपये से अधिक बताया गया। असहाय एवं निराश परिवार रात लगभग 11.45 बजे बच्चे को लेकर केजीएमयू के ट्रामा सेन्टर पहुंचा। बच्चे की नाजुक हालत को देखते हुए सबसे पहले डॉक्टरों ने उसे स्टेबिलाइज किया गया। न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉ अंकुर बजाज ने बताया कि कंधे व सिर को आर.पार करती हुई छड़ को निकालना बड़ी चुनौती थी। रात करीब एक बजे रेलिंग कटर वाले को बुलाया गया और उसने छड़ को निकालने का प्रयास किया। कटिंग के दौरान तेज चिंगारी निकलकर बच्चे को लग रही थी। ऐसे में कटिंग को रोक दिया गया और इसी हालत सर्जरी करने का फैसला किया। सबसे बड़ी चुनौती थी बच्चे को लिटाने की। क्योंकि छड़ सिर के एक ओर से दूसरी ओर आर.पार घुसी हुई थी। दूसरी चुनौती थी ग्रिल के कारण पुनः सीटी स्कैन संभव नहीं हो पा रहा था। न्यूरोसर्जरी टीम ने साहसिक निर्णय लेते हुए सफल ऑपरेशन किया। न्यूरोसर्जरी के विभाग अध्यक्ष डॉ बीके ओझा कि देख रेख में सर्जरी का नेतृत्व डॉ. अंकुर बजाज ने किया। ऑपरेशन में डॉ. सौरभ रैना, डॉ. जेसन और डॉ. बसु की सक्रिय भूमिका रही। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. कुशवाहा एवं डॉ. मयंक सचान की टीम तथा ट्रॉमा सर्जरी विभाग की डॉ. अनीता ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। लगभग साढ़े तीन घंटे चली इस जटिल शल्यक्रिया के बाद डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई और लोहे की छड़ को सफलतापूर्वक बच्चे के सिर एवं कंधे से निकाल दिया गया।

## बहराइच में नदी में मिला युवक का शव

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र में सरयू नहर से सोमवार को एक युवक का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बसंतापुर ग्राम पंचायत के छीटनपुरवा गांव निवासी रामू (20) के रूप में हुई है। रामू इमामगंज में एक होटल में कार्यरत था। मृतक के पिता बुधराम के अनुसार रामू आज सुबह शौच के लिए इमामगंज के पास सरयू नहर के किनारे गया था। दुर्भाग्यवश, वहां पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में गिर गया और डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का पता चल सकेगा।

# पूर्वांचल में पर्यटन का हब बनेगा गोरखपुरः जयवीर सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि गोरखपुर जल्द ही पूर्वांचल में पर्यटन का हब बन कर उभरेगा। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के प्राचीन मंदिरों के आसपास पर्यटक सुविधाओं के विकास और सौंदर्यीकरण के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ आगे बघ रही है।

इसी कघी में गोरखपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित प्राचीन मंदिरों के विकास, सौंदर्यीकरण एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित परियोजनाओं के लिए 45 करोघ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। परियोजनाओं का उद्देश्य मंदिरों की भव्यता को पुनर्स्थापित कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि धार्मिक पर्यटन में यूपी अन्य राज्यों की तुलना में अग्रणी है। प्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। अयोध्या, काशी, मथुरा जैसे तीर्थ स्थल श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। श्रद्धालुओं का रुझान प्रदेश के नए गंतव्यों की ओर भी है। गोरखपुर ऐसे ही पर्यटक गंतव्य के रूप में सामने आया है, जहां मंदिरों सहित पर्यटन स्थलों की वृहद श्रृंखला है। गोरखपुर में विख्यात गोरखनाथ मंदिर के अलावा श्री दिगंबर जैन मंदिर, जटाशंकर गुरुद्वारा, रामकृष्ण देव मंदिर, प्राचीन कालिका स्थान, चित्रगुप्त मंदिर, संत कबीर आश्रम, श्री रामजानकी मंदिर सहित अनेक



प्राचीन धार्मिक स्थल हैं। जिले में भगवान शिव और माता मंदिरों की श्रृंखला है, जिसके दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु देशभर से आते हैं। पर्यटन विकास से न केवल स्थानीय लोगों की धार्मिक आस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि इस क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। मंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग के इस तरह के प्रयासों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। गोरखपुर में पर्यटन से जुघे कई आकर्षक स्थल हैं। यहां गोरखनाथ मंदिर, रामगढ़ ताल, गीता वटिका और गीता प्रेस जैसे प्रसिद्ध स्थान हैं, जो यूपी, बिहार और उत्तराखंड तक के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। इसके अलावा, गोरखपुर में कई पार्क और संग्रहालय भी हैं। पर्यटन विभाग के आंकघें के मुताबिक वर्ष 2024 में 36,52,451 पर्यटक गोरखपुर घूमने आए। वर्ष 2025 के शुरुआती तीन महीनों जनवरी से मार्च तक में 15,46,765 पर्यटक आए। विभाग को उम्मीद है वर्षांत तक गोरखपुर में पर्यटकों का कुल आंकघ 50 से 55 लाख के करीब रह सकता है। गोरखपुर में पर्यटन को बघवा देने के लिए, पर्यटन विभाग होमस्टे को भी प्रोत्साहित कर रहा है।

## एक नजर

### बहराइच में मगरमच्छ ने किया किसान पर हमला

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग क्षेत्र के ककरहा रेंज में आज एक किसान मगरमच्छ के हमले का शिकार हो गया। मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौबना निवासी सैफू नामक किसान अपने खेत में धान की निराई कर रहे थे, तभी एक मगरमच्छ ने उन पर अचानक हमला कर दिया। सूत्रों ने बताया कि घटना दोपहर के आसपास हुई, जब सैफू (38) अपने खेत में काम कर रहे थे। अचानक एक बड़ा मगरमच्छ पानी से निकला और उन पर हमला कर दिया। मगरमच्छ ने उनके पैर को अपने जबड़े में जकड़ लिया। किसान की चीखें सुनकर उनकी पत्नी और आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से मगरमच्छ पर हमला कर उसे खदेड़ दिया। ग्रामीणों की तत्परता से सैफू की जान बच गई। हमले में सैफू के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल किसान को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहीपुरवा में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत स्थिर है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी है और क्षेत्र में मगरमच्छ के खतरे को देखते हुए उसे पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब इस क्षेत्र में मगरमच्छ ने किसी इंसान पर हमला किया है। उन्होंने वन विभाग से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। वन विभाग के अधिकारियों ने घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल का दौरा किया और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मगरमच्छ को पकड़ने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और नदी या तालाब के किनारे अकेले न जाने की अपील की है।

### अखिलेश ने जम्मू-कश्मीर की प्रदेश इकाई भंग की

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव ने जम्मू कश्मीर की पार्टी इकाई तत्काल प्रभाव से भंग करने का ऐलान कर दिया है। पार्टी सूत्रों की मानें तो जल्द ही पार्टी की नई इकाई का गठन किया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के हस्ताक्षर से जारी एक बयान में इसकी जानकारी दी गई है। हालाकि पार्टी के नेताओं का कहना है कि जम्मू कश्मीर में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी को सफलता नहीं मिली थी। जिसके बाद ये अटकलें लगाई जा रही थीं कि अखिलेश यादव कभी भी सख्त कदम उठा सकते हैं। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर चुनाव में सबसे बड़ा झटका सपा को लगा था। उत्तर प्रदेश के बाहर अपनी पार्टी के विस्तार की कोशिश में जुटे अखिलेश यादव ने जम्मू.कश्मीर की 20 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए थे। इनमें पांच सीटें जम्मू की और 15 सीटें कश्मीर की थीं। हालांकि, चुनाव में सपा एक भी सीट पर चुनाव जीतने में कामयाब नहीं हो पाई थी। ऐसे में लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में शानदार प्रदर्शन करने वाली समाजवादी पार्टी के लिए ये बड़ा झटका माना जा रहा था। सपा ने जिन सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे उनमें बारामूला, बांदीपोरा, वगूरा क्रीरी, करनाह, पटन, कुपवाड़ा, गुलमर्ग, रफीबाद, त्रेहगाम, लोलाब, विजयपुर, उधमपुर वेस्ट, चेनानी, नागरोटा, हजरतबल, बड़गाम, बीडवाह, हब्बाकदल, ईदगाह सीट शामिल था।

### आईटीआई में चौथे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की चतुर्थ चरण प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के अधिशासी निदेशक तथा एससीवीटी, उत्तर प्रदेश के कार्यकारी निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि तृतीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के बाद शेष रिक्त सीटों को भरने के लिए 15 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इन आवेदनों और पूर्व में पंजीकृत अभ्यर्थियों की ग्रुपवार मेरिट सूची तैयार कर संबंधित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि सभी गैर-चयनित एवं नवीन आवेदनकर्ताओं की सूची उनके लॉगिन पर उपलब्ध करा दी गई है, जिसके आधार पर अभ्यर्थी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। राजकीय संस्थानों में अभ्यर्थियों को अपने गृह जिले और अस्थायी पते से संबंधित जिलेमें उपलब्ध सीटों पर प्रवेश का अवसर मिलेगा। पहले पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की जाएगी। इसके बाद उपलब्ध रिक्त सीटों के आधार पर नवीन आवेदनकर्ताओं की मेरिट सूची से व्यवसाय आवंटन किया जाएगा।

# अयोध्या में जमीनों की डकैती कब बंद होगी: अवधेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में रामनगरी अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की प्रजा की जमीनों की डकैती की जा रही है।

अयोध्या विधानसभा के आधा दर्जन से अधिक गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने सपा सांसद अवधेश प्रसाद से मुलाकात कर अपनी व्यथा बताई और अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने सांसद से बताया कि सिक्स लेन के नाम पर पहले तो उनकी सैकड़ों बीघा जमीनी ले गई अब उनके मकान को भी सिक्स लेन के नाम पर जबरन लिया जा रहा है। अयोध्या विधानसभा के भदोखर, गोसाई का पुरवा, जिलौदीपुर,कासिमपुर, बिरौली, महमूदपुर, नया का पुरवा, झंडहा का पुरवा, शहजाद का पुरवा गांव के लोगों का मकान सिक्स लेन की जद में आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले सिक्स



लेन इधर से प्रस्तावित नहीं था। सिक्स लेन गांव के दूसरे तरफ से प्रस्तावित था। सांसद अवधेश प्रसाद ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी ग्रामीण व किसान की एक इंच भी जमीन किसी भी कीमत पर नहीं लेने दी जाएगी। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार में रामनगरी अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की प्रजा की जमीनों की डकैती की जा रही है। आखिर या डकैती कब तक चलेगी। कभी रिंग रोड के नाम पर कभी सिक्स लेन के नाम पर और कभी रेलवे लाइन के नाम पर किसानों की जमीन औने पौने दाम पर लूटी जा रही है।

यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी भी कीमत पर सिक्स लेन के नाम पर किसी भी किसान की अब जमीन व मकान नहीं लेने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले को लोकसभा में उठाएंगे।

भाजपा सरकार में भगवान राम की प्रजा के साथ दिन प्रतिदिन अन्याय अत्याचार किया जा रहा है। कभी व्यापारियों के प्रतिष्ठानों, मकानों को गिराया जा रहा है तो कहीं जबरन तरीके से किसानों की जमीन व मकान को लिया जा रहा है। अयोध्या में विकास के नाम पर लूट औरभ्रष्टाचार चरम पर है। आने वाली 2027 के चुनाव में अयोध्या की जनता भारतीय जनता पार्टी का सफाया कर देगी।

# तस्करों और सट्टा संचालकों से सख्ती से निपटने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में इन दिनों अवैध स्पा सेंटरों, सटा और जुआ संचालकों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने रविवार रात कैंप कार्यालय में सभी थाना प्रभारियों संग बैठक किया। उन्होंने गो. तस्करों, मादक पदार्थों के तस्करों और सटा संचालकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने जुआ और वेश्यावृत्ति जैसे अपराधों में लिप्त व्यक्तियों के नाम और फोटो के साथ सूची तैयार कर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने का आदेश दिया है। श्री अग्रवाल ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि शोहदों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और उनकी सूची बनाकर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही, 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत बिना नंबर प्लेट और काली फिल्म लगे वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# रिश्वतखोरी के आरोप में थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा के महिला पुलिस थाना प्रभारी को घूसखोरी के आरोप में सोमवार को कार्यमुक्त करके लाइन हाजिर कर दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि मुख्यालय में महिला पुलिस थानाध्यक्ष प्रभा पांडेय पर आबकारी की एक दुकान के संचालक से 20 हघर रूपये की घूस मांगने संबंधी एक आडियो वायरल हुआ है। आरोप है कि रक्षा बंधन के त्यौहार पर शराब ठेके में उमघी भीघ में व्यवस्था बिगघ्ने की धमकी देते हुये उन्होंने दुकान के संचालक को फोन करके पैसे की मांग की थी।

उन्होंने बताया कि आडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने प्रकरण को संज्ञान में लेकर मामले की जांच के आदेश दिए थे और थानाध्यक्ष को तलब किया था।

वायरल आडियो पर थानाध्यक्ष ने कैसर मरीज के लिए दुकान संचालक से सहयोग राशि मांगने की बात स्वीकार की है,ण. जिसके बाद एसपी ने तत्काल प्रभाव से थानाध्यक्ष को उनके पद से हटा कर लाइन अटैच कर दिया है। पुलिस उप अधीक्षक दीपक दुबे को मामले की जांच सौपी गई है।

# बहराइच के कारिकोट गांव को मिलेगा आईसीआरटी अवार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बहराइच जिले के कारिकोट गांव का चयन इंडियन सबकांटिनेंटल रिस्पॉन्सि बल टूरिज्म (आईसी आरटी) अवार्ड 2025 के लिए किया गया है।

कारिकोट गांव को यह सम्मान 13 सितम्बर को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि कारिकोट गांव का चयन आईसीआरटी अवार्ड 2025 के लिए होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। भारत-नेपाल सीमा से सटे कारिकोट ने ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में मिसाल पेश की है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग की पहल पर ग्रामीणों ने होमस्टे की शुरुआत की। साथ ही सीमा पर्यटन जैसे अभिनव पहल भी किए गए। इन प्रयासों से स्थानीय समुदायों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं को रोजगार मिला है। गांव की संस्कृति, खान.पान, हस्तशिल्प और लोक कलाओं को भी नई पहचान मिली है। दिल्ली में आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाले बीएलटीएम ट्रेड शो में भारत सहित उपमहाद्वीप की 17 संस्थाओं को रिस्पोंसिबल टूरिज्म सम्मान दिया जाएगा। इन संस्थाओं को वन टू वॉच, सिल्वर और गोल्ड श्रेणी में मान्यता दी जाएगी। मान्यता सूची में स्थान पाने वाली सभी संस्थाओं ने प्रमाणिकता, पुनरावृत्ति की क्षमता, नवाचार, प्रभाव, स्थिरता और जिम्मेदार पर्यटन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है। भारतीय उपमहाद्वीप जिम्मेदार पर्यटन पुरस्कारों के निर्णायक मंडल में प्रो हैरॉल्ड गुडविन शामिल हैं। गुडविन रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म पार्टनरशिप के प्रबंध निदेशक और आईसीआरटी ग्लोबल के संस्थापक हैं। साथ ही, मनीषा पांडे, प्रबंध निदेशक विलेज वेढ़ और आईसीआरटी भारतीय उपमहाद्वीप की प्रतिनिधि तथा चार्मारी मेल्ज, निदेशक आईसीआरटी श्रीलंका सहित अन्य निर्णायक मंडल का हिस्सा रहे। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग ग्रामीण पर्यटन को लगातार प्रोत्साहित कर रहा है। विभाग का लक्ष्य है कि राज्य को धार्मिक पर्यटन के साथ.साथ ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में भी नई पहचान दिलाई जाए। राज्य सरकार का मानना है कि गांव केवल कृषि और परंपराओं के केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और सामाजिक समरसता के प्रतीक भी हैं। ग्रामीण पर्यटन के माध्यम से इन विशेषताओं को राष्ट्रीय और अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करने की योजना है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि कारिकोट उत्तर प्रदेश के अन्य गांवों के लिए ग्रामीण पर्यटन में प्रेरणास्त्रोत बनेगा। नेपाल की सीमा से सटे और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के करीब स्थित कारिकोट गांव ने सामुदायिक नेतृत्व के जरिए पर्यटन को नई दिशा दी है। थारू समुदाय सहित समाज के अन्य लोगों की भागीदारी क्षेत्र में ग्रामीण पर्यटन को बघवा दे रहा है। विश्वास है कि यह उपलब्धि प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगी।

# नरवाजोत बांध के निकट टोलों का अस्तित्व खतरे में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिले के तमकुहीराज तहसील क्षेत्र से होकर बहने वाली बड़ी गंडक नदी ने नरवा. जोत बांध के निकट स्थित पिपरा घाट के राय टोला सहित और बाकी टोलों को अपने निशाने पर ले लिया। दोपहर में अचानक नदी ने कटान शुरू कर दी।

देखते ही देखते एक घंटे में लगभग 300 मीटर तक नदी ने कटान कर दिया। शाम होते होते नदी ने कई एकड़ गन्ना और धान के खेत काट डाले। इस समय नदी बंधे से लगभग 100 मीटर की दूरी पर बह रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्थिति को भयावह होते देख इसकी सूचना बाढ़ खंड के एसडीओ सहित कर्मचारियों को दी गई मगर देर शाम तक बंधे पर कोई नहीं आया। ग्रामीणों का कहना है कि तटबंध पर मानसून आने से पूर्व कोई भी ठोस कार्य नहीं हुआ है। इससे तटबंध के किनारे बसे लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

रविवार की सांयकाल नदी में एक लाख छह हजार क्यूसेक पानी का बहाव था। एपी तटबंध के समीप बसे गांवों में पिछले 10 वर्षों से गंडक नदी तबाही मचा रही है। बाढ़ की विभीषिका से सर्वाधिक अहिरौलीदान गांव प्रभावित हुआ है। अहिरौलीदान के बाद बड़ी गंडक नदी के रडार पर पिछले कई वर्षों से नरवाजोत बंधा रहा है।

रविवार की दोपहर में अचानक नदी का तेवर बदला और देखते देखते नदी ने बंधे के समीप बसे पिपरा घाट के राय टोला निवासी अरुण यादव, परम. हंस, हरिकेश यादव, बलिराम यादव, अशोक रामचंद्र राय, माधव राय, अर्पित यादव और ओम प्रकाश यादव के गन्ना और धान की कई एकड़ फसलों को काटकर नदी में मिला लिया। बंधे के किनारे शिव टोला, देवनारायण टोला, दहारी टोला, भंगी टोला और पिपरा घाट बसे हैं। नरवाजोत बंधे के एक किमी तक रिवेटमेंट के तहत कार्य कराने की मांग काफी समय से हो रही है। पिछले वर्ष भी नरवाजोत बांध पर नदी के बगल में बना छठ स्थान, लोगों की झोपड़ी, बगीचा और अन्य आबादी आगोश में आ गई। इससे लोगों का लाखों का नुकसान हुआ।

क्षेत्र के दीपक सिंह ने बताया कि बंधे की संवेदनशीलता को देखते हुए विभाग ने एक अतिरिक्त एसडीओ को नरवाजा. ेत की जिम्मेदारी दी थी मगर बंधे की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ और सभी कार्य अधूरे पड़े हैं। इस संबंध में उपजिलाधिकारी आकांक्षा मिश्रा ने बताया कि बाढ़ खंड के अधिकारियों को मौके का निरीक्षण करने को बोला गया है। लोगों को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। बंधा पूरी तरह सुरक्षित है।

## अयोध्या में युवती ने नहर में लगाई छलांग

**अयोध्या।** अयोध्या नगर निगम के पुरुषोत्तम नगर निवासी एक युवती ने परिजनों से कहासुनी के बाद नहर में कूद गई, पुलिस और ग्रामीणों ने तीन घंटे तलाश किया। गोताखोर भी युवती को तलाशने में लगाए गए लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चला। पुरुषोत्तम नगर के हांसापुर निवासी प्रिया (20) की आज सुबह परि. जनों से कहासुनी हुई। उसी से खिन्न वह घर के बाहर निकली और जाकर पास ही स्थित नहर में छलांग लगा दिया। सूचना पाकर परिजन और वार्डवासी नहर पर पहुंचे, तब तक देर हो चुकी थीं। परिजनों ने तुरन्त पुराकलंदर पुलिस को सूचना दी। मौके पर गोताखोरों को लेकर पुलिस पहुंची।

# उज्जवल रमण ने धराली हादसे को लेकर मोदी को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज से कांग्रेस के सांसद उज्जवल रमण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उत्तराखंड में हाल ही में हुए धराली हादसे की याद दिलाते हुए जलवायु परिवर्तन की विभीषिका के मद्देनजर गंगा हिमालयी क्षेत्र के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है।

श्री सिंह ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि यदि हमने हिमालयी क्षेत्र, संसाधनों , वनों, नदियों, जलु ोतों और पहाड़ों के दोहन पर रोक नहीं लगाई तो इसके न केवल वर्तमान में बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी नुकसान होगा। उज्जवल रमण ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि इस चिंता पर संसद को तत्काल संज्ञान लेने की आवश्यकता है। कांग्रेस सांसद ने पीएम मोदी से मांग की है कि हिमालय की घाटियों में जल ग्रहण क्षेत्र को चिन्हित कर आने वाली पीढ़ियों की जल एवं खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर इन्हें 2012 के इको सेंसिटिव ज़ोन अधिसूचना की तरह ही इको सेंसिटिव ज़ोन घोषित किया जाए। उज्जवल रमण ने अपने पत्र में कहा है कि उसके साथ ही सभी घाटियों की धारण क्षमता के अनुसार ही विकास के कार्य किए जाएं। विशेषकर उच्च हिमालय जोन में 'गो' और 'नो गो' इलाके घोषित किए जाएं। यहां रहने वाले निवासियों को ग्रीन बोनस के तहत सौर ऊर्जा और गैस आदि में सब्सिडी प्रदान की जाए।

प्रयागराज के सांसद ने कहा है कि धराली के इर्द गिर्द इलाके में हजारों देवदार के पेड़ों को काटने की तैयारी की जा रही है जिसे 2012 में केंद्र ने इको सेंसिटिव जोन घोषित किया है। यदि ये हाल हिमालय के सेंसिटिव जोन का है तो बाकी क्षेत्रों का क्या हाल होगा। अतघ निवेदन है की इस क्षेत्र में पहले से जो सड़के मौजूद हैं उन्हीं को ठीक कर देवदारों की कटाई रोकी जाए।

# करोड़ों लेकर एजेंट फरार

## व्यापारियों ने खोला मोर्चा, थाने पर प्रदर्शन




परीक्षित गुप्ता

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा निवासी कलेक्शन एजेंट राजेन्द्र सिंह के फरार होने के करीब एक माह बाद अब व्यापारियों ने उसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया और थाने जा पहुंचे। उन्होंने जमकर प्रदर्शन किया और राजेंद्र सिंह की गिरफ्तारी और उनके पैसे दिलाये जाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वजन वैलफेयर सोसाइटी चलाने वाला राजेन्द्र सिंह पुत्र चौ. रामपाल सिंह निवासी ग्राम पुट्ठा हाल निवासी ग्राम हीमपुर दीपा पिछले करीब एक दशक से हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव सहित चाँदपुर के व्यापारियों से भी प्रतिदिन पैसे एकत्रित करने का काम करता था। बताया जाता है कि बीती 23 जुलाई से दो-तीन दिन पूर्व से वह व्यापारियो से पैसे लेने नहीं पहुंचा तो व्यापारियों को संदेह हुआ, जिसके बाद उसके भागने की चर्चा जंगल मे आग की तरह फैल गई। राजेन्द्र सिंह के परिवार ने उसकी गुमशुदगी चांदपुर थाने में दर्ज करा दी।

उधर लगातार व्यापारियों के पहुंचने पर राजेन्द्र सिंह के परिजन व्यापारियों को दिलासा देकर मूर्ख बनाते रहे। उधर एक के बाद एक बड़े व्यापारी के राजेन्द्र सिंह के घर पहुंचने पर स्थानी लोगो की नींदे उड़ने लगी। उधर धीरे-धीरे करीब एक माह बीतने के बाद भी परिजनों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब न देने पर रविवार को व्यापारियों ने राजेन्द्र सिंह के घर पर धरना शुरू कर दिया। इसके बाद राजेंद्र सिंह की पत्नी रातों रात गायब हो गई।

पीडित व्यापारियों ने बताया कि उनसे प्रतिदिन पैसे लेने वाला राजेन्द्र सिंह और उसका दामाद धीर सिंह तो पूर्व में ही फरार हो गए।

साथ ही एक महीने से दिलासा दे रही उसकी पत्नी भी अब रातों रात गायब हो गई। थाने पहुंचे दर्जनों व्यापारियों ने बताया कि राजेन्द्र सिंह गुमशुदा नहीं है बल्कि वह करीब 50 से 60 करोड़ रुपया लेकर फरार हुआ है। थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव से पहुंचे पीडित हार्दिक बंसल, बिल्लू गुप्ता, लक्की गुप्ता, पवन सिंह, वाजिद, अरुण, अशोक, शंकर, भूपेंद्र, नेपाल सिंह, मतलूब, कृष्णा देवी, मोहित, ललित गुप्ता, अनिल, विवेक, लोकेंद्र सिंह, सहित सैकड़ों व्यापरियों ने न्याय की गुहार लगाते हुए हीमपुर दीपा थाने में प्रार्थना पत्र सौंपा है।

व्यापारियों का कहना था कि उनका प्रार्थना पत्र ले लिया गया, परंतु उन्हें कोई रिसीविंग नहीं दी गई है।

# नजीबाबाद में सर्राफा व्यापारी को जान से मारने की धमकी

## पुलिस से मांगा पीड़ित ने न्याय

सोनू आदित्य

**नजीबाबाद।** सर्राफा व्यापारी को जान से मारने की धमकी मिली है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय मांगा है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चौक बाजार निवासी महिला सर्राफा व्यापारी ने बताया कि 12 अगस्त की दोपहर करीब डेढ़ बजे स्थानीय निवासी नेता ने महिला सर्राफा व्यापारी की चौक बाजार स्थित दुकान पर आकर धमकी दी। नेता ने कहा कि तुने जो मुकदमा मेरे और मेरे साथी के ऊपर लिखवाया है, उसे वापस ले ले। अन्यथा अपनी जान से हाथ धो बैठेगी। वह जान से मारने की धमकी देने लगा। उसने कहा कि तेरी इकलौती लड़की जवान है और सीए की पढ़ाई कर रही है। वह दिल्ली आती जाती रहती है। मैंने अपने गैंग के गुर्गे उसके पीछे लगा दिए हैं और तेरी लड़की को मैं कभी भी रास्ते से उठा लूंगा। उसने कहा कि हमसे फैसला कर ले। वरना अंजाम अच्छा नहीं होगा। आरोपी नेता ने अपनी शर्ट ऊपर कर पेंट की बैल्ट में लगा तमंचा दिखाते हुए कहा कि तमंचा चलाने पर मजबूर मत कर। महिला सर्राफा व्यापारी के विरोध करने पर गंदी-गंदी गालियां देता हुआ चला गया। दुकान पर आने व बाहर निकलने की सीसीटीवी फुटेज पीड़िता के पास मौजूद है। पीड़िता के पति लकवाग्रस्त व लाचार है।

पीड़िता ने डायल 112 पर कॉल कर मौके पर पुलिस को बुलाया, किन्तु उन्होंने थाने में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा लिखवाने को कहा। पुलिस मामले को दबाना चाह रही है। बताते हैं कि नेता शातिर अपराधी है। इसके परिवार पर आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है। इसका गिरोह जनपद में अत्यधिक सक्रिय है। जिस कारण से पीड़िता को अपनी व अपने परिवार की जान का खतरा है। पीड़िता ने मुलजिमान के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने व शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के लिए थाना नजीबाबाद व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दे दिया है।

जब इस विषय में थाना प्रभारी से फोन पर जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि इस विषय में जांच चल रही है।

बताते हैं कि आरोपी व्यापारी का पूर्व से विवादों से नाता रहा है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## साहनपुर में डीएम का दौरा



**नजीबाबाद।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने साहनपुर का दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने पश्मीना शाल बना रही महिलाओं से मुलाकात की। उनकी आमदनी व समस्याओं के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने काम बढ़ाने के लिए फाइनेंस की कमी बताई। जिस पर डीएम ने हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद नगर पंचायत द्वारा बनाई गई लाइब्रेरी का निरीक्षण किया और वहां पढ़ रहे छात्रों से संवाद किया। साथ ही निर्माणाधीन डिजिटल लाइब्रेरी को भी देखा और साहनपुर में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। इस दौरान अपर जिला अधिकारी, चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी और नायब तहसीलदार अमित कुमार मौजूद रहे।

## बार एसो. का विवाद चरम पर



**किरतपुर।** बार एसोसिएशन में इन दिनों आंतरिक विवाद चरम पर पहुंच गया है। 18 अगस्त को एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा जारी किए गए निष्कासन पत्र ने पूरे अधिवक्ता समाज में हलचल मचा दी है। पदाधिकारियों ने अपने पत्र में स्पष्ट तौर पर आरोप लगाया है कि अध्यक्ष अंकित रस्तौगी को संगठन प्रति गलत गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर निष्कासित कर दिया गया है। निष्कासन पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अंकित रस्तौगी द्वारा 26 जनवरी 2025 व 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व उपस्थित न होने तथा संगठन विरोधी गतिविधियों, अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता व अपमानजनक कार्य करने पर बहुमत से पास प्रस्ताव के आधार पर निष्कासित किया गया। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार आंतरिक स्तर पर बैठक बुलाने की कोशिशें की गईं, लेकिन रस्तौगी किसी भी बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे यह स्पष्ट हो गया कि वह किसी भी प्रकार की जवाबदेही से बचना चाहते हैं। सदस्यों ने कहा कि एसोसिएशन की एकता को बनाए रखने तथा अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए यह कदम उठाना जरूरी हो गया था। एसोसिएशन के अधिकतर सदस्यों का मानना है कि अध्यक्ष के पद पर रहते हुए अनुशासन का पालन सबसे पहले होना चाहिए। यदि कोई भी पदाधिकारी एसोसिएशन के नियमों से ऊपर होकर काम करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। अध्यक्ष अंकित रस्तौगी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने 14 अगस्त को को वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अपना इस्तीफा सौंपा था लेकिन उन्होंने इस्तीफा को स्वीकार नहीं किया और आगे की बैठक के लिए टाल दिया और मेरे ऊपर लगे सभी आरोप निराधार हैं वरिष्ठ अधिवक्ता एवं संरक्षक मदनलाल अरोड़ा ने कहा कि जो अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया हो तो उसको निष्कासित करने का अधिकार केवल संरक्षक के पास होता है, इसलिए जारी किया गया निष्कासन पत्र वैध नहीं है।

## स्योहारा में शोभायात्रा का स्वागत



**स्योहारा।** नगर के ठाकुर मंदिर से निकली रामडोल की शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां, ढोल-नगाड़े और अखाड़ों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर के गणमान्य व्यक्तियों एवं नगरवासियों के सहयोग से यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यह शोभायात्रा ठाकुर मंदिर से परंपरागत पूजा-अर्चना के बाद हिंदू चौधरियान, रियासत ठाकुर मंदिर, सब्जी मंडी, शिवाजी मार्केट, जुमेरात का बाजार, मुरादाबाद रोड, स्टेशन रोड होते हुए रामलीला ग्राउंड और आरसीपी रोड से गुजर कर मौहल्ला जोशियान में ठाकुर मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में सोनू रस्तौगी, डा. विनीत देवरा, अर्पित त्यागी, सुनील कुमार गाबा, राजवीर सिंह त्यागी, राजपाल सिंह प्रजापति, मनोज भटनागर, अरविंद वाल्मीकि, डॉ. राज बहादुर शर्मा, शौवीर सिंह, अमित शर्मा, यादराम सिंह सैनी, अमर सिंह वर्मा, राम सिंह, मेंबर जीत त्यागी आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह व पुलिस प्रशासन की टीम ने सुरक्षा व्यवस्था में विशेष सहयोग प्रदान किया।

## कृष्णा में परीक्षा परिणाम घोषित

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज आर्फ लॉ के विद्यार्थियों का बी.ए.एल.एल.बी. दशम सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

लॉ विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि छात्र हिमांशु वत्स ने 64.88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रीता ने 63.96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व रहनुमा ने 63.86 प्रतिषत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान तथा विभाग के प्रवक्ता डॉ. एम.ए. खान, शिवकुमार सिंह, विशाल विक्रम सिंह, पूजा ठाकुर, अभिषेक सिंह व दीपिका सिंह ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# धामपुर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित

## शांतिपूर्ण ढंग से निकला रामडोल का जुलूस, अखाड़े में प्रदर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** श्री बजरंगबली अखाड़ा ट्रस्ट की ओर से जन्माष्टमी पर नगर में भव्य श्रीरामडोल शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान युवाओं ने अखाड़े में हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों का मन मोह लिया।

शोभायात्रा की शुरुआत मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधाकृष्ण होरी महाराज मंदिर से हुई। अखाड़े के गुरु हरिओम शर्मा ने परंपरागत अखाड़ा खेलकर यात्रा का शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, पालिका अध्यक्ष रवि कुमार व पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता ने नारियल फोड़कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

नगर के मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

शोभायात्रा में डॉ. आयुष कुमार, सुमित महेश्वरी, विपुल वर्मा, मनमोहन भारद्वाज, विभूतिकांत शर्मा, प्रशांत चंद्रा, दीपक अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विजयपाल सिंह, गोपाल सिंह, नरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# जीनत शेरबाज ने किया पौधारोपण

## स्वच्छता अभियान में मांगा जनता से निरंतर सहयोग



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्याऊ।** चांदपुर नगर पालिका की चेयरपर्सन जीनत परवीन ने वृक्षारोपण करते हुए स्वच्छता अभियान में जनता से निरंतर सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि बिना जन सहयोग के कोई भी अभियान व आंदोलन सफल नहीं हो सकता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चेयरपर्सन जीनत परवीन ने वृक्षारोपण किया। उन्होंने वृक्ष लगाए और स्वच्छ भारत अभियान के तहत जनता को जागरूक करते हुए स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संदेश दिया।

इस मौके पर चेयरपर्सन जीनत परवीन ने जनता से कहा कि जिस तरह देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाकर देश के कई छोटे-बड़े शहरों को स्वच्छ व सुंदर बनाने का काम किया जा रहा है, इसी तरह नगर पालिका भी आपके शहर चांदपुर को स्वच्छ व सुंदर बनाना चाहती है। चांदपुर की जनता से आग्रह करते हुए जीनत परवीन ने कहा आप भी हमारे इस संकल्प में हमारा साथ दें। चांदपुर नगर पालिका की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ही कूड़ा डालें। जगह-जगह कूड़ा सड़कों पर न डालें।

इस मौके पर चेयरपर्सन जीनत परवीन ने बताया कि नगर में पालिका द्वारा कुछ ऐसे कार्य भी कराई जा रहे हैं, जो चांदपुर को और अधिक सुंदर बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि बिना जन सहयोग के कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता है। इस मौके पर पालिका लिपिक मौहम्मद आदिल, सलमा आदि भी मौजूद रहीं।

# धूमधाम से निकला रामडोल जुलूस



## अखाड़े में पहलवानों ने दिखाए करतब

शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** रामडोल जुलूस बड़ी धूमधाम के साथ निकाला गया। जुलूस का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर किया।

रामडोल के जुलूस का शुभारंभ मुख्य अतिथि उमाकांत शुक्ला और रविन्द्र कुमार कौशिक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जुलूस में वीर बजरंगी अखाड़ा जीतपुर और सार्वजनिक अखाड़ा नांगल के पहलवानों ने अनेक करतब दिखाकर ग्रामीणों का मन मोह लिया। इसके साथ ही जुलूस झाकियों के साथ सुसज्जित होता हुआ मुख्य बाजार सहित गांव के कई मोहल्लों से निकाला गया। नगर भ्रमण के बाद श्रद्धालु कन्हैया लाल को गंगा स्नान के लिए मां गंगा के तट पर ले गए। कन्हैया लाल को स्नान के बाद एक बार फिर यह जुलूस देर रात्रि गांव के अनेक मोहल्लों से निकाला जाएगा। जिसके बाद बाजार वाले शिव मंदिर पर आकर समस्त होगा। जुलूस की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी सुशील कुमार सैनी, दरोगा सुनील पुनिया, उपेंद्र सिंह, पुलिस बल के साथ पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिए। जुलूस में सुशील शुक्ला, कैलाश दत्त शर्मा, मुकेश शर्मा, रामपाल सिंह, गोपाल शर्मा, दिनेश भुईयार, सुरेन्द्र सिन्हा,राकेश गोयल, नरेंद्र सिन्हा, ओमपाल सिंह, अतुल अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, कुलदीप शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, सूर्यप्रताप सैनी, मनोज उर्फ इल्लू, योगेश शुक्ला, विनय चौधरी, पंडित तुषार, अश्वनी शुक्ला, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### वन विभाग ने लगाया पिंजरा



**कोतवाली देहात।** ग्राम शाहपुर सैदू में गुलदार देखे जाने के बाद सोमवार को वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाया गया। पिछले कई दिनों से ग्राम शाहपुर सैदू में गुलदारों का एक झुंड दिखाई दे रहा था। जिसके कारण किसान खेतों पर जाने से डर रहे थे। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने गुलदारों की समस्याओं को लेकर वन विभाग को अवगत कराया था। वन विभाग द्वारा संज्ञान लेते हुए पिंजरा लगाया गया। विकास चौधरी ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में गुलदार दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र में भय का माहौल है और पशुओं के चारे की समस्या बनी हुई है। इस मौके पर सजाउद्दीन मलिक, नितिन कुमार, मुकेश कुमार, नीला सिंह, रोहित कुमार, संजीव कुमार, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि



**कोतवाली देहात।** सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। ग्राम शादीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेंद्र कुमार ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने आजाद हिंद फौज के माध्यम से अंग्रेजों से सीधी लड़ाई लड़ी। उन्होंने सशस्त्र संघर्ष किया और देश में एक नई क्रांति का संचार किया। उनके भाषण आज भी लोगों में उत्साह पैदा करते हैं। इस अवसर पर सुशील कुमार त्यागी रचित सुभाष शतक का पाठ किया गया। कार्यक्रम में आदर्श शर्मा, अनूदित भुईयार, प्राची, दिव्या आदि मौजूद रहे।

### चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नहटौर।** भारत की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वालों की याद में 'हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट)' की पहल 'स्वस्थ नहटौर' के तहत 'शुगर और ब्लड प्रेशर जांच और परामर्श केंद्र' द्वारा नगर पालिका के वार्ड नंबर 11 में जनता कैलेंडर परिसर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सौ से अधिक महिलाओं और पुरुषों ने अपनी शुगर, ब्लड प्रेशर और ऑक्सीजन स्तर की नि:शुल्क जांच करवाई और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन 'स्वस्थ नहटौर' के संयोजक, हैप्ट के सचिव गिजाल मैहदी और मेजर चरण सिंह शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एसएनएस इंटर कॉलेज एवं सुपर सीनियर सिटीजन गुलाम साबिर, अंकुर जैन और पालिका सभासद रियासत अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता, नाजिम अंसारी, महफूज अली, शेख सलमी, अहमद वफा आदि मौजूद थे। जांच टीमों को सहयोग देने वालों में हैल्थ वॉलंटियर अनम परवीन, शबे नूर, मौम्मद आसिम, शाइस्ता अंजुम, शगिल उस्मानी शामिल रहे।

### शिक्षण संस्थाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नांगल सोती।** क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। शहीदों के बलिदान को याद करते हुए अमर रहे के नारे लगाए गए। ध्वजारोहण के बाद शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं में संस्कृति कार्यक्रम के साथ राष्ट्र प्रेम के गीत गाए गए। राजा भरत सिंह इंटर कालेज में प्रधानाचार्य राजीव चौहान, अध्यक्ष यशवीर सिंह, प्रबंधक कावेंद्र सिंह और कोषाध्यक्ष राघव प्रताप एड. ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान केशव शरण, हरवीर सिंह, राकेश सैनी, संजय गोयल, संजय कुमार सिंह, संजय गोयल, राजपाल सिंह, मोहम्मद अशद, सत्य प्रकाश आर्य, भीम सेन, अश्वनी कुमार, सर्वेश चंद शर्मा, गीता, सुप्रिया, पूनम सैनी, तनु सैनी, अर्चना शर्मा, नीति गोयल आदि मौजूद रहे। किसान सहकारी समिति में एमडी वीरेंद्र कुमार और गार्विन चौधरी ने, ज्ञान देवी जूनियर हाईस्कूल में प्रबंधक मनोज राणा ने, स्प्रिंग फील्ड अकादमी में प्रबंधक कुलदीप राजपूत और प्रधानाचार्या करुणा शर्मा ने, ग्राम पंचायत घर पर ग्राम प्रधान फरमान अहमद ने, थाना भवन पर थाना प्रभारी सुशील कुमार सैनी ने ध्वजरोहण किया। इस मौके सभी सभी संस्थाओं में अमर शहीदों के नारे लगाए गए और उनकी याद में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### किरतपुर में युवक की मौत



**किरतपुर।** अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवक की दौड़ लगाते समय अचानक मौत हो गई। मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था। ग्राम हैबतपुर निवासी प्रशांत (20 वर्ष) अग्निवीर भर्ती के लिए तैयारी कर रहा था। दस दिन बाद उसकी फिजिकल परीक्षा होनी थी। प्रशांत चौधरी रोज की तरह सुबह सड़क पर अभ्यास के लिए दौड़ लगाने निकला था। दौड़ लगाते समय उसे अचानक सीने में तेज दर्द महसूस हुआ और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद अन्य युवकों ने तुरंत उसे संभालने की कोशिश की और परिजनों को सूचना दी। परिजन आनन-फानन में प्रशांत को किरतपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा और तीन बहनों का अकेला भाई था। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इस घटना से परिवार वाले गहरे सदमे में हैं और बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार प्रशांत ने अग्निवीर की लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक पास कर ली थी।

## पर्यटकों को लीलौर झील की तरफ आकर्षित करने में जुटा प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत सात नाथ मंदिरों को जोड़ने के साथ ही प्रशासन पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रामनगर की लीलौर झील की तरफ विशेष ध्यान दे रहा है। दिवाली तक झील में पर्यटकों के लिए नौका विहार निशुल्क की गई है। वहीं लीलौर झील किनारे इंटर लॉकिंग का कार्य कराकर उस पर टॉय ट्रेन चलवाने के साथ वाटर पार्क बनवाने की तैयारी की जा रही है।

इसके साथ ही डीएम अविनाश सिंह ने झील किनारे पर्यटकों के ठहरने के लिए छोटी-छोटी हट बनवाने की योजना बनाई है। ये हट बंबू के बनाए जाएंगे। इससे बंबू की कारीगरी भी पर्यटकों को लुभाएगी। साथ ही स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। बंबू हट में सभी सुविधाएं मिलेंगी। लाइट की भी व्यवस्था रहेगी।

# दस लाख के लिए किया ममेरे भाई को अगवा

- फिरौती पूरी नहीं मिलने पर ब्लेड से रेत दिया गला
- पुलिस ने आरोपी के दोनों पैर में मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** रविवार की रात दस लाख की फिरौती पूरी नहीं करने और अपहरण का राज खुलने के डर से गांव टिटौली में युवक ने दस साल के अपने सगे ममेरे भाई आहिल पुत्र सखावत की शाही के जंगल में ब्लेड से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्यारोपी फुफेरा भाई वसीम की निशानदेही पर शव बरामद करने के बाद जवाबी कार्यवाही के दौरान पुलिस ने मुठभेड़ में दोनों पैरों में घुटने के नीचे गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया।

एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े दस बजे थाने पर सखावत नवी ने अपने तीसरे नंबर के 10 वर्षीय बेटे




आहिल के शाम पांच बजे से लापता होने की सूचना दी।जिस पर आहिल की तलाश में टीम जुट गई। इसी दौरान सखावत नवी के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से दस लाख रुपये की फिरौती मांगने का मेसेज आया।



लौड़ा मिल जाएगा 10 लाख लेकर बढ़े लड़के को भेज दो पश्चिम के जंगल में मैसेज देखकर पुलिस ने गांव में लगे सीसी टीवी फुटेज देखी। जिसमें आहिल का 28 वर्षीय फुफेरा भाई वसीम उसे बाइक से शाही की ओर ले जाता दिखा।सीसीटीवी फुटेज और मैसेज वाले मोबाइल के लोकेशन व शक के आधार पर परिजनों और पुलिस टीम के साथ आहिल की तलाश कर रहे वसीम को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ के दौरान सख्ती करने पर उसने आहिल के अपहरण की बात स्वीकार की। कहा उसके पिता यानि अपने मामा से दस लाख रुपये की फिरौती मांगी। जब उसे पता लगा कि मामा सखावत पुलिस के संपर्क मे आ गए है।फिरौती नहीं देने और पुलिस के संपर्क में आने पर पकड़ने के डर से उसने थाना शाही के गांव विक्रमपुर के जंगल में ले जाकर आहिल की ब्लेड से गला काटकर हत्या करके शव झाड़ियों में छुपा दिया।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने थाना शाही के गांव विक्रमपुर के जंगल में घने तिल की फसल के खेत से आहिल का रक्त रंजित शव बरामद करके कब्जे में ले लिया।घटना स्थल पर ब्लेड और कुछ दूरी पर झाड़ियों से बाइक बरामद कर ली।बरामदगी के दौरान आरोपी ने मौका पाकर बाइक के बैग से अवैध असलाह निकाल कर पुलिस टीम पर फायर कर दिया।खुद को बचाते हुए पुलिस ने जवाबी कार्यवाही करते हुए दोनो पैरों में घुटने से नीचे गोली मारकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष की पुत्रवधु का उपचार के दौरान हुआ निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** दो माह पहले सड़क दुर्घटना में घायल हुई दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष सतेंद्र सिंह राठौर की पुत्रवधु का सोमवार को उपचार के दौरान निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई, और बड़ी संख्या में लोगों ने उनके घर पहुंचकर दु:ख व्यक्त किया।

दो माह पहले 15 जून को दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष सतेंद्र सिंह राठौर के बड़े पुत्र अभिषेक राठौर उर्फ मन्नू अपनी पत्नी रिचा राठौर के साथ केदारनाथ धाम की यात्रा कर अपने घर नवाबगंज वापस लौट रहे थे कि उनकी कार किसी पशु के सामने आने से टकरा गई थी, जिसमें दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें तत्काल ही ऋषिकेश के एम्स में भर्ती कराया गया था, कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद जहां पति अभिशेष राठौर की छुट्टी कर दी गई थी, वहीं उनकी पत्नी रिचा राठौर ने उपचार के दौरान आज आखिरी सांस ली।

उनके निधन पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रवींद्र सिंह राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर, भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह राठौर, एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, नव निर्वाचित अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, युवा अधिवक्ता राजीव गंगवार, शारिक खां, सपा नेता प्रो. राशिद अंसारी, सभासद नीलम राठौर, सोनू राठौर, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व सदर हाजी परवेज गुड्डू, आदिल हुसैन अंसारी, तसव्वर हुसैन अंसारी, डॉक्टर रिहान खां, सुरेन्द्र राठौर, निसार अहमद अंसारी कातिब, झांझन लाल गंगवार, जफरुद्दीन मंसूरी, उपदेश राठौर, महबूब सावरी, अधिवक्ता भुवनेश गंगवार, कासिम अंसारी, दीपक सूरी, दीपक आनन्द, नसीम जावेद, जितेन्द्र चड्ढा, नईम अहमद आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### नदी में डूबकर 18 वर्षीय युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** सोमवार को कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा है गया, जहां नदी के पास से गुजरने के दौरान पैर फिसलने से एक युवक की नदी में डूबकर मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान महेश (उम्र लगभग 18 वर्ष) पुत्र मोहन स्वरूप निवासी ग्राम धीमरी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया है।

18 वर्षीय महेश गांव के पास बह रही नदी के किनारे से निकल रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गया। नदी में गिरने के बाद वह डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। इस तरह की घटनाएं अक्सर नदी के किनारे सावधानी नहीं बरतने के कारण होती हैं। पहाड़ी क्षेत्र में लगातार वर्षा होने के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ा हुआ है, जिससे ऐसे हादसों का खतरा अधिक होता है।

कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि युवक नदी पर टहलने गया था, किसी कारण नदी में गिर गया, जिस कारण उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# हरदुआ-रिछोला में बड़े ही अकीदत के साथ मनाया गया चेहल्लुम

- भारी भीड़ के चलते वाहनों को किया गया डायवर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव हरदुआ किफायतुल्ला में कल रविवार को निकली शोभायात्रा के चलते चेहल्लुम एक दिन बाद आज सोमवार को मनाया गया। सोमवार को हरदुआ और रिछोला के तख्त और ताजियों का भारी जुलूस हरदुआ तिराहे पर पहुंचा, जहां देर तक दोनों ग्रामों के तख्त और ताजियों में मुकाबला होता रहा। उसके बाद तख्त अपने अपने ग्रामों के इमामबाड़ों में रख दिए गए, जबकि ताजियों को करबला में दफ्न कर दिया गया।

गौरतलब हो दोनों ग्रामों हरदुआ किफायतुल्ला और रिछोला किफायतुल्ला के चेहल्लुम चांद की 22 तारीख को होते आए थे, लेकिन इस वर्ष ग्राम हरदुआ में इसी दिन शोभायात्रा निकलने को लेकर पुलिस प्रशासन ने दोनों ग्रामों के ताजियेदारों को कोतवाली बुलाकर इस मामले में आम सहमति बनाई थी, जिसके चलते चेहल्लुम को एक दिन आगे बढ़ाना पड़ा। जिसके चलते रविवारों की रात दोनों ग्रामों में गश्त की गई, और सोमवार को दोनों ग्रामों के तख्तों का जुलूस हरदुआ



तिराहे पर पहुंचा। चेहल्लुम को देखने के लिए बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामों से महिलाएं, पुरुष और बच्चे यहां पहुंचे थे। नेशनल हाईवे मार्ग पर लगने वाले इस विशाल मेले के चलते पुलिस को कुछ समय के लिए वाहनों को रास्ता डायवर्ड करना पड़ा। मेले की व्यवस्था में ग्राम प्रधान पति मुमताज अहमद, पूर्व प्रधान मो. सलीम अंसारी, मुन्ने बख्श अंसारी सहित बड़ी तादाद में लोग लगे रहे, जबकि सीओ नीलेश मिश्र, कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव भारी पुलिस बल और पीएसी के साथ मौजूद रहे।

# वेतन न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने शाखा प्रबंधक को दिया अल्टीमेटम

- 20 अगस्त तक वेतन नहीं मिला तो शाखा पर करेंगे भूख हड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** जुलाई माह का वेतन न मिलने से नाराज नगरपंचायत कर्मचारी एकत्र होकर आज सोमवार को एसबीआई की शाखा पहुंच गए। शाखा प्रबंधक को लिखित पत्र देकर चेतावनी दी गई है कि यदि दो दिन में वेतन का भुगतान नहीं किया तो सभी कर्मचारी शाखा गेट पर ताला लगाकर भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। कर्मचारियों ने जिलाधिकारी बरेली, उपजिलाधिकारी मीरगंज अधिशासी अधिकारी, थाना प्रभारी शीशगढ़ को भी एक प्रतिलिपि भेजकर अपने निर्णय से अवगत करा दिया है।

बताते चलें कि शीशगढ़ की भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में नगरपंचायत कार्यालय में तैनात करीब 70 कर्मचारियों के खाते हैं। सभी कर्मचारियों के खाते में ही वेतन जाता है, लेकिन इस बार समय से वेतन न मिलने से कर्मचारियों का रक्षा बंधन का त्यौहार भी फींका हो गया। कर्मचारियों का वेतन न मिलने की शिकायत कर्मचारियों ने चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू से भी की, लेकिन उनको भी आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला, जबकि नगरपंचायत द्वारा कर्मचारियों के खाते में वेतन का स्थानांतरण करने के लिए चार अगस्त को एसबीआई की शाखा को सूची भेज दी गई थी, फिर भी वेतन नहीं मिला तो अब कर्मचारियों का सब्र भी जवाब दे गया। आज सोमवार को दोपहर सभी कर्मचारी इकठ्ठा होकर एसबीआई की शाखा पहुंच गए। शाखा पर मौजूद कार्यवाहक मैनेजर मुकेश कुमार को दिए गए लिखित शिकायती पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि दो दिन में वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो सभी कर्मचारी 20 अगस्त को शाखा पर धरना प्रदर्शन करेंगे, तालाबंदी करके भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। इस संबंध में जब हमने शाखा प्रबंधक विवेक कुमार सिंह से बात करनी चाही तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था।

> कर्मचारियों को वेतन त्यौहार से पूर्व मिल जाए, इसके लिए हमने चार अगस्त को वेतन की सूची एसबीआई के शाखा प्रबंधक को उपलब्ध करा दी थी, लेकिन फिर भी कर्मचारियों को समय से वेतन न मिलना शाखा प्रबंधक की उदासीनता है।
>
> **नीलोफर**
> **चेयरमैन**
> **नगर पंचायत शीशगढ़**

# गौशाला में गौवंश को ट्रैक्टर से खींचने पर संचालक ग्राम प्रधान समेत दो पर रिपोर्ट दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा की ग्राम पंचायत मधुनगला में चार दिन पूर्व गौशाला में कई गौवंशों की मौत के बाद गौवंश को ट्रैक्टर से खींचकर गड्ढे में डालकर दफन करा दिया गया था, उन्हें ट्रैक्टर से खींचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर मामले की शिकायत एक्स पर होने के बाद क्योलड़िया थाने के एसएसआई ने गौशाला संचालक और ग्राम प्रधान के खिलाफ पशु क्रूरता की धारा में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

चार दिन पहले ग्राम मधु नगला की गौशाला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरस हुए थे, जिसमें कई गौवंश के शव पड़े हुए दिखाई दे रहे थे, जबकि कई घायल गौवंश दर्द से तड़प रहे थे, कई गौवंश की आंखें कौओं ने नोंच ली थी। ग्रामीणों का आरोप है कि वहां 20 से अधिक गौवंश की मौत हुई थी। उनकी मौत के बाद मृत गौवंशों को ट्रैक्टर से खींच कर गड्ढे में डालकर दफन कर दिया गया था। इस मामले की शिकायत एक्स पर होने के बाद क्योलड़िया थाने के एसएसआई देशराज सिंह ने गौशाला संचालक ग्राम प्रधान सुमित वर्मा व गौशाला कार्यकर्ता विमल के खिलाफ पशु क्रूरता की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## गौवंश की मौत के मामले में कार्रवाई के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

दूसरी ओर सोमवार को मधु नगला गांव की गौशाला में गौवंश की मौत के मामले में अब तक प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, इससे नाराज पैनी नजर सामाजिक संस्था व विहिप के जिला गोविज्ञान परीक्षा प्रमुख ने कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम को अलग-अलग ज्ञापन सौंप दोषियों पर कार्रवाई की मांग की, उनका आरोप है कि गौशाला में इतनी बड़ी तादाद में गौवंश की मौत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। जबकि गौशाला में मृत गौवंश को ट्रैक्टर से खींचकर गड्ढे में दफन कर दिया गया। जबकि कई गौवंश की आंखें कौवों ने नोंच डालीं। इससे नाराज पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष एड सुनीता गंगवार व विहिप के जिला गोविज्ञान परीक्षा प्रमुख सलिल मयंक श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है। वहीं विहिप के जिला गोविज्ञान परीक्षा प्रमुख ने कार्रवाई न होने पर धरना प्रदर्शन की चेता. वनी दी है। जुलूस के रूप में नारे लगाते हुए तहसील पहुंचे कार्यकर्ताओं में दीपक पंडित, हिंदू जागरण मंच के नगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता, राकेश सक्सेना आदि शामिल थे।

# प्रधान ने आयुक्त से की बीएलओ नियुक्ति में की जा रही धांधली की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा की ग्राम पंचायत मरगापुर मरगईया की महिला प्रधान निशा गंगवार ने मंडल आयुक्त को शिकायती पत्र भेजकर बीएलओ की नियुक्ति में की जा रही धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

ग्राम प्रधान निशा गंगवार द्वारा की गई शिकायत के मुताबिक पंचायत निर्वाचन 2026 की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य के लिए उनके गांव में 15 किलो मीटर दूर स्थित माधोपुर के सरकारी स्कूल के शिक्षक अभिलाष चन्द की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसपर उन्होंने ग्राम में अपनी रिश्तेदारी होने का हवाला देते हुए ड्यूटी काटे जाने की गुहार लगाई थी, जिसपर उन्होंने अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार प्रतिस्थानी का सहमति पत्र भी दे दिया गया। जिसके चलते उनके साथ ही ग्रामों सुन्दरी, अटंगाचादपुर, अमसहा, जवेदा जवेदी, पनबढ़िया इलाका जलालपुर, क्योलडिया, कुंवरपुर तुलसी पट्टी के भी बीएलओ को 8 अगस्त को बदल दिया गया था। जिसकी सूची भी जारी कर दी गई थी।

आरोप है कि ग्राम प्रधान के गांव के बीएलओ को छोड़कर बदले गए सभी बीएलओ को सामग्री दे दी गई, लेकिन उनके ग्राम के बीएलओ को सामग्री नहीं दी गई। ग्राम प्रधान ने मंडल आयुक्त को की गई शिकायत में इस मामले में राजनीति दबाव के चलते सामग्री न दिए जाने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

संख्या- 1113 /न०पा०प० ब०/कर/2025-26 दिनांक- 18.08.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तर्गत आराजी-335 वार्ड-4 जो पालिका कर अभिलेखों में श्रीमती फिजा जाफरी पत्नी दानिश पुत्री नूरूल हसन के नाम से दर्ज है एवं मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-19.04.2025 के द्वारा श्रीमती फिजा जाफरी पत्नी श्री दानिश पुत्री श्री नूरूल हसन निवासी मोहल्ला टांडा बेरी वाली कुइंया कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्रीमती नाजरीन हसन पत्नी श्री मो० हसन निवासी मोहल्ला टांडा बेरी वाली कुइंया कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है।

श्रीमती नाजरीन हसन पत्नी श्री मो० हसन निवासी मोहल्ला टांडा बेरी वाली कुइंया कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

# परचम कुशाई की रस्म के साथ तीन रोजा उर्स-ए-रजवी का आगाज

- देर रात तक जारी रहा नातिया मुशायरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आला हजरत फाजिले बरेलवी का सोमवार को 107 वां उर्स-ए-रजवी का आगाज परचम कुशाई की रस्म के साथ हो गया। रात में नातिया मुशायरा व हुज्जातुल इस्लाम के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। उर्स की सभी रस्में दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत और सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में दरगाह परिसर व इस्लामिया मैदान में अदा की जा रही हैं। नातिया मुशायरा देर रात तक जारी था। दुबई, साउथ अफ्रीका, मलावी, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल के अलावा देश के कोने-कोने से जायरीन पहुंच गए हैं।

मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि इस्लामिया मैदान में रजवी परचम मुख्य गेट पर नसब कर दिया गया। रजवी परचम लहराते ही विधिवत उर्स का आगाज हो गया। नारे तकबीर अल्लाह हो अकबर, मसलक-ए-आला हजरत जिंदाबाद के नारों के बीच दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) ने अपने दस्ते मुबारक से



(हाथों) सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां, सय्यद आसिफ मियां व देश-दुनिया से आये उलेमा की मौजूदगी में ठीक 8:30 बजे परचम कुशाई की रस्म अदा की। परचम कुशाई होते ही फिजा में आला हजरत की लिखी नात व मनकबत गूँजने लगी।

इससे पहले आजम नगर स्थित हाजी अल्लाह बख्श के निवास पर फातिहा ख्वानी का एहतिमाम हुआ। लंगर के बाद परचमी जुलूस 6 बजे बजे दरगाह के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की कयादत में अपने रिवायती रास्तों कुमार टाकीज, इंदिरा मार्केट होते हुए बिहारीपुर के ढाल के रास्ते दरगाह पहुंचे।

यहां सलामी देने के बाद जुलूस दरगाह से दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां की कयादत में वापस इस्लामिया मैदान पहुँचे। बाद नमाज-ए- मगरिब महफिल- ए-मिलाद हाजी गुलाम सुब्हानी व आसिम नूरी ने पेश की। रात में 10 बजकर 35 मिनट पर आला हजरत के बड़े साहिबजादे हुज्जातुल इस्लाम मुफ्ती हामिद रजा खान (हामिद मियां) के कुल शरीफ की फातिहा मुफ्ती जईम रजा व मुफ्ती जमील ने पढ़ी। मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने अपने खिताब में कहा कि शिक्षा के लिए आज प्रचार प्रसार किया जा रहा है, लेकिन हुज्जातुल इस्लाम ने 1938 में मुरादाबाद में हुई एक बड़ी कॉन्फ्रेंस में मुसलमानों से अपने बच्चों को तालीम दिलाने पर जोर देते हुए अपने आप को आर्थिक रूप से मजबूत करने का आव्हान किया। दुनिया भर में सुन्नियत की पहचान कराने में अहम रोल अदा किया। आला हजरत की वजह से बरेली सुन्नियत का केंद्र बन गया। हम लोग मुल्क की हिफाजत और आपसी सौहार्द और हिंदू मुसलमानो में बड़ी दूरियों के खत्म करने के लिए प्रयास करें।

## दरगाह प्रमुख व सज्जादानशीन का जायरीन के नाम अहम पैगाम

उर्स-ए-रजवी में दुनिया भर से आने वाले जायरीन के नाम अपना पैगाम देते हुए दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने कहा कि दुनिया ने अपने दामन में अच्छी और बुरी दो सिफत रखने वाली शख्सियात को समेट कर पनाह दी है। लेकिन कुछ शख्सियात का पैकर-ए-अहसास इतना शानदार होता है कि जिन्हें तारीख (इतिहास) में सुरक्षित रखने के प्रयास किए जाए या नहीं, वह खुद इतिहास रच देते हैं। इमाम अहमद रजा फाजिले बरेलवी ने हर विषय पर इतना गहरा इल्म हासिल किया, इससे सब हैरान है। जिसने कुरान की बातों को माना और उस पर अमल किया, उसने मुख्तसिर जिंदगी में सदियों की कमाई हासिल कर ली। मेरे इमाम पर ये अता..ये नवाजिश.. ये इनायत.. ये करम.. ये फैज सब कुछ महज इश्कध्-ए-रसूल की बुनियाद पर हासिल था। हमारे दादा जान आला हजरत ने अपने इल्मी और दीनी सलाहियतों से मुसलमानों में जो जहनी इंकलाब पैदा किया, उसकी शहादत इसकी पूरी सदी दे रही है। इस 107 वें उर्स-ए-रजवी के मुबारक मौके पर देश विदेश से आने वाले तमाम मुरीदीन को दरगाह का पैगाम यही है कि सभी लोग दीन-ए-इस्लाम पर सख्ती से कायम रहते हुए अल्लाह की रस्सी को मजबूती से थाम लें। खानकाही इत्ते. हाद पर जोर देते हुए कहा कि सभी सिलसिले के बुजुर्गों ने हमें आपस में मिलजुल रहने की सीख दी है। साथ ही मसलक-ए-अहले सुन्नत और मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए काम करें। इस्लाम और आला हजरत का पैगाम मुहब्बत है, उसे आम करें। सामाजिक बुराईयों से अपने आप को महफूज रखते हुए सोशल मीडिया का इस्तेमाल खासकर आज का युवा बहुत सावधानी के साथ करें। अपने मजहब और अपने वतन के सच्चे वफादार रहकर लोगों के लिए भलाई का काम करें। यही आला हजरत के लिए सच्चा खिराज होगा।

### आज 19 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम

मंगलवार को बाद नमाज ए फज्र कुरानख्वानी होगी। सुबह 9.58 मिनट पर रेहाने मिल्लत व 10.30 बजे मुफस्सिर-ए आजम के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। इसके बाद आपसी सौहार्द कॉन्फ्रेंस होगी। उलेमा नामूसे रिसालत, मिशन मसलक आला हजरत, समाज सुधार, आपसी सौहार्द, देश मे बढ़ती हिन्दू-मुस्लिम दूरी, सामाजिक बुराई के खात्मे पर चर्चा करेगें। दिन में कार्यक्रम व चादरपोशी का सिलसिला जारी रहेगा। रात में दुनियाभर के मशहूर उलेमा की तकरीर होगी। देर रात 1 बजकर 40 मिनट पर मुफ्ती आजम-ए-हिन्द के कुल शरीफ की रस्म अदा होगी।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी/देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के एक गांव के युवक कहना है कि जब वह कनमन बाजार सब्जी लेने गया था तो बाजार में गांव के ही लोगों ने उसके साथ गाली गलौज और मारपीट कर दी। बीच बचाओ के बाद जान से मारने की धमकी दी है।

पीड़ित ताराचन्द पुत्र राधे श्याम निवासी ग्राम इटौआ शरीफनगर थाना देवरनियां ने आरोप लगाया है कि उसके गांव के ही देशपाल और संतोष पुत्रगण भजन लाल निवासी ग्राम इटौआ और उनके बहनोई छोटू और अनीता पत्नी छोटू निवासी ग्राम मवई थाना भोजीपुरा बरेली ने मिलकर उसे मारा-पीटा, और जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित ताराचन्द का आरोप है कि जब वह कनमन बाजार से सब्जी लेकर निकला था, तब कनमन चौराहे पर उपरोक्त लोगों ने उसे घेर लिया, और गाली-गलौज करते हुए डंडों और लात-घूसों से बुरी तरह मारा-पीटा। आसपास के लोगों और शकील अहमद इटौआ ने किसी तरह उसकी जान बचाई। उपरोक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी, और उसका मोबाइल भी तोड़ दिया।

पीड़ित ताराचन्द ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि यह लोग उसके परिवार से दुश्मनी मानते हैं, और उनके साथ जमीन को लेकर मुकदमा चल रहा है। पीड़ित को अपनी जान-माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तीन दिन शहर के कई विद्यालय रहेंगे बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आला हजरत उर्स में भारी भीड़ के पहुंचने के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए विद्यालयों को तीन दिन तक बंद करने के आदेश दिए हैं। बीएसए संजय सिंह ने आदेश जारी किया कि 18, 19 और 20 अगस्त को प्राथमिक विद्यालय कहरवान व बिहारीपुर, कंपोजिट विद्यालय मॉडल किशोर बाजार को बंद रखा जाएगा। इसके साथ ही उर्स के अंतिम दिन 20 अगस्त को नगर क्षेत्र के यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई और बेसिक शिक्षा परिषद से जुड़े सभी स्कूलों के साथ ही कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और तकनीकी संस्थान भी बंद रहेंगे। वहीं परिषदीय विद्यालयों में 18 से 23 अगस्त तक होने वाली सत्र परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। बेसिक शिक्षा निदेशक ने बीएसए को पत्र जारी कर कक्षा 1 से 8 की परीक्षाएं 25 से 30 अगस्त तक कराने के निर्देश दिए हैं।

# 21 अगस्त से होगी झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरसात का इंतजार कर रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। मौसम विभाग के मुताबिक 21 अगस्त से प्रदेश में एक बार फिर मानसून सक्रिय होने जा रहा है। बंगाल की खाड़ी से बने नए वेदर सिस्टम का असर सीधे यूपी पर पड़ेगा, जिससे कई जिलों में झमाझम बारिश होगी। फिलहाल प्रदेश में उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। कानपुर, वाराणसी, अयोध्या सहित कई जिलों में पारा 35 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है। वहीं पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद जैसे तराई क्षेत्रों में 19 अगस्त को भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

## तीनों तहसीलों में 70 शिकायतें हुई दर्ज, 10 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से जिले की तीनों तहसीलों में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 70 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 10 शिकायतों का समाधान मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निस्तारण के दिशा-निर्देश दिए। सदर तहसील में कुल 06 शिकायतें दर्ज की गईं,




जिसके सापेक्ष 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए शासन गंभीर है। अतः अधिकारीगण निस्तारण में कोताही न बरतें और प्राथमिकता के साथ प्रत्येक शिकायत का मौके पर जांच कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सदर तहसील के परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपित कर, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी टीकम सिंह, तहसीलदार सदर प्रतीक चौहान एवं संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 39 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसके सापेक्ष 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 25 शिकायते दर्ज की गईं, जिसके सापेक्ष 01 शिकायत का निस्तारण सम्बंधित अधिकारी के माध्यम से मौके पर ही किया गया।

# डीएम ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में बाढ़ तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु की गई तैयारियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया।



जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बाढ़ चौकियों को सक्रिय रखा जाए तथा वहां पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगाई जाए और जरूरी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित हो।

जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि वह नियमित रूप से नदियों के जल स्तर की निगरानी करें तथा समय-समय पर प्रशासन को अवगत कराएं। बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों के निवासियों को सतर्क रहने और पानी बढ़ने की संभावना के बारे में लगातार जानकारी दी जाए। साथ ही प्राधिकरणों के अधिकारियों से कहा कि डूब क्षेत्रों में जो गौशालाएं है, उनको लेकर भी वैकल्पिक व्यवस्था रखी जाए, क्योंकि यदि जनपद में बाढ़ की स्थिति बनती है तो वहां से गोवंशों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा जा सके।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति से निपटने हेतु आपसी समन्वय बनाते हुए अपनी सभी तैयारियों को पूर्ण रखें और राहत कार्यों को लेकर पहले से ही अपनी योजना तैयार कर ली जाए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौबे, एआरओ चारुल यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग से पवन कुमार, सी.पी. सिंह रावल तथा अन्य संबंधित विभागों के आधिकारिक उपस्थित रहे।

# लेखपाल पर बरसे प्राधिकरण शीर्ष अधिकारी

- **नोटिस और सील भवनों की लिस्ट बनाएं, अवैध निर्माण पर दर्ज कराएं एफआईआर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा की अधिसूचित जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ लिए जा रहे एक्शन से प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी नाखुश हैं। अब तक अवैध निर्माण को लेकर लिए गए एक्शन पर लेखपालों के साथ एक विस्तृत बैठक की गई।

ओएसडी महेंद्र प्रसाद ने निर्देश दिए कि नोएडा की अधिसूचित जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण के संबंध में ग्रामवार, खसरा नंबर और अतिक्रमणकर्ता की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर संबंधित थानों में एफआईआर की जाए।

**अब तक दर्ज नहीं एफआईआर की बनाएं सूची:** जिन मामलों में थानों में शिकायत दी गई, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। प्रभावी पैरवी करके इसकी एक विस्तृत जानकारी बनाए और शीर्ष अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जाए। ताकि पुलिस के आला अफसरों से बातचीत कर एफआईआर दर्ज कराई जा सके।

अवैध निर्माण के खिलाफ दिए गए नोटिस, संबंधित थानों में दी गई तहरीर , सील किए गए भवन की एक सूची बनाई जाए।

**अधिसूचना के बोर्ड को सही किया जाए:** नोएडा प्राधिकरण ने जिस स्थानों पर अधिसूचित बोर्ड लगाए हैं उनको ठीक किया जाए। यमुना और हिंडन डूब में अवैध निर्माण को रो. कने के लिए जिला प्रशासन, सिंचाई विभाग और पुलिस विभाग से समन्वय कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। इन मामलों में यदि थोड़ी सी भी लापरवाही बरती तो लेखपाल के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

# निवेश मुनाफा दिखाकर ठगे 1.57 करोड़

- **वॉट्सएप ग्रुप पर जोड़कर ठगा, विश्वास जीतने के लिए दिखाए सेबी से जुड़े डॉक्यूमेंट्स**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश कर लाखों रुपए का मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने बुजुर्ग कारोबारी के साथ 1.57 करोड़ रुपए की ठगी की। ठगों ने वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़कर ठगी की। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, उनकी जानकारी जुटाई जा रही है।




पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-128 स्थित जेपी ग्रीन्स सोसाइटी निवासी अजय सिंह ने बताया- वह कारोबारी हैं और शेयर बाजार की अच्छी समझ रखते हैं। सात जून को अजय को शेयर बाजार संबंधी एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया गया। इसमें 20 से अधिक सदस्य थे,जो लगातार निवेश पर होने वाले मुनाफे का स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे। 15 जून को अजय के पास फोन कर एडमिन अनिकिता डेका नाम की महिला ने खुद को कथित बजाज फाइनेंशिल कंपनी से होना बताया।

**पहली बार में 50 हजार कराए निवेश:** अनिकिता ने कहा कि अगर उसके निर्देशन में निवेश किया जाए तो शत प्रतिशत मुनाफा होगा। इसकी उसने गारंटी भी दी। उसने नामी कंपनी और सेबी से जुड़े कागजात भी दिखाए। कागजात देखने में सही लग रहे थे। ऐसे में अजय को महिला द्वारा कही गई बातों पर विश्वास हो गया। ठगों ने एक ऐप पर अजय का पंजीकरण कराकर शुरुआत में 10 से 50 हजार का निवेश कराया। इससे अजय को मुनाफा भी हुआ, जो ऐप में दिख रहा था। प्रारंभिक चरण में अजय को रकम निकालने की अनुम. ति भी दी गई।

**ऐप पर रोजाना दो से तीन गुना मुनाफा:** ठग हर दिन ऐप पर मनच. हा मुनाफा दिखाते जा रहे थे। ऐप पर अजय को कुल निवेश का दो से तीन गुना मुनाफा होता दिख रहा था। ठगों ने आइपीओ की अलॉट खरीद के नाम पर भी रकम ऐंठी।

पीड़ित ने जब सारी रकम निवेश कर दी तो उसपर और रकम ट्रांसफर करने का दबाव बनाया जाने लगा। ऐसा करने से मना करने पर ठगों ने खुद ही सात दिनों के लिए 10 लाख रुपए का ब्याजमुक्त लोन अजय को दे दिया। अजय ने 19 जुलाई तक 1. 85 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। एप पर पोर्टफोलियो 59 करोड़ रुपए दिखा रहा था।

**सर्विस चार्ज के मांगे 13 करोड़:** जमा पूंजी खत्म होने पर अजय ने मुनाफे समेत रकम को निकालना चाहा। ठगों ने इसके बाद सर्विस समेत अन्य चार्ज के नाम पर 13.5 करोड़ रुपए जमा कराने का फरमान सुना दिया। यह सुनकर अजय के होश उड़ गए।

उन्होंने रकम जमा करने से मना किया तो ठगों ने ग्रुप से निकालकर संपर्क तोड़ लिया। जिस नंबर से कथित अनिकिता डेका ने कॉल की थी वह नंबर भी बंद आने लगा। सेक्टर-126 थाना प्रभारी ने बताया पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस मामले को साइबर क्राइम थाने भेजकर जांच कराई जाएगी।

## एक नजर

### ग्रीन बेल्ट में बढ़ती गंदगी से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-16 बी में जगह-जगह कचरा पड़ा होने के कारण लोग परेशान हैं। निवासी दिनकर ने बताया कि सड़क किनारे, पार्कों के पास और सोसाइटियों के बाहर गंदगी का ढेर लगे हैं। यह प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसके कारण ग्रीन हरियाली नष्ट हो गई है। वहीं, बरसात के मौसम में यह समस्या और अधिक बढ़ गई है। आरोप है कि ग्रीन बेल्ट पर रेहडी और पटरी वाले कचरे को सड़क पर छोड़कर चले जाते हैं या नालों में डाल देते हैं। इसके कारण नाले जाम हो गए हैं। प्राधिकरण से शिकायत करने पर भी इन समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा।

### जापानी कंपनी एस्कॉर्टस कुबोटा करेगा 4500 करोड़ का निवेश

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण ने सोमवार को जपानी कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड को सेक्टर-10 में 190 एकड़ जमीन के लिए लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया है। इस जमीन पर कंपनी ट्रैक्टर निर्माण की एक यूनिट बनाएगी। प्राधिकरण ने बताया कि एस्कॉर्ट्स एक भारतीय कंपनी है। जिसने 2019 में जापानी कंपनी कुबोटा के साथ साझेदारी की थी। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय किसानों और वैश्विक बाजारों की आवश्यकताओं के अनुसार किफायती और उपयोगी ट्रैक्टरों का निर्माण करना है।

**पहले फेज में दो हजार करोड़ का निवेश:** एस्कोर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने करीब एक साल पहले उत्तर प्रदेश सरकार के साथ 200 एकड़ जमीन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। यह परियोजना लगभग 4500 करोड़ के निवेश के साथ शुरू की जा रही है।

जिसमें चरणबद्ध तरीके से करीब 4000 लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य है। पहले चरण में कंपनी 2000 करोड़ का निवेश करेगी, जिसमें ट्रैक्टर प्लांट, कॉमर्शियल इक्विपमेंट प्लांट और अन्य सहायक सुविधाएं स्थापित की जाएंगी।

**मांग पर बढ़ेगा निवेश:** दूसरे चरण का विस्तार बाजार की मांग और पहले चरण की उत्पादन क्षमता के उपयोग पर निर्भर करेगा। कंपनी का लक्ष्य भारत और वैश्विक बाजारों के लिए उत्पाद तैयार करना है। इसके लिए यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में एक ग्रीनफील्ड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा।

### सफाई कर्मियों की मौत पर एक्शन

**नोएडा।** सेक्टर 115 में 16 अगस्त को पंपिंग स्टेशन के सीवर की सफाई के दौरान दो सफाई कर्मियों की मौत के मामले में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम ने कड़ी कार्रवाई की है। जांच रिपोर्ट में अवर अभियंता, प्रबंधक और वरिष्ठ प्रबंधक तीनों की लापरवाही सामने आई है। ऐसे में सीईओ ने अवर अभियंता अनिल वर्मा संविदा को 3 महीने के लिए सेवा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं।

प्रबंधक पवन बरनवाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ जल एवं सीवर के खंड एक के वरिष्ठ प्रबंधक अशोक कुमार वर्मा को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बता दे अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश को जांच करने की जिम्मेदारी सौंप गई थी। उन्होंने सोमवार को जांच रिपोर्ट सीईओ को सौंपी। जिसमें सेक्टर 115 के पंपिंग स्टेशन की सीवर की सफाई के दौरान दो सफाई कर्मियों की मौत के मामले में उक्त तीन अधिकारियों को प्रथम दृष्टया लापरवाही का दोषी पाया गया है।

बता दें कि, जल एवं सीवर के महाप्रबंधक स्तर पर अक्सर ठेकेदारों को सख्त हिदायत दी जाती थी कि वह सुरक्षा उपकरण व मास्क के बगैर सफाई कर्मियों को सीवर में नीचे उतरने ना दें। इसके बावजूद भी ठेकेदारों ने शीर्ष अधिकारियों की चेतावनी को नजर अंदाज करके बिना सुरक्षा उपकरणों से सफाई कर्मियों को सीवर की सफाई के लिए नीचे उतार दिया। जिसके कारण जहरीली गैस से दम घुटने के कारण दोनों सफाई मजदूर की मौत हो गई थी।

### सपा की साइकिल यात्रा रोकी गई

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में समाजवादी पार्टी के नेता आज वोट चोरी का विरोध करते हुए एक साइकिल यात्रा निकालने वाले थे। यह लोग ग्रेटर नोएडा से दिल्ली तक साइकिल से जाते और अपना विरोध जताते लेकिन उससे पहले ही ग्रेटर नोएडा में सपा नेताओं को पुलिस के द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने बताया कि समा. जवादी पार्टी के युवा नेता विकास जतन प्रधान के नेतृत्व में चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी के विरोध में ग्रेटर नोएडा से दिल्ली तक साइकिल यात्रा निकालने की घोषणा हुई थी।

# कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-31/25 चौराहे के पास तेज रफ्तार कार के चालक ने सामने जा रही स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाने में दी शिकायत में गढ़ी चौखंडी निवासी आकाश कुमार ने बताया कि निठारी निवासी उनके जीजा सुनील कुमार रविवार को स्कूटी से जा रहे थे। मंगल बाजार के मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

# सिगरेट को लेकर बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा टू थाना क्षेत्र के अल्फा 2 सेक्टर में सिगरेट को लेकर हुआ मामूली विवाद बड़ी मारपीट में बदल गया। आरोप है कि नशे में धुत कुछ युवकों ने दुकानदार से झगड़ा शुरू कर दिया। बात बढ़ते-बढ़ते आरोपियों ने दुक. ानदार पर ईंट-पत्थर बरसा दिए। देर रात तक इलाके में जमकर हंगामा हुआ। घटना के दौरान वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोग दहशत में आ गए।

**सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो:** इस पूरी वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी युवक पत्थरबाजी कर रहे हैं और दुकानदार को निशाना बना रहे हैं।

**पुलिस जांच में जुटी:** हमले के बाद आरोपी कार में बैठकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# मेट्रो स्टेशनों से यात्रियों की मोबाइल चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर के विभिन्न मेट्रो स्टेशनों से सफर करने वाले यात्रियों की जेब से कीमती मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक गिरोह के शातिर बदमाश को थाना सेक्टर- 49 पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर गिरफ्तार है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 1 मोबाइल फोन बरामद किया है।

बदमाश के खिलाफ गाजियाबाद और नोएडा के थानों में विभिन्न आपराधिक मामलों में 4 मुकदमें दर्ज है। पुलिस इसके गिरोह में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि फिरोज नामक शख्स ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने उसकी जेब से कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के अनुसार 16 अगस्त को वह कश्मीरी गेट दिल्ली से मेट्रो पकड़ कर के नोएडा सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन पर पहुंचा। जब वह नीचे उतरा तो उसने देखा कि चोरों ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि मेट्रो स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज गोपनीय सूचना व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मोबाइल फोन चोरी करने वाला वांछित अभियुक्त इमरान पुत्र यासीन को मेघदूतम पार्क के सामने से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 1 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। अभियुक्त ने चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया है।

# यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे 25 अवैध ठेली-पटरी जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सड़कों के किनारे अवैध रूप से लगने वाले खोखा, ठेली- पटरी पर प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई जारी है। आज की गई कार्रवाई में अवैध रूप से सड़क किनारे ठेली-पटरी और झुग्गी बनाकर रहने वाले 25 लोगों हटाया गया है। प्राधिकरण द्वारा की गई का कुछ लोगों ने विरोध करना चाहा लेकिन पुलिस बल को देख कर अतिक्रमणकर्ता भाग चले।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि अर्बन सर्विसेज विभाग की तरफ से सोमवार को स्थानीय पुलिस के साथ ग्राम तुगलपुर के मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से लग रही ठेली-पटरी, झुग्गी व अस्थायी दुक. ानों को हटवाया गया है । करीब 25 ठेली-पटरी और अस्थाई दुकानों को हटा दिया गया है।

उन्होंने बताया कि वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव के नेतृत्व में हुई इस कार्वाई में मैनेजर शुभांगी तिवारी, सहायक मैनेजर नरेश गुप्ता सहित अर्बन सर्विसेस विभाग की पूरी टीम शामिल रही। उन्होंने बताया कि सड़कों के किनारे अवैध ठेली-पटरी लगने से यातायात बाधित होता है। इसे ध्यान में रखते हुए सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सड़कों के किनारे ठेली-पटरी लगाकर यातायात को बाधित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# आसमान में आधी रात को ड्रोन दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के बिसरख गांव में आधी रात आसमान में ड्रोन दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर इनके वीडियो वायरल किए। पुलिस से मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया पर लोगों ने पुलिस से शिकायत की है। इसके साथ ही कुछ वीडियो भी अपलोड किए हैं। लोगों का कहना है कि रविवार की रात 1:00 बजे बिसरख गांव में आसमान में 10 से 15 ड्रोन देखे गए। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ड्रोन को लेकर पहले भी कई वीडियो सामने आ चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ड्रोन से निगरानी कर चोरी की घटनाएं की जाती हैं।

हालांकि, चोरी की ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई है। कुछ लोग इस तरह की घटनाओं को अफवाह बता रहे हैं। इस मामले में एडीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ. प्रवीण रंजन सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी की जा रही है। पुलिस द्वारा प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# ग्रेटर नोएडा में परिवार पर हमला

- **बुजुर्ग समेत चार लोग घायल, पुराने विवाद में पड़ोसियों ने किया हमला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के उस्मानपुर गांव में एक परिवार पर पड़ोसियों ने हमला कर दिया। घटना में एक बुजुर्ग समेत 4 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पीड़ित असगर ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम को उनके पिता अख्तर और मां घर पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी धारदार हथियार और लाठी-डंडों के साथ घर में घुस आए। आरोपियों ने पहले उनके पिता पर हमला किया। फिर मां और भाई को भी नहीं बख्शा। मौके पर पहुंची असगर की पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। हमला करने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए।

पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर भूरा, फरमान, रिजवान और रहीस के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों से पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में यह हमला किया गया। दनकौर कोतवाल प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# यमुना पुश्ते पर एलिवेटेड रोड बनेगी

## चार हजार करोड़ होंगे खर्च, सिचाईं विभाग से एनओसी का इंतजार, एयरपोर्ट से मिलेगी कनेक्टिवटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में यमुना पुश्तें पर एलिवेटेड रोड बनाने की योजना को जल्द रफ्तार मिलने की उम्मीद है। यह एलिवेटेड रोड नोएडा में सेक्टर-94 गोलचक्कर के पास से सेक्टर-150 तक बननी है। इसके निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने शासन और नोएडा प्राधिकरण को प्रस्ताव दिया है। साथ ही सिंचाई विभाग से एनओसी लेने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है।



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी के साथ एलिवेटेड बनने से नोएडा एक्सप्रेस वे पर यातायात का भार कम हो जाएगा। सिचाई विभाग से एनओसी मिलने के बाद एलिवेटेड की रुपरेखा तैयार की जाएगी।

**7 से 8 महीनों में मिल जाएगी एनओसी:** प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि आगामी सात से आठ दिनों में एनओसी मिल जाएगी। वहीं, प्राधिकरण के जीएम आरके अरोड़ा ने बताया निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने भी प्रस्ताव दिया है। छह लेन की इस सड़क के निर्माण पर करीब 4 हजार करोड़ रुपए खर्च आने का अनुमान है।

**नोएडा प्राधिकरण बोर्ड में मिली थी मंजूरी:** नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड ने यमुना पुश्ता पर एलिवेटेड का निर्माण यू पीडा से कराने का निर्णय लिया गया था। निर्माण में जितना भी खर्च आएगा, उसका वहन नोएडा , ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण करेगा। नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में चर्चा के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई थी। पहले ये एक्सप्रेस 6 लेन का एलिवेटेड और आठ लेन ऑन ग्राउंड बनाया जाना था। लेकिन अब इसे सिर्फ एलिवेटेड ही बनाया जाएगा।

**एयरपोर्ट की दिल्ली से सीधे कनेक्टिविटी:** दरअसल ये एक्सप्रेस वे छह लेन एलिवेटेड होगा। ये ओखला बैराज से हिंडन यमुना होते हुए यमुना एक्सप्रेस वे तक जाएगा। ये नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए दिल्ली से सीधे कनेक्टिविटी भी होगी। इसका फायदा तीनों प्राधिकरण नोएडा , ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे को होगा।

# भाकियू अम्बेडकर का कलेक्ट्रेट में हंगामा

## झोलाछाप डाक्टरों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन बीआर अम्बेडकर के कार्यकर्ताओं ने जर्जर सड़कों का निर्माण करने, अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासाउंड सैंटरों, अस्पतालों व पैथोलॉजी लैबों व सरकारी कार्यालयों से भ्रष्टाचार दूर करने की मांग को कलेक्ट्रेट में तीन घंटे जमकर हंगामा किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा अपनी मांगों को लेकर हंगामा करने लगे। उन्होंने बीस सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। जिसमें हसनपुर 0 प्वाइंट से सलारा तक तटबंध मार्ग पर जर्जर सड़क का निर्माण, जिले में सड़कों पर खुलेआम घूम रहे गोवंश को गौशाला भिजवाने, सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की तैनाती कराने, बिजली विभाग द्वारा रीडिंग में की जा रही घपलेबा. जी व डबल मीटर के नाम पर की जा रही अवैध वसूली को रोकने, कुछ गांवों में आज तक सड़क निर्माण नहीं किया गया है वहां सड़कों का निर्माण कराने, आरटीओ द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस के नाम पर की जा रही वसूली को रोकने की मांग की। हसनपुर क्षेत्र में काटे जा रहे आम के हरे भरे पेड़ों पर सख्त कार्रवाई की जाये। जिन लोगों के मकान कच्चे है उन्हें पक्के मकान दिये जाये, 60 साल के उम्र के लोगों को पेंशन नियमानुसार दी जाये, गांव में पाइप लाइन का विस्तार हो, गांव में ग्राम समाज की भूमि जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करायी जाये। पात्र लोगों के राशन कार्ड बनवाये जायें। बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग में फैले भ्रष्टाचार को दूर करने की मांग की। इस दौरान उन्होने मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में कपिल जाटव, सोनू गुर्जर, अशोक पहलवान, कुलदीप भारती, विजय सैनी, मोहित सैनी आदि शामिल रहे।

### सीएमओ बोले! झोलाछापों को पुलिस के हवाले करो

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** धरना दे रहे भाकियू अम्बेडकर के कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह से उन्होंने अवैध अस्पतालों, पैथोलॉजी लैबों, अल्ट्रासाउंड सैंटरों व झोलाछापों पर कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा जिला अस्पताल में सनी नाम के कर्मचारी द्वारा चिकित्सकों के नाम पर की जा रही अवैध वसूली पर कार्रवाई को कहा। सीएमओ ने किसानों से कहा कि वह झोलाछाप चिकित्सकों को पकड़कर स्वयं पुलिस के हवाले कर दें। क्योंकि झोलाछाप सैकड़ों मरीजों की जान ले चुके हैं।



गजरौला। कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते भाकियू बीआर अम्बेडकर के पदाधिकारी।

# गंगा में डूबे छात्र के परिजनों का हत्या का आरोप

## दो दोस्तों के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दोस्तों के साथ गंगा नहाने गये छात्र की गंगा के गहरे पानी में डूब कर मौत के मामले में मृतक के परिजनों द्वारा कोतवाली पहुंचकर गांव के ही दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। वही पुलिस जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी शिवम पुत्र सतपाल सिंह जाटव शनिवार की शाम करीब 3 बजे गांव के रहने वाले दोस्तों के साथ गंगा पर नहाने के लिए गया था। गंगा एक्सप्रेसवे पर मौजूद पहली पुलिया पर छात्र शिवम दोस्तों के साथ नहाने लगा। इस दौरान उसका पांव गहरे पानी में फिसल गया। जिससे वह डूबने लगा। साथ गये दोस्तों ने शोर मचाया लेकिन तब तक शिवम गंगा के गहरे पानी में समा चुका था। मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई तथा ग्रामीण पानी में डूबे हुए शिवम को तलाश करने लगे। सूचना मिलने पर डायल 112 भी मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने 3 घंटे के बाद डूबे हुए छात्र को पानी से बाहर निकाल लिया। वही चिकित्सकों द्वारा छात्र को मृतक घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। सोमवार को मृतक छात्र की मां एवं उसके परिजन कोतवाली पहुंचे और पुलिस को गांव के ही दो युवकों पर हत्या का आरा. ेप लगाते हुए तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर छात्र की डूबकर कर मौत हुई है।

# रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पीछे बैठे दो ग्रामीण घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया तो वहीं मृतक के शव को कब्जे में लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। वहीं पुलिस ने घटना की जिम्मेदार रोडवेज बस को भी कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार मण्डी धनौरा क्षेत्र के गांव ढ़यौटी निवासी करन सिंह प्रजापति (55) बाइक पर सवार होकर गजरौला चौपला पर सीओ ऑफिस की दिशा में जा रहे थे, बाइक पर पीछे ढ़यौटी निवासी ही जितेन्द्र व बॉबी भी बैठे थे। ये लोग किसी काम से नाईपुरा की दिशा में जा रहे थे कि रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में करन सिंह प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठे जितेन्द्र व बॉबी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ भी लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया तो वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी, बाद में आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। वहीं पुलिस ने घटना की जिम्मेदार रोडवेज बस को भी कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश की जा रही है। उधर जितेन्द्र व बॉबी की हालत भी गंभीर है। जितेन्द्र मुरादाबाद के श्री साई हॉस्पिटल व बॉबी पाकबड़ा के जीवन-24 हॉस्पिटल में उपचारधीन हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर प्रजापति समाज के लोग भी सीएचसी पहुंच गए।

**हादसा**

**बाइक पर पीछे बैठे दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल**

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में पथराव व फायरिंग

## पुलिस ने मौके पर पहुंच संभाली स्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में पथराव व फायरिंग होने से गांव में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव में छड़ी का मेला लगा हुआ था। ग्रामीण दिन छुपते ही छड़ी मेले में खरीदारी कर रहे थे। इसी दौरान बीच गांव में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट होने के बाद पथराव होने लगा। आरोप है कि एक पक्ष ने हवा में फायरिंग करनी शुरू कर दी। जिससे गांव में अफरा तफरी मच गई। छड़ी मेले में खरीदारी कर रहे ग्रामीणों के बीच भगदड़ मच गई। जिसको जहां को मौका मिला उसने उधर को ही बचने के लिए दौड़ लगा दी। पथराव इतना भयंकर था कि रास्ते में जा रहा एक राहगीर भी घायल हो गया। एक पत्थर राहगीर की जेब में रखे मोबाइल पर पड़ा तो वह भी टूट गया। बताया जा रहा है कि पथराव में एक पक्ष का एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। मारपीट में शामिल एक पक्ष गांव के राशन डीलर का बताया जा रहा है। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस को अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही इस मामले में कार्रवाई की जायेगी



अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को ज्ञापन देते सभासद।

# हसनपुर पालिका के सीमा विस्तार पर भड़के सभासद

## नौगांवा विधानसभा के गांवों को शामिल करने का विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हसनपुर नगर पालिका के सीमा विस्तार के खिलाफ सभासदों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने डीएम से शिकायत कर आरोप लगाया कि सीमा विस्तार के प्रस्ताव को बोर्ड की बैठक के एजेंडे में नहीं लाया गया। जबकि प्रस्ताव में उन गांवों को भी शामिल किया गया है जिनका विधान सभा क्षेत्र नौगांवा सादात है।

नगर पालिका परिषद हसनपुर द्वारा 14 गांवों को सीमा विस्तार में शामिल करते हुए डीएम के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जब इसकी जानकारी सभासदों को लगी तो वह भड़क गये। उन्होंने चेयरमैन पर आरोप लगाते कहा कि सीमा विस्तार के प्रस्ताव को बोर्ड की बैठक के एजेंडे में शामिल ही नहीं किया गया। यह विशेष प्रस्ताव होने के कारण नियामनुसार 2/3 के प्रस्ताव से स्वीकृत होना चाहिये था जो की नहीं कराया गया। इस प्रस्ताव में किसी प्रकार का कोई भी मानक पूर्ण नहीं किया गया है। पुरानी तहसील इसका केन्द्र बिंदु है। इसे ही मानते हुए सभी गांव सम्मलित किये जाने चाहिये थे। परन्तु ऐसा नहीं किया है। इस प्रस्ताव में सात किलोमीटर की दूरी वाले गांव शामिल कर लिये गये है जबकि तीन किलोमीटर की दूर वाले गांवों को छोड़ दिया गया है। चकौरी गांव की दूरी सात किलोमीटर है जो प्रस्ताव में शामिल है। इस प्रस्ताव में करनपुर माफी, कुड़ी वीरान, डोमखेड़ा, रामपुर भूड़, मुबा. रिकपुर कलां, अहरौला अहमदयार खां, शेखपुर झकड़ी, शाहपुर कलां, करनखाल, दीपपुर, घनसूरपुर खालसा, फूलपुर बीझलपुर, चकौरी, मौहम्मदपुर बंगर आदि को शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। इनमें से आधे गांव नौगांवा सादात विधान सभा में आते है। ऐसे में असमंजस की स्थिति पैदा हो जायेगी। । इतना ही नही कम दूरी वाले कालखेड़ा, सुल्तानपुर वीरान, हैबतपुर बंजारा को इस प्रस्ताव को शामिल नहीं किया गया है। इन गांवों को दूरी मात्र तीन से साढ़े चार किलोमीटर है। सभासदों ने डीएम ने उक्त प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की। शिकायत करने वाले सभासदों में सायमा परवीन, मौहम्मद रागिब, आसमा परवीन, लियाकत अली, नसीमा, नाजिया, शाहीन बदर, हरम खानम, हमजा अली, मौहम्मद नाजिम, गुलफशा, शहनवाज अहमद अंसारी, अमीर जहां, जाहिद अली शामिल है।

**सभासदों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

# मारपीट में महिला समेत दो पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** तीन रूपये को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गयी। जिसमें दो युवक घायल हो गये। महिला समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जिवाई गांव में मदन का परिवार रहता है। उनकी पत्नी राममूर्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट के मुता. बिक ननद का बेटा दीपक गांव के रहने वाले नन्नू की दुकान पर माचिस लेने गया था। इस दौरान नन्नू ने उसके तीन रुपये वापस नहीं किए। लिहाजा राममूर्ति ने अपने बाकी रुपये मांगे तो नन्नू और कलावती ने उनकी ननद के बेटे को गालियां देनी शुरू कर दीं। इस दौरान राम मूर्ति का बेटा अर्जुन पहुंचा तो उसके साथ मारपीट की। घटना में दीपक और अर्जुन घायल हो गए। मामले में पुलिस ने नन्नू और कलावती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# युवक की मौत के 19 दिन बाद चालक पर रिपोर्ट

## मृतक के पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवक की मौत के 19 दिन बाद अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। जबकि हादसे में घायल एक युवक की हालत गंभीर बनी है।

मुरादाबाद जनपद के कटघर थानाक्षेत्र के मिलक धावी में रहने वाले धर्मवीर सिंह का बेटा पुष्पेंद्र गांव के रहने वाले तरुण सिंह के साथ 27 जुलाई को बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। इस दौरान पुष्पेंद्र अपने दोस्त योगेश ठाकुर के साथ भोलेनाथ ढाबे से करीब सौ मीटर मीटर दूर सर्विस रोड पर खड़े थे। तभी तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पुष्पेंद्र, तरुण सिंह और योगेश ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां 28 जुलाई को पुष्पेंद्र की मौत हो गई। जबकि दोनों दोस्तों की हालत गंभीर बनी हुई है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि हादसे के 19 दिन बाद मृतक पुष्पेंद्र के पिता ने कार के अज्ञात चालक के का रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चौपला चौराहे पर बनी रही जाम की स्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बिजनौर बैराज के पुल पर मरम्मत कार्य के चलते यातायात बंद होने के कारण यातायात डायवर्जन करके गजरौला से निकाला जा रहा है, जिससे गजरौला में भी यातायात का दबाब बढ़ रहा है। आए दिन चौपला चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है। सोमवार को चौपला चौराहे पर जाम के हालात बन जाने के कारण दूर दूर तक वाहनों की कतारें लग गईं। इस कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूर दूर तक वाहनों की कतार लग गई। धूप के कारण जाम में फंसे लोगों का हाल बेहाल हो गया। चौपला चौकी पुलिस और यातायात विभाग की पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया, हालांकि बाद में भी कई जाम जैसे हालात बने रहे।

**दूर दूर तक पहुंची वाहनों की कतार**



**चौपला चौराहे व इंदिरा चौक पर रेड लाइट व्यवस्था की जरूरत**

चौपला चौराहे और इंदिरा चौक चौराहे पर यातायात का दबाब बढ़ने से अक्सर जाम लग जाता है। लोग बेतरबीब ढ़ंग से मनमाने ढंग से अपने वाहनों को निकालने की जल्दबाजी करते हैं, जिससे भी यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। यदि रेड लाइट व्यवस्था हो जाएगी तो निश्चित रूप से लोग अपने वाहनों को नियमानुसार निकालेंगे और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

# डेढ़ लाख शिक्षकों को महासंघ से जोड़ेंगे



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री योगेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि संगठन डेढ़ लाख शिक्षकों को इस साल सदस्य बनायेगा। भगवत सरन इंटर कालेज में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री योगेन्द्रपाल सिंह का स्वागत हुआ। इस दौरान सभी ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान का संकल्प लिया। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि 18 अगस्त से सदस्य अभियान की शुरूआत की गयी है जो एक सितम्बर तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस साल डेढ़ लाख सदस्यों को संगठन से जोड़ा जायेगा। इस मौके पर सुदेश कुमार, डा. हरकेश सिंह, ध्यान सिंह, रनवीर सिंह, देवराज सिंह, विकास कुमार, नरेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, संजीव कुमार, मदनपाल सिंह, सतपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, इकरार अहमद, मोहम्मद आकिब, टीनू कुमार आदि मौजूद रहे।

# गंगा के जलस्तर में दस सेमी की वृद्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा के जलस्तर में सोमवार को फिर से दस सेंटीमीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई, वहीं बिजनौर स्थित बैराज से 1,46, 216 क्युसेक पानी छोड़ा गया। जलस्तर घटने-बढ़ने का क्रम पिछले कई दिन से जारी है। अभी खादर क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा पूरी तरह से दूर नहीं हुआ है।

बता दें कि कि गजरौला क्षेत्र के टीकोवाली, शीशोवाली, ढ़ाको वाली, रूस्तमपुर मंदिर वाली भुड्डी आदि समेत दर्जन भर गांवो में इस समय जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात रहे और लोगों के सामने अब भी काफी समस्या हैं।

**बैराज से छूटा 1,46,216 क्युसेक पानी**

जलस्तर के घटने के क्रम भी ज्यादा अंतर में नहीं है, इससे अभी बाढ़ जैसे हालातो का खतरा अब भी मंडरा रहा है। शनिवार को भी जलस्तर 200.60 मीटर गेज था, रविवार को फिर 10 सेमी की कमी दर्ज की गई, वहीं सोमवार को फिर से दस सेमी की वृद्धि हुई। बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि सोमवार को जलस्तर में दस सेमी की वृद्धि दर्ज की गई। सभी तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित हैं, टीमें निगरानी कर रही हैं।

# रजाकपुर में होगा आधुनिक चौराहे का निर्माण

## 34 लाख की धनराशि से होगा निर्माण कार्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका द्वारा नौगांवा रोड पर गांव रजाकपुर में आधुनिक चौराहे का निर्माण कराया जायेगा। 15वें वित्त आयोग की धनराशि से इसका निर्माण होगा। जिस पर 34 लाख रूपये का खर्चा आयेगा। डीएम से इसकी स्वीकृति मिल गई है।

ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि पालिका का सीमा विस्तार हो जाने के बाद नये वार्डो में लगातार विकास कराये जा रहे है। इसी क्रम में वार्ड अकबरपुर पट्टी के रजाकपुर में मुख्य मार्ग पर सुंदर व आधुनिक चौराहे का निर्माण कराया जायेगा। 15वें वित्त आयोग से इसका निर्माण होगा। इस चौराहे पर 34 लाख रूपये की धनराशि खर्च होगी। जिसकी स्वीकृति डीएम द्वारा दे दी गई है। इस चौराहे पर सुंदर रोडसाइड दीवारें, फुलवारी, संकेतक होंगे। यह चौराहा नौगांवा की तरफ से नगर में प्रवेश करने वाले लोगों का स्वागत करेगा। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि नगर पालिका द्वारा नये वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है। इन वार्डो की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चौराहे का निर्माण कार्य जल्द शुरू करा दिया जायेगा।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारत के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेटर और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय चेतन चौहान की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष मनीपाल सिंह ढ़िल्लो, पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं गन्ना समिति धनौरा के अध्यक्ष चौ. विजेन्द्र सिंह, चौ.सुरेन्द्र सिंह स्टेट, वीर सिंह चौहान उर्फ भगत जी, संजीव चौहान, राजीव चौधन, करतार सिंह चौहान, तेजपाल सिंह आदि ने हाईवे स्थित कोरल फैक्ट्री में पूर्व कैबिनेट मंत्री चेतन चौहान को श्रद्धांजलि दी और उनकी पत्नी पूर्व विधायक संगीता चौहान सें भेंटवार्ता की।

# डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज

**● एएफआई अधिकारी ने पुष्टि की, 15 अंक के साथ क्वालिफाई, 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में मुकाबला**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग-2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद फाइनल टेबल में 15 पाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होने जा रहे मुकाबले के लिए क्वालिफाई किया। 27 साल के नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया राउंड में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का करियर बेस्ट थ्रो फेंका और दूसरे स्थान पर रहे। फिर नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक की जानकारी के अनुसार नीरज पूरी तरह फिट हैं और वे डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे। फिलहाल, नीरज चोपड़ा चेक रिपब्लिक में ट्रेनिंग कर रहे हैं। नीरज चोपड़ा 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

इस सूची में केशोर्न वालकाट (17 अंक) पहले और जूलियन वेबर (15) दूसरे स्थान पर हैं। ब्रसेल्स राउंड के बाद फाइनल टेबल में टॉप-6 पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे। ब्रसेल्स राउंड में खेलने न खेलने से फर्क नहीं पड़ेगा 2022 में डायमंड लीग का खिताब जीत चुके नीरज चोपड़ा के 22 अगस्त को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग के आखिरी राउंड में हिस्सा लेने की भी जानकारी नहीं है। हालांकि, उनके इस राउंड में हिस्सा लेने या न लेने से उनकी फाइनल स्टेंडिंग टेबल में फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे पहले ही डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। नीरज चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित होने जा रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। उन्होंने पिछले सीजन में बुडापोस्ट में 88.17 मीटर के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता था। डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) का एक टूर्नामेंट है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है। डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है। आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है। हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पाइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पाइंट मिलता है। 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पाइंट्स काउंट होते हैं। टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है। इसमें जीतने वाले खिलाड़ी को डायमंड लीग विजेता की ट्राफी और कैश प्राइज मिलता है।

# चोटिल इशान दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर, आकाश दीप को आराम

**● उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले मैचों से पहले फिट हो जाएंगे**



**नई दिल्ली, वार्ता।** ईस्ट जोन के कप्तान इशान किशन चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर हो गए हैं। उनक जगह टीम में ओडिशा के विकेटकीपर आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशन ई-बाइक चलाते हुए चोटिल हो गए थे। इस कारण उनके हाथ में टांके लगाने पड़े। हालांकि किशन की चोट अधिक गंभीर नहीं है। उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले दो चार-दिवसीय मैचों से पहले पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया ए को भारत दौरे पर आना है जहां उनका सामना भारत ए से होगा। फिलहाल किशन बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस में मौजूद हैं जहां वह चोट से उबर रहे हैं और उनकी फिटनेस पर ध्यान दिया जा रहा है। किशन के अलावा ईस्ट जोन के लिए पहले मुकाबले में काश दीप भी उपलब्ध नहीं हो पाएंगे, उन्हें भी आराम की सलाह दी गई है। आकाश को कैसी चोट है, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इशान की जगह ईस्ट जोन का कप्तान अभिमन्यु ईश्वरण को बनाया गया है। अब आकाश की जगह असम के मुख्तार हुसैन लेंगे। आकाश हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए थे, जहां वह मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट से निगल की वजह से बाहर हो गए थे। हालांकि पांचवें टेस्ट के लिए द ओवल में उन्होंने वापसी की थी जहां उन्होंने बतौर नाइट वॉचमैन दूसरी पारी में करियर का पहला अर्द्धशतक भी लगाया था। ईस्ट जोन अपने अभियान का आगाज शुभमन गिल की कप्तानी वाली नॉर्थ जोन के खिलाफ 28 अगस्त से करेगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अदानी अहमदाबाद मैराथन के नौवें संस्करण के लिए पंजीकरण शुरू

**अहमदाबाद, वार्ता।** सशस्त्र बलों, फिटनेस, एकता को समर्पित अदानी अहमदाबाद मैराथन के 30 नवंबर को होने वाले नौ संस्करण के लिए पंजीकरण शुरु हो गया है। अदानी स्पोर्ट्सलाइन द्वारा आयोजित 2025 मैराथन एक बार फिर साबरमती रिवरफ्रंट से शुरू होगी और शहर के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थलों, जैसे अटल ब्रिज, गांधी आश्रम और एलिस ब्रिज, से होकर गुजरेगी। इस आयोजन में चार दौड़ श्रेणियां शामिल हैं। पूर्ण मैराथन, अर्द्ध मैराथन, 10 किमी दौड़ और 5 किमी दौड़। इसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे। यह मैराथन न केवल एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का समर्थन करती है, बल्कि सामाजिक प्रभाव और सामुदायिक उत्थान के एक व्यापक दृष्टिकोण का भी प्रतीक है। इस अवसर पर अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अदानी ने कहा कि अदानी अहमदाबाद मैराथन के नौवें संस्करण की मेजबानी करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

### सीएएफए नेशंस कप के संभावितों में छेत्री नहीं: जमील

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच खालिद जमील ने स्पष्ट किया कि 29 अगस्त से ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में शुरू होने वाले सीएएफए नेशंस कप 2025 के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की सूची में दिग्गज स्ट्राइकर सुनील छेत्री का नाम नहीं है। भारत ने सीएएफए द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में पदार्पण से पहले 16 अगस्त को बेंगलुरु में अपना तैयारी शिविर शुरू किया। भारतीय टीम को ताजिकिस्तान, ईरान और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है।

# तीरंदाजी लीग में दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा, धीरज व अभिषेक वर्मा लेंगे भाग

**एएआई ने तीरंदाजी प्रीमियम लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए एथलीटों की सूची जारी की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीरंदाजी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में शीर्ष भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा वेन्नम, धीरज बोम्मदेवरा, अभिषेक वर्मा और अन्य एथलीट भाग लेंगे। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार तीरंदाजी प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए भारतीय एथलीटों की सूची की जारी कर दी है। इस वर्ष अक्टूबर में नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता 11 दिनों तक चलेगी। इस फ्रैंचाइजी-शैली के प्रतियोगिता में दुनिया भर के पुरुष और महिला रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज प्रतिस्पर्धा करते नजर आयेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एथलीटों को छह फ्रेंचाइजी टीमों में विभाजित किया जाएगा। पहले संस्करण में दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए एएआई ने विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग, विश्व की शीर्ष 20 रैंकिंग और उसके बाद एएआई द्वारा हाल ही में आयोजित चयन ट्रायल के अनुसार रैंक किए गए तीरंदाजों के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में तीरंदाजों को रखा है। एएआई द्वारा आज जारी सूची के अनुसार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी (विश्व नंबर 3) और धीरज बोम्मादेवरा (विश्व नंबर 14) ने भी इस प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज कराया है। विश्व रिकॉर्डधारी कंपाउंड तीरंदाज ऋषभ यादव (विश्व नंबर 9) और ज्योति सुरेखा वेन्नम (विश्व नंबर 3) की जोड़ी ने भी विश्व नंबर 10 अभिषेक वर्मा, विश्व नंबर 11 प्रथमेश भालचंद्र फुगे, विश्व नंबर 16 प्रियांश और विश्व नंबर 17 परनीत कौर के साथ अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। एएआई द्वारा हाल ही में आयोजित ट्रायल के आधार पर, अनुभवी ओलंपियन तरुणदीप राय (रैंक नंबर 4) और अतनु दास (रैंक नंबर 5) भी रिकर्व प्रतिभागियों में शामिल होंगे, जबकि महिला रिकर्व तीरंदाजों की सूची में अंकिता भक्त (रैंक नंबर 2) और भजन कौर (रैंक नंबर 6) शामिल हैं।

# एशिया कप हॉकी:पाक की जगह खेलेगा बांग्लादेश!

**● हॉकी इंडिया अधिकारी ने कहा- हम 2 दिन और इंतजार करेंगे, पाकिस्तान सुरक्षा कारणों से हटा**




**नई दिल्ली, वार्ता।** बांग्लादेश की टीम 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह खेल सकती है। यह टूर्नामेंट बिहार के राजगीर में आयोजित होने जा रहा है। हॉकी इंडिया के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अगर पाकिस्तान अगले 2 दिनों में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं करता है, तो उसे बांग्लादेश से बदला जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोजकों ने पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया का कहना है कि स्थिति अगले 48 घंटों में क्लियर होगी। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचसी) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत आने से इनकार कर दिया था।

हालांकि, भारत सरकार ने कहा कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार पहले ही वीजा देने की बात कह चुकी है, लेकिन अगर वे (पाकिस्तानी खिलाड़ी) नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है। पाकिस्तान के नहीं आने की स्थिति में बांग्लादेश को आमंत्रित किया गया है, लेकिन हमें दो दिन और इंतजार करना होगा। अधिकारी ने आगे कहा कि न तो पाकिस्तान और न ही बांग्लादेश ने अभी तक हमें कोई आधिकारिक पुष्टि दी है, लेकिन पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश के उतरने की संभावना ज्यादा है। एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी। जोकि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। पीएचसी ने कहा था- हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा की क्या गारंटी है। पीएचसी प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है। हमने उनसे पूछा है कि वे हमें यह बताएं कि हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी और वे टूर्नामेंट पर कैसे ध्यान दे पाएंगे।

हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत की यात्रा नहीं करेगी। एशिया कप हॉकी की शुरुआत 1982 में पाकिस्तान के कराची में हुई थी। तब से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बना हुआ है।

# सरफराज का धमाका, चयनकर्ताओं को दिया खास संदेश



**● तमिलनाडु की टीम के खिलाफ खेलते हुए सरफराज खान ने 114 गेंदों में 138 रनों की पारी खेली**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। मंगलवार को बीसीसीआई भारतीय टीम की घोषणा कर सकता है। इससे पहले युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने शानदार शतकीय पारी खेलकर चयनकर्ताओं के लिए खास संदेश भेजा है। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज इन दिनों मुंबई के लिए बूची बाबू टूर्नामेंट में खेलते नजर आ रहे हैं। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे 27 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 92 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया। तमिलनाडु की टीम के खिलाफ खेलते हुए सरफराज ने 114 गेंदों में 10 चौके और छह छक्के की मदद से 138 रन बनाए। वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। अपनी इस पारी के साथ सरफराज ने एशिया कप के लिए टीम इंडिया का दरवाजा खटखटाया है। सरफराज पिछले कई वर्षों से रणजी ट्राफी में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट डेब्यू भी किया था, लेकिन उन्हें हालिया इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली। सरफराज खान ने भारत के लिए अब तक कुल छह टेस्ट खेले हैं, जिसकी 11 पारियों में उन्होंने तीन अर्द्धशतक और एक शतक की मदद से 371 रन बनाए हैं। सफराज के अगर प्रथम श्रेणी करियर की बात करें तो उन्होंने 55 मैचों में 65.98 की औसत से 4685 रन बनाए हैं। सरफराज के नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 16 शतक और 15 अर्द्धशतक हैं। पुरुष क्रिकेट टीम के बीच होने वाला एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक होगा। बीसीसीआई इस टूर्नामेंट का मेजबान है। टूर्नामेंट का आयोजन यूएई में इसलिए हो रहा है।

### बाबर को टी-20 विश्वकप में वापसी के लिए करना होगा सुधार: माइक



**कराची, वार्ता।** पाक क्रिकेट टीम के कोच माइक हेसन ने कहा है कि अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप में जगह बनाने के लिए बाबर आजम को दो क्षेत्रों, स्पिन का सामना करने और स्ट्राइक रेट के मामले में सुधार करना होगा। हेसन ने सुझाव दिया कि अगर बाबर अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं, तो उन्हें दो अहम क्षेत्रों में सुधार करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पूर्व कप्तान दिसंबर और जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के घरेलू बिग बैश टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो उनके लिए यह मौका खुला रहेगा। हेसन ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि बाबर को स्पिन का सामना करने और स्ट्राइक रेट के मामले में कुछ क्षेत्रों में सुधार करने के लिए कहा गया है।

# रोइंग, कायाकिंग और कैनाइंग स्पर्धाओं में 400 से अधिक एथलीट लेंगे भाग

**● मेजबानी के साथ डल झील एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में अपनी साख को और बढ़ाने के लिए तैयार है**

**श्रीनगर, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर की प्रतिष्ठित डल झील में 21 से 23 अगस्त आयोजित होने वाले पहले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 से अधिक एथलीट रोइंग, कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धाओं में भाग लेंगे। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का भारतीय खेल प्राधिकरण और जम्मू-कश्मीर खेल परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। दशकों से, डल झील कश्मीर पर्यटन, कला और संस्कृति का केंद्र रही है और पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव की मेजबानी के साथ यह झील एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में अपनी साख को और बढ़ाने के लिए तैयार है। हाउसबोट मालिक इन खेलों का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। कैनोइंग और कयाकिंग की दुनिया की जानी-मानी हस्ती और ओलंपिक जज बिलकिस मीर ने कहा, ह्यह केवल एक आयोजन नहीं है यह हमारे देश में जल क्रीड़ाओं के एक नए युग की शुरुआत है। सभी एथलीटों की ओर से, मैं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, खेल मंत्री डॉ. और पूरी खेलो इंडिया टीम का जल क्रीड़ाओं को प्राथमिकता देने और इसे वह पहचान दिलाने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं जिसके यह वास्तव में हकदार हैं। खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव 2025 में युवा जल क्रीड़ा खिलाड़ी मोहसिन कयाकिंग स्पर्धा में भाग लेने की तैयारी कर रहा है।

### अक्षय कुमार पंजाब कुश्ती संघ के अध्यक्ष चुने गए

**फगवाड़ा, वार्ता।** पंजाब कुश्ती एसोसिएशन ने आजीवन अध्यक्ष पद्म करतार सिंह (सेवानिवृत्त आईजी) की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक के दौरान अमृतसर के अक्षय कुमार को सर्वसम्मति से अपना नया अध्यक्ष चुना है। अक्षय कुमार की नियुक्ति का प्रस्ताव पूर्व अध्यक्ष रमन कुमार द्वारा रखा गया और इसे पूर्ण सहमति से स्वीकार कर लिया गया। पद्मश्री करतार सिंह, महासचिव शाहबाज सिंह और प्रेस सचिव रीत प्रीत पाल सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को गुलदस्ते और मालाएं भेंट करके बधाई दी। अपने भाषण में अक्षय कुमार ने सदस्यों के विश्वास के लिए धन्यवाद दिया और कुश्ती जगत की समर्पित सेवा करने का संकल्प लिया। उन्होंने घोषणा की कि भविष्य में होने वाली सभी चैंपियनशिप के लिए छात्र पहलवानों का प्रवेश शुल्क माफ कर दिया।

# भारत की पुरुष टीम ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता रजत

**● शायमकैंट शूटिंग प्लाजा में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय तिगडी ने 1735-52 गुणा अंक अर्जित किए**

**कजाकिस्तान, वार्ता।** अनमोल जैन, सौरभ चौधरी और आदित्य मालरा ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।

शायमकेंट शूटिंग प्लाजा में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय तिकड़ी ने 1735-52 गुणा अंक अर्जित किए। वहीं चीन के हू काई, चांगजी यू और यिफान झांग ने 1744-51 गुणा अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ईरान ने 1733-62 गुणा अंक के साथ कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत प्रतियोगिता में, अनमोल जैन 580-17गुणा अंक के साथ नौवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल राउंड के लिए कट बनाने वाले एकमात्र भारतीय निशानेबाज थे।

भारत के अमित शर्मा (588-24 गुणा) क्वालीफाइंग राउंड में टॉप पर रहे, जबकि वरुण तोमर (584-24 गुणा) चौथे स्थान पर रहे, लेकिन दोनों सिर्फ रैंकिंग प्वाइंट्स (आरपीओ) के लिए शूटिंग कर रहे थे। आदित्य मालरा 579-20 गुणा अंक के साथ क्वालीफाइंग में 13वें स्थान पर रहे, जबकि ओलंपियन और एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी 576-15 गुणा अंक के साथ 21वें स्थान पर रहे। फाइनल में अनमोल ने 155-1 के स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया। हू काई ने स्वर्ण पदक जीता।

# चयनकर्ताओं के सामने उठे गंभीर सवाल

**● एशिया कप: शीर्ष क्रम से लेकर गेंदबाजी विभाग तक, हर स्थान के लिए कई दावेदार मौजूद**




**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप के लिए भारतीय टीम के घोषित होने का इंतजार सभी को है। माना जा रहा है मंगलवार को राष्ट्रीय चयन समिति अगले महीने होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। चयनकर्ताओं के सामने इस बार गंभीर समस्या है क्योंकि लगभग हर स्थान के लिए कई दावेदार मौजूद हैं। एक बड़ा सवाल जो सभी के जेहन में है वो यह कि शानदार फार्म में चल रहे शुभमन गिल किस तरह टी-20 टीम में फिट बैठ पाएंगे? मौजूदा परिस्थितियों में टेस्ट कप्तान गिल जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया था, वह एशिया कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए फिट नहीं बैठ रहे हैं।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि गिल का नौ से 28 सितम्बर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए जगह बना पाना मुश्किल है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए विचार-विमर्श का मुख्य मुद्दा यह होगा कि किसी ऐसी चीज को कैसे ठीक किया जाए जिसे सुधारने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय क्रिकेट में फिलहाल टी-20 के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है क्योंकि कम से कम 30 ऐसे खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं। एक ही स्थान के लिए तीन से चार विकल्प मौजूद हैं। शीर्ष तीन स्थान के लिए छह खिलाड़ी मौजूद हैं। पिछले सीजन अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन साथ ही गिल, यशस्वी जायसवाल और आईपीएल 2025 में आरेंज कैप जीतने वाले साई सुदर्शन भी कम नहीं हैं। गेंदबाजी विभाग में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई एक ही स्थान के लिए दावेदारों में शामिल हैं और लंबे समय तक युजवेंद्र चहल को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। चयनकर्ताओं को सिर्फ 15 खिलाड़ी ही चुनने हैं और टी-20 के लिहाज से यह देखना दिलचस्प होगा कि चयन समिति क्या फैसला लेती है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से प्लेइंग-11 में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना अनुचित होगा। दूसरा विकल्प यह है कि भारतीय क्रिकेट में सभी प्रारूप के लिए एक कप्तान रहना हमेशा से बड़ा मार्केटिंग ब्रांड रहा है। इस स्थिति में गिल दावेदार हो सकते हैं, लेकिन यह मामला उतना भी आसान नहीं है जितना सोचा जा रहा है। रोहित शर्मा के टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारतीय टी-20 टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है।

# दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज को टीम घोषित की

**केन्स, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी हैं। दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कल से शुरु हो रही एकदिवसीय सीरीज के लिए किशोर तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया है। मफाका ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के साथ हुई टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के दम पर 17 खिलाड़ियों की एकदिवसीय टीम में जगह बनाई है। इस सीरीज में नौ विकेट सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस का एकदिवसीय टीम में पर्दापण लगभग तय है। युवा खिलाड़ियों को टीम शामिल किये जाने को लेकर बावुमा ने कहा कि जब आप युवा चेहरों को देखते हैं तो यह हमेशा रोमांचक होता है। जाहिर है कि ब्रेविस पर ही सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, (वह) अपना दमखम दिखा रहे हैं और दिखा रहे हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूँ कि वह वनडे में भी क्या कमाल दिखा सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अनुभवी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को अपनी टीम में वापस शामिल किया है, जिन्हें हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरिबियन में हुई टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया था। मिच मार्श नियमित कप्तान पैट कमिंस की जगह लेंगे। मार्श ने टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 से जीत दिलाने में मदद की थी और 50 ओवरों के मैचों में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। मार्श ने कहा कि मैदान में साढ़े तीन घंटे बिताने के लिए तैयार होना कुछ खिलाड़ियों के लिए थोड़ा अलग होगा। लेकिन एक टीम के रूप में और कुल मिलाकर, वास्तव में कुछ भी नहीं बदलता है। मानसिकता में थोड़ा बदलाव आया है, यह स्पष्ट रूप से अलग प्रारूप है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 19 अगस्त 2025

# ईसीआई को फटकार

यह बात अलग है कि बिहार में ड्राफ्ट सूची से बाहर किए 65 लाख मतदाताओं की लिस्ट जारी कर दी गई है। वोटर अपने नाम जिलों की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने मुस्तैदी दिखाते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद के बाद बिहार की मसौदा निर्वाचक सूची से खारिज 65 लाख मतदाताओं के नाम, और कारण प्रकाशित करने का आदेश दिया था। इसे भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को फटकार के रूप में देखा जाना चाहिए। मतदाताओं के लिए नैसर्गिक न्याय के बुनियादी सिद्धांतों का पालन हो, इसके लिए आयोग को बाध्य करने के वास्ते सुप्रीम कोर्ट की जरूरत पड़ी।

यह इस संस्था द्वारा एसआईआर कराने में गंभीर खामियों और इसके क्रियान्वयन के अति-आत्मविश्वासपूर्ण व जल्दबाजी भरे तरीके को रेखांकित करता है। मृत्यु, या खोजने पर नहीं मिलने या फर्जी/ डुप्लीकेट प्रविष्टि होने के कारण जिनके नाम हटाए गए हैं, उन खारिज मतदाताओं की कोई एक जगह एकत्रित सूची नहीं है, ऐसा दावा आयोग ने किया है। हटाए गए प्रत्येक नाम के सामने कोई कारण भी नहीं दिया गया है। कुछ अखबारों ने विश्लेषित डेटा और जमीनी रिपोर्टों ने महत्वपूर्ण विसंगतियों को उजागर किया है। पुरुषों का प्रवास ज्यादा होने और पुरुषों की हालिया मृत्यु दर भी थोड़ी अधिक होने के बावजूद, पुरुषों (तकरीबन 25 लाख) से कहीं ज्यादा बड़ी तादाद में महिलाओं (32 लाख) का नाम काटा गया है। रिपोर्ट बताती हैं कि तमाम इलाकों में कई मतदाताओं की गलत ढंग से मृत के रूप में पहचान की गई है या वैध मतदाता पहचान पत्र और निवास का प्रमाण होने के बावजूद उन्हें मतदाता सूची में शुमार नहीं किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप ऐसे मतदाताओं के लिए उनसे संबंधित गड़बड़ियों के निवारण का एक सार्थक रास्ता उपलब्ध कराता है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए आयोग द्वारा तय 1 सितम्बर की आखिरी तारीख नजदीक है। सुप्रीम कोर्ट एसआईआर पर मामले की सुनवाई जारी रखेगा, जो अपने साथ अन्य समस्यापूर्ण तत्वों को भी समेटे हुए है। जनवरी में आयोग द्वारा अपने ही संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद, इस पूरी कवायद की संवैधानिकता पर निर्णय आना बाकी है। इसके अलावा, आयोग अब भी इस बात पर कायम है कि मसौदा सूची में शुमार मतदाताओं को चुनाव पंजीकरण अधिकारियों द्वारा 11 निर्देशित दस्तावेजों, जिसमें ज्यादा सार्वभौम रूप से उपलब्ध आधार या राशन कार्ड शामिल नहीं हैं, में से किसी एक की उपलब्धता के आधार पर जांचा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को खारिज नागरिकों को अपने आधार कार्ड के साथ आपत्तियां दाखिल करने की अनुमति देने का आदेश दिया है और पूर्व की दो सुनवाइयों में इस दस्तावेज को स्वीकार करने के लिए उस पर दबाव डाला है। इसे देखते हुए आयोग को अब आधार कार्ड को भी पहचान दस्तावेज के रूप में शामिल करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश एसआईआर कराने में निर्वाचन आयोग द्वारा अपारदर्शी साधनों का इस्तेमाल किए जाने पर भी रोशनी डालता है।


## जिम्मेदारी से भाग रहा चुनाव आयोग



विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गति. विधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है, आयोग राजनीतिक दलों के नेताओं के सवालों के जवाब नही दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है, आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है।

**-गौरव गोगोई**
**सांसद कांग्रेस**

# बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद





विनीत नारायण

काफी रस्साकशी के बाद वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का कॉरिडोर बनने का रास्ता साफ हो गया। योगी सरकार ने इस मंदिर के प्रबंधन के लिए न्यास भी गठित कर दिया। जिसमें मंदिर की बागडोर अब पूरी तरह सरकार के हाथ में है। मंदिर के सेवायत गोस्वामियों के परंपरा से चले आ रहे दो समूहोंरू राजभोग सेवा अधिकारी और शयन भोग सेवा अधिकारी में से मात्र एक-एक प्रतिनिधि इस न्यास का सदस्य रहेगा। इस पूरे विवाद में वृंदावन का समाज दो भागो में बटा हुआ था। एक तरफ थे सेवायत गोस्वामी व उनके परिवार, बिहारीपुरा के बाशिंदे और आसपास के दुकानदार, जिनकी संपत्तियां प्रस्तावित कॉरिडोर के दायरे में आ रही हैं। दूसरी तरफ वृन्दावन के आम नागरिक और बाहर से आने वाले दर्शनार्थी। जहां पहला पक्ष कॉरिडोर के विरुद्ध आंदोलन करता आया है। वहीं दूसरा पक्ष कॉरिडोर का स्वागत कर रहा है।

इस विषय में बहुत से गोस्वामीगणों ने मुझसे भी संपर्क किया और इस विवाद में मेरा समर्थन मांगा। कई कारणों से मैं इस मामले में उदासीन रहा। इसकी वजह यह थी कि 2003 -2005 के बीच जब मैं इस मंदिर काअदालत द्वारा नियुक्त रिसीवर यानी, प्रशासक था तो मैंने मंदिर की अव्यवस्थाओं को सुधारने का सफल प्रयास किया था, पर गोस्वामियों का सहयोग नहीं मिला।

30 जून 2003 को मैंने बिहारी जी के मंदिर का कार्यभार संभाला और 1 अगस्त को हरियाली तीज थी। इस दिन उत्तर भारत से लाखों भक्त स्वर्ण हिंडोले में बैठे बांके बिहारी जी के दर्शन करने आने वाले थे। मंदिर के कुछ पुराने गोस्वामियों ने मुझे चुनौती दी कि मैं ए व्यवस्था नहीं संभाल पाऊंगा। ठाकुर जी पर निर्भर होकर चुनौती स्वीकार की और यह पता लगाया कि क्या- क्या समस्याएं आती हैं। सबसे बड़ी समस्या थी, बिहारी जी तक जाने वाले पांचों मार्गों से आने वाली अपार भीड़। दूसरी समस्या थी, मंदिर के प्रवेश द्वार पर जूते चप्पलों का पहाड़ बन जाना। तीसरी समस्या थी, लोगों की जेब कटना और सोने की चेन खींचना। चौथी समस्या थी, महिलाओं के साथ भीड़ का दुर्व्यवहार। मैं फौरन दिल्ली गया और छतरपुर स्थित कात्यानी देवी के मंदिर के प्रबंधक तिवारी जी से मिला। जो हर नवरात्रि पर लाखों दर्शनार्थियों की भीड़ संभालते थे। उन्होंने बताया कि एसपीजी के कुछ सेवानिवृत्त अधिकारी भीड़ प्रबंधन की एजेंसी चलाते हैं। उनसे संपर्क किया और उन्हें वृन्दावन बुलाया। मथुरा के तत्कालीन जिलाधिकारी सुधीर वास्तव और एसएसपी सतेन्द्र वीर सिंह से लगभग दो सौ सिपाही मांगे और इतने ही स्वयंसेवक अपने संगठन ब्रज रक्षक दल के बुलाए। इन चार सौ लोगों को मोदी भवन में भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशिक्षित किया। इस कार्य में मान मंदिर के युवा साधुओं का विशेष सहयोग मिला। बिपिन व्यास ने सुझाव दिया कि मंदिर आने और जाने का एक-एक ही मार्ग रखा जाए और बाकी मार्ग बंद कर दिए जाएं। इसके अलावा विद्यापीठ के चौराहे पर दस हजार टोकन के साथ जूता घर बनाया गया। जिसमें सेवा करने चांदनी चौक दिल्ली के युवा व्यापारी आए। एसपीजी के इन अधिकारियों ने मंदिर के प्रांगण से विद्यापीठ चौराहे तक पूरे मार्ग को दस सेक्टरों में बांट दिया और वॉकी-टॉकी से हर सेक्टर के दर्शनार्थीयों को क्रमानुसार आगे बढ़ाया। महिलाओं और बुजुर्गों की सहायता के लिए हमने हर सेक्टर में 'ब्रज रक्षक दल' के स्वयं सेवक तैनात किए गए।

इन सब व्यवस्थाओं का परिणाम यह हुआ कि न तो किसी की जेब कटी, न धक्का-मुक्की हुई, न चप्पल-जूते खोए, बल्कि बूढ़े और जवान सबको बड़े आराम से दर्शन हुए। इस हरियाली तीज के कई दिन बाद तक मुझे मुंबई, कलकत्ता और अन्य शहरों से परिचित भक्त परिवारों के फोन आते रहे कि जैसी व्यवस्था बिहारी जी में इस बार हुई ऐसी पहले कभी नही हुई। कहने का तात्पर्य यह है कि भीड़ कितनी भी हो दर्शन की व्यवस्था सुधारी जा सकती थी।

मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा। लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां विडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बिठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।

बिहारी जी के मंदिर की व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से मैंने वाजपेई सरकार में केन्द्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री जगमोहन जी को वृन्दावन बुलाया। उन्होंने मेरे साथ बिहारी जी के मंदिर का विस्तृत दौरा किया और अगले ही दिन दिल्ली से एएसआई व सीपीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिका. रियों के मुझे फोन आने लगे कि, 'मंत्री जी ने हमें आदेश दिया है कि आपके जो निर्देश हों, उनके अनुसार मंदिर की व्यवस्था को सुधारने में सहयोग करें।' इससे मंदिर में हलचल मच गई। मुझे कुछ गोस्वामियों के गुमनाम फोन आए, जिन्होंने धमकी दी कि मैं मंदिर की व्यवस्था में कोई बदलाव न करूं। मैंने रमेश बाबा से पूछा कि क्या करूं? वे बोले, ब्राह्मणों के पेट पर लात मारने वाला दीर्घ काल तक 'रौरव नर्क' में फेंक दिया जाता है। तुम यह मत करो। उनका यह रुख देखकर तब मैंने इस दिशा में प्रयास करना बंद कर दिया। किन्तु मंदिर की दैनिक व्यवस्था में जितना सुधार कर सकता था किया। फिर यह सोचकर कि मुझे अपनी ऊर्जा सम्पूर्ण ब्रज के विकास पर लगानी चाहिए, एक मंदिर में उलझकर नहीं रहना चाहिए। इसलिए 22 महीने बाद 2005 में मैंने स्वत: ही बिहारी जी के मंदिर के रिसीवर पद से त्यागपत्र दे दिया। मैं ऋणी हूं बिहारी जी का, संतों का, अपने ब्रजवासी बंधुओं का व बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों का, जिन्होंने इस कार्यकाल में मेरी विनम्र सेवा को स्वीकार किया और सराहा। अगर मंदिर के सभी आदरणीय गोस्वामीगण 2003-05 में मंदिर की व्यवस्थाओं को स्थाई रूप से सुधारने के लिए निष्काम भावना से किए जा रहे मेरे ठोस प्रयासों में सहयोग करते तो कदाचित यह स्थिति न आती।

**मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा, लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां वीडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बैठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेजॉन जंगलों में बढ़ रहा पारा प्रदूषण

**वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष एक हजार टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है।**



अमेजॉन के जंगल 1.7 अरब एकड़ में फैले सर्वाधिक जैव विविधता वाले उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं। अमेजॉन क्षेत्र में नौ देशों के क्षेत्र शामिल हैं, ब्राजील (60 प्रतिशत), पेरू (13 प्रतिशत), कोलंबिया (10 प्रतिशत) और वेनेजुएला, इक्वाडोर, बोलीविया (6 प्रतिशत), गुयाना, सूरीनाम और फ्रेंच गुयाना के हिस्से हैं। पेरू के अमेजॉन में नदी में खुदाई करके सोने का खनन होता है। खनिक सोनायुक्त तलछट में पारा मिलाते हैं, जो सोने के साथ अमलगम बना लेता है। अमलगम को उच्च तापमान पर गर्म किया जाता हैय पारा वाष्पित हो जाता है और सोना शेष बच जाता है। इस तरह वाष्पीकृत पारा अमेजॉन में पारा प्रदूषण का मुख्य कारण है।

2011 में, मात्र सोने के खनन के लिए लगभग 1400 टन पारे का उपयोग किया गया था, जो पारे की वैश्विक खपत का 24 प्रतिशत है। अधिकांश पारे का पुनर्चक्रण नहीं किया जाता है, जिससे सोना खनन पर्यावरण के लिए पारा प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत बन जाता है। पारा एक शक्तिशाली तंत्रिका-विष है जो लोगों और वन्यजीवों दोनों में तंत्रिका सम्बंधी क्षति का कारण बन सकता है। वन्यजीवों में मिथाइल मर्करी की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। 12 पक्षी प्रजातियों में कई गुना अधिक पारा पाया गया है। और तो और, 10 में से 7 ब्लैक-स्पॉटेड बेयर आई पक्षियों में पारे की मात्रा उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित करने के स्तर पर पाई गई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO ने पारे को सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के शीर्ष दस रसायनों में से एक माना है। पारा प्रदूषण वन्यजीवों को खतरे में डाल रहा है, जिससे जगुआर और नदी डॉल्फिन समेत कई मछलियां खतरे में हैं। एक नए अध्ययन के अनुसार, वायुमंडल में प्रतिवर्ष मानव निर्मित पारे के उत्सर्जन का लगभग 10 प्रतिशत वैश्विक वनों की कटाई का परिणाम है। वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष 1000 टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है। प्रदूषण को कम करने के लिए कदम उठाना जरूरी है। इसके लिए अमेजॉन का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है क्योंकि अमेजॉन वर्षावन पारा सिंक के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। यह वैश्विक भूमि सिंक में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देते हैं। अमेजॉन वनों की कटाई को रोकने से पारा प्रदूषण काफी कम किया जा सकता है।

**-सुदर्शन सोलंकी**
**(स्रोत फीचर्स)**

# तकनीक और स्मृतियों का अनूठा संगम है फोटोग्राफी



फोटोग्राफी की दुनिया आज बिल्कुल बदल चुकी है। दरअसल एक जमाना था, जब लोगों को फोटो खिंचवाने के लिए फोटो स्टूडियो तक जाना पड़ता था लेकिन अब छोटे से छोटे तबके के व्यक्तियों के पास भी कैमरे वाले फोन हैं, जिनसे बड़ी आसानी से कहीं भी और कभी भी तस्वीरें खींची जा सकती हैं और उन्हें सहेजकर रखा जा सकता है। यह अलग बात है हर जेब में मोबाइल होने और हर व्यक्ति के फोटोग्राफर बन जाने के बाद भी दुनियाभर में अच्छे फोटोग्राफर कम ही हैं।

दरअसल एक अच्छा फोटो प्राप्त करने की पहली शर्त है आंखों से दिखाई देने वाले दृश्य को कैमरे की मदद से एक फ्रेम में बांधना, प्रकाश, छाया, कैमरे की स्थिति, उचित एक्सपोजर तथा उचित विषय का चुनाव करना इत्यादि। अच्छे फोटो के बारे में पेशेवर फोटोग्राफरों का कहना है कि कैमरे के फ्रेम में क्या लेना है, इससे ज्यादा किसी भी अच्छे फोटोग्राफर को इस बात का ज्ञान होना बेहद जरूरी है कि उसे फ्रेम के बाहर क्या-क्या छोड़ना है। कोई भी फोटो अच्छा क्यों होता है, इस तथ्य का सही ज्ञान ही किसी फोटोग्राफर को सामान्य से विशिष्ट बनाने के लिए पर्याप्त होता है। जब तक किसी फोटो में मानवीय संवेदनाएं नजर नहीं आएंगी, तब तक उसे बेहतर तस्वीर नहीं माना जा सकता। किसी भी फोटो में स्पष्ट दिखने वाली ऐसी ही मानवीय संवेदनाओं के कारण ही प्राय: कहा भी जाता है कि एक फोटो हजार शब्दों के बराबर होता है। इसलिए कोई भी फोटो तकनीकी रूप में कितना ही अच्छा क्यों न हो, वह तब तक सर्वमान्य नहीं हो सकता, जब तक कि वह मानवीय संवेदना को झकझोर न दे। किसी भी उत्पाद के प्रचार के लिए बनाए जाने वाले विज्ञापन को आकर्षक बनाने में भी एक अच्छे फोटोग्राफर का योगदान बहुत बड़ा होता है। फोटोग्राफी के क्षेत्र में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने, फोटोग्राफी को लेकर विचारों को एक-दूसरे के बीच साझा करने, फोटोग्राफी के क्षेत्र में आने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने तथा विश्वभर के फोटोग्राफरों को एकजुट करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'मेरी पसंदीदा तस्वीर' थीम के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल दुनियाभर में फोटोग्राफी के शौकीन ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्होंने फोटोग्राफी को ही अपना कैरियर बना लिया है। वास्तव में फोटोग्राफी दिवस उन लोगों को समर्पित है, जिन्होंने विशेष पलों को अपने कैमरे से तस्वीरों में कैद कर उन्हें सदा के लिए यादगार बना दिया। यह दिवस इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ऐसे व्यक्तियों के कार्यों को स्मरण करने के अलावा भावी पीढ़ी को भी फोटोग्राफी में अपना कौशल दिखाने के लिए प्रेरित करता है। विश्व फोटोग्राफी दिवस की योजना की शुरुआत आस्ट्रेलियाई फोटोग्राफर कोर्स्के आरा द्वारा वर्ष 2009 में की गई थी और उसके बाद विश्व फोटोग्राफी दिवस पर 19 अगस्त 2010 को पहली वैश्विक ऑनलाइन फोटो गैलरी का आयोजन किया गया था। उस दिन दुनियाभर के 250 से भी ज्यादा फोटोग्राफरों ने अपनी खींची तस्वीरों के माध्यम से अपने विचारों को साझा किया था और 100 से भी ज्यादा देशों के लोगों ने उस ऑनलाइन फोटो गैलरी को देखा था। इसीलिए वह दिन फोटोग्राफी के शौकीनों और पेशेवर फोटोग्राफरों के लिए एक ऐतिहासिक दिन बन गया था। 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' आज से करीब 186 वर्ष पहले फोटोग्राफी को लेकर घटी एक घटना की याद में मनाया जाने लगा। दरअसल जनवरी 1839 में फ्रांस में जोसेफ नीसपोर और लुई डागुएरे ने डॉगोरोटाइप प्रक्रिया के आविष्कार की घोषणा की थी, जिसे दुनिया की पहली 'फोटोग्राफी प्रक्रिया' माना जाता है। फोटोग्राफी शब्द की उत्पत्ति ग्रीक शब्द 'फोटोज' (प्रकाश) और 'ग्राफीन' (खींचने) से मिलकर हुई है। वर्ष 1839 में वैज्ञानिक सर जॉन एफ डब्ल्यू हर्श्रेल ने पहली बार 'फोटोग्राफी' शब्द का उपयोग किया था। फ्रांसीसी वैज्ञानिक आर्गो ने 7 जनवरी 1839 को फ्रैंच अकादमी ऑफ साइंस के लिए इस पर एक प्रोसेस रिपोर्ट तैयार की और फ्रांस सरकार ने यह रिपोर्ट खरीदकर 19 अगस्त 1839 को इस आविष्कार की घोषणा करते हुए इसका पेटेंट प्राप्त कर आम लोगों के लिए इस प्रक्रिया को मुफ्त घोषित किया था। इसीलिए 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' मनाने के लिए 19 अगस्त का दिन ही निर्धारित किया गया। अपने आविष्कार के 186 वर्षों लंबे इस सफर में फोटोग्राफी ने अनेक आयाम देखे हैं। सही मायनों में दुनियाभर की खूबसूरती को कैमरे में समेटकर उसे जब चाहें मन भरकर देखने का बेहतरीन जरिया है फोटोग्राफी। वास्तव में हमारे जीवन में फोटो ही ऐसी वस्तु हैं, जो पुरानी यादों को अपने भीतर समेटकर उन्हें बरसों तक जिंदा रखती हैं। मोबाइल कैमरे से ली जाने वाली सेल्फी का तो आज की युवा पीढ़ी पर जुनून सा छाया है लेकिन विश्व की पहली सेल्फी 186 वर्ष पूर्व अर्थात् वर्ष 1839 में ही ली गई थी और यह सेल्फी ली थी अमेरि. कन फोटोग्राफर रॉबर्ट कॉर्नेलियस ने। उन्होंने अपने कैमरे को सैट करने के बाद लेंस कैंप को हटाकर फ्रेम में चलकर फोटो ली थी, जिसे अब सेल्फी कहा जाता है। हालांकि उस समय स्वयं कॉर्नेलियस को भी नहीं पता था कि उनके द्वारा उस अंदाज में खींचा गया वह फोटा भविष्य में सेल्फी के रूप में जाना जाएगा। कॉर्नेलियस द्वारा ली गई सेल्फी वाली वह तस्वीर आज भी यूनाइटेड स्टेट लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस प्रिंट में उपलब्ध है। तकनीकी और वैज्ञानिक सफलता के इस दौर में फोटोग्राफी के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, जिनकी बदौलत अब कैमरे का एक बटन दबाने के बाद चंद पलों या मिनटों में बेहतरीन तस्वीर हमारे हाथ में होती है लेकिन तमाम तकनीकी प्रगति के बावजूद बेहतरीन क्वालिटी के प्रिंटर होने पर भी अच्छा फोटो प्राप्त करने के लिए फोटोग्राफी की कुछ बारीकियों का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है। वैसे फोटोग्राफी के आविष्कार ने मानव जीवन में बहुत क्रांतिकारी भूमिका निभाई है और यह इसी से समझा जा सकता है कि दुनिया के किसी भी कोने में खींचे गए चित्रों के माध्यम से अब पलभर में ही वहां के जनजीवन तथा घटनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो जाती है। फोटोग्राफी का अनोखा आविष्कार न केवल दुनियाभर में लोगों को एक-दूसरे के बेहद करीब लेकर आया बल्कि इसी आविष्कार की ही बदौलत एक-दूसरे को जानने और उनकी संस्कृति को समझकर इतिहास को समृद्ध बनाने में भी बड़ी मदद मिली है।

**-योगेश कुमार गोयल**

# यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगाः ट्रम्प

## क्रीमिया भी वापस नहीं मिलेगा, अमेरिकी अधिकारी बोलेः पुतिन यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने पर राजी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि यूक्रेन को सैन्य गठबंधन नाटो में शामिल नहीं किया जाएगा और न ही उसे 2014 से रूस के कब्जे वाला क्रीमिया वापस मिलेगा। ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट किया कि जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ चल रहा युद्ध तुरंत खत्म हो सकता है। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि जेलेंस्की लड़ाई जारी रखना चाहते हैं या शांति का रास्ता अपनाते हैं।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति बोलेः यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकते है
■ 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनीः स्टीव

उन्होंने याद दिलाया कि 12 साल पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबा. मा के दौर में बिना गोली चले क्रीमिया रूस को सौंप दिया गया था और यूक्रेन भी नाटो में शामिल नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। ट्रम्प का यह बयान यूक्रेन की जमीन पर रूस के कब्जे को मान्यता देने से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन यूक्रेन को नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी देने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में विटकाफ ने बताया कि 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी। हालांकि पुतिन ने साफ किया है कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता देने पर रूस कभी राजी नहीं होगा। पुतिन ने इसे रेड लाइन कहा है। विटकाफ के मुताबिक प्रस्तावित डील के तहत अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को नाटो के आर्टिकल-5 जैसी सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराएंगे। बता दें कि आर्टिकल-5 के तहत किसी एक सदस्य देश पर हमला सभी पर हमला माना जाता है। वहीं अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पष्ट कहा है कि अगर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जे़लेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2014 में रूसी संघ में शामिल हुए यूक्रेन के क्रीमिया को वापस लेने या यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इंकार किया। राष्ट्रपति ट्रम्प की ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि जे़लेंस्की व्हाइट हाउस में उनके साथ बैठक करने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का शिखर सम्मेलन में यूक्रेन मामले पर बातचीत हुई है। यूक्रेन में शांति की जिम्मेदारी जे़लेंस्की पर डालते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जे़लेंस्की चाहें तो युद्ध को तुरंत समाप्त कर सकते हैं या फिर लड़ाई जारी रख सकते हैं। याद कीजिए कि इसकी शुरुआत कैसे हुई थी। ट्रंप ने क्रीमिया को वापस लेने की संभावना से भी इंकार किया। क्रीमिया 2014 में एक जनमत संग्रह के बाद रूसी संघ में शामिल हुआ था लेकिन पश्चिमी देश इसे स्वीकार नहीं करते। क्रीमिया के बारे में ट्रंप ने कहा कि 12 साल पहले पूर्व राष्ट्रपति ओबामा द्वारा दिया गया क्रीमिया वापस नहीं लिया जा सकता है। ट्रंप ने यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इनकार किया जिसकी मांग यूक्रेनी राष्ट्रपति जे़लेंस्की वर्षों से कर रहे हैं। इससे पहले जे़लेंस्की वार्ता में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी पहुंचे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि यूक्रेन यूरोपीय सहयोगियों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा गारंटी हासिल कर सकता है। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं पहले ही वाशिंगटन पहुंच चुका हूं। कल मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलूंगा और यूरोपीय नेताओं के साथ भी बातचीत करूंगा। मैं इस निमंत्रण के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का आभारी हूं। जेलेंस्की ओवल ऑफिस में ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे जिसके बाद ट्रम्प और प्रमुख यूरोपीय नेताओं के बीच एक व्यापक बैठक होगी।



लेबनान। इजरायल-लेबनान युद्ध विरामः एक व्यक्ति मारे गए हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की तस्वीर लेकर जश्न मनाते हुए।

## भारतीय मूल की कृशांगी ब्रिटेन की सबसे युवा सॉलिसिटर बनीं

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की लॉ ग्रेजुएट कृशांगी मेश्राम इंग्लैंड और वेल्स की सबसे कम उम्र की सालिसिटर बन गई हैं। वह 21 साल की हैं। कृशांगी पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ी और फिलहाल यूएई में रह रहीं हैं। उन्होंने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स ओपन यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई शुरू की। 18 साल में फर्स्ट क्लास आनर्स की डिग्री हासिल कर ली। कृशांगी ने कहा-मैं ओपन यूनिवर्सिटी की बहुत आभारी हूं कि उसने मुझे 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की नींव रखी, बल्कि कानून के प्रति एक गहरा और स्थाई जुनून भी मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### इक्वाडोर में हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत

**क्विटो।** उत्तर-पश्चिंमी इक्वाडोर के सैंटो डोमिगो डे लॉस त्सचिलास प्रांत में रविवार सुबह हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रविवार तड़के प्रांत की राजधानी सैंटो डोमिगो में एक बिलियर्ड हॉल में काले कपड़े पहने कई बंदूकधारी पहुंचे और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी।

### मनोज कुमार महापात्रा मोल्दोवा में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विद.ेश सेवा के अधिकारी और रोमानिया में भारत के राजदूत डॉ. मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा का भी राजदूत बनाया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि रोमानिया में भारत के राजदूत मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा में भी देश का राजदूत नियुक्त किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि डा. महापात्रा बुखारेस्ट में ही रहेंगे और मोल्दोवा के राजदूत की भी भूमिकास निभाएंगे।

### अलेप्पो में आत्मघाती हमलावर की मौत

**दमिश्क।** सीरिया में अलेप्पो के अल-मयसर जिले में रविवार को एक व्यक्ति ने विस्फोटक बेल्ट में विस्फोट कर खुद को उड़ा दिया। आधिकारिक समाचार एजेंसी सना ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि विस्फोट शहर के पूर्व में एक बेकरी के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी भी नागरिक के हताहत होने की सूचना नहीं है। विस्फोट में मारे गये व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है और अभी तक किसी भी समूह ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। इस साल सीरिया में बम विस्फोटों की घटनाओं में काफी बढ़ोत्तरी हुई है।

### इंडोनेशिया में भूकंप से 41 लोग घायल दो की हालत गंभीर

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में आये जोरदार भूकंप में 41 लोग घायल हो गये हैं जिनमें से दो की हालत गंभीर है। मध्य सुलावेसी की क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीपीबीडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता छह मापी गई है। एजेंसी ने बताया कि भूकंप रविवार सुबह आया और इसमें सुनामी की कोई चेतावनी नहीं जारी की गई। यह देश प्रशांत महासागरीय पैसिफ़िक रिंग ऑफ़ फायर के अंतर्गत आता है जो उच्च भूकंपीय क्षेत्र है।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 40 से ज्यादा लोग लापता

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य सोकोटो में एक नाव के पलटने से 40 से अधिक लोग लापता हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। अधिकारियों के अनुसार, कम से कम 10 लोगों को बचा लिया गया है और लापता 40 लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है।

■ नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुईः एनईएमए

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) ने दुर्घटना के बाद चल रहे बचाव कार्यों में सहायता के लिए अपनी प्रतिक्रिया टीम तैनात की है। एनईएमए के अनुसार, नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में एनईएमए की महानिदेशक जुबैदा उमर ने कहा कि एजेंसी ने यह रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है कि गोरोन्यो बाजार में 50 से अधिक यात्रियों को ले जा रही एक नाव पलट गई है। स्थानीय अधिकारियों का मानना है कि नाव में क्षमता से अधिक लोगों के होने के कारण यह दुर्घटना हुई जो सोकोटो के नदी में बार-बार होने वाला सुरक्षा मुद्दा है जहां नावों में अक्सर क्षमता से अधिक लोग सवार होते हैं। सोकोटो राज्य में यह पहली ऐसी घटना नहीं है। अगस्त 2024 में नदी पार करते समय नाव पलट जाने से 16 किसानों की मौत हो गई थी। एनईएमए स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से अपने खोज एवं बचाव अभियान जारी रखा हुआ है।

## रूस-मंगोलिया सैन्य अभ्यास साइबेरिया में शुरू

**उलान-उडे।** रूस-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 सोमवार को पूर्वी साइबेरियाई क्षेत्र बुरातिया के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में एक कार्यक्रम के साथ शुरु हुआ। एक आधिकारिक बयान में कहा गया बुरतिया गणराज्य में पूर्वी सैन्य जिले के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में संयुक्त रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 का शुभारंभ हुआ। रूस के सामरिक समूह के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल रविल तुकाएव और मंगोलियाई सामरिक समूह के कमांडर मेजर सुउर दावागाम्बो ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बुरातिया के गवर्नर एलेक्सी त्सिडेनोव भी समारोह में शामिल हुए। रूसी लेफ्टिनेंट जनरल मिखाइल नोसुलेव ने कहा आज, रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास, सेलेंगा 2025, बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में शुरू हो रहा है।

## गाजा में इजरायली हमले में 42 लोगों की मौत

### इजरायल ने विस्थापित लोगों के लिए बने तंबू पर बरसाई गोलियां

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा किए गए हमलों में रविवार को 42 फलस्तीनी मारे गए। यह जानक. ारी गाजा के नागरिक सुरक्षा ने दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने शिन्हुआ से कहा कि गाजा शहर में बैपटिस्ट अस्पताल के पास इजरायली गोलाबारी में सात लोग मारे गए और शहर के दक्षिण-पूर्व में स्थित जितून में एक घर पर इजरायली गोलाबारी में एक व्यक्ति मारा गया। प्रवक्ता ने कहा कि खान यूनिस के पश्चिम में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर इजरायली हवाई हमले में चार लोग मारे गए। बसल के अनुसार, खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनी मारे गए जबकि मध्य गाजा पट्टी के डेर अल-बलाह शहर में दो अलग-अलग हवाई हमलों में



- **2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61944 लोग मारे गए हैं और कुल 155886 लोग घायल हुए**
- **पिछले 24 घंटे में गाजा के अस्पताल में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं, जिसमें दो बच्चे भी शामिल हैं**

तीन लोग मारे गए। प्रवक्ता ने कहा कि मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में सहायता का इंतज़ार कर 15 फलस्तीनी इज़रायली सेना की गोलीबारी में मारे गए। इन घटनाओं पर इज़रायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। रविवार को गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 मार्च को इजरायल द्वारा अपने सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 10,400 फलस्तीनी मारे गए हैं और 43,845 घायल हुए हैं जबकि अक्टूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61,944 लोग मारे गए है और कुल 155,886 लोग घायल हुए हैं। इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा के अस्पतालों में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 तक भुखमरी और कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या 258 हो गई है जिनमें 110 बच्चे शामिल हैं।

## पाक में बाढ़ से तबाही, अब तक 1000 से ज्यादा की मौत

### आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। बाढ़ की वजह से 1000 से ज्यादा लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रधानमंत्री के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) मामलों के सूचना समन्वयक इख्तियार वली खान ने हालात पर गंभीर चिंता जताई है।

उन्होंने दावा किया कि खैबर पख्तूनख्वा में हाल ही में आई अचानक आई बाढ़ में लगभग 1,000 लोगों की मौत होने की आशंका है। वली ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया है। बड़े पैमाने पर तबाही देखी है। उन्होंने कहा कि पूरे गांव बर्बाद हो गए हैं। बुनेर के चघरजी इलाके में भारी तबाही हुई है। बशोनी गांव पूरी तरह से नक्शे से गायब हो गया है। बाढ़ के पानी में बहकर आए कुछ पत्थर ट्रकों से भी बड़े थे। नदी किनारे बसे घर गायब हैं। पूरे के पूरे परिवार बह गए हैं। किसी की कोई खोज खबर नहीं है। उन्होंने खुलासा किया कि आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित हैं। अब तक लगभग 600 से ज्यादा शव बरामद



■ मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुईः एनडीएमए

हुए हैं। हालांकि, कई और हताहतों की सूचना अभी तक नहीं मिली है। उन्होंने आंशका जताई कि अकेले दीर में ही मौतों की संख्या 1,000 से ज्यादा हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार एक हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, 26 जून से अब तक पूरे पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में 392 पुरुषों सहित कम से कम 657 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 929 अन्य घायल हुए हैं। कुल मृतकों में 171 बच्चे और 94 महिलाएं थीं। घायलों में 437 पुरुष, 256 बच्चे और 236 महिलाएं हैं। एनडीएमए ने बताया कि मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश, अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुईं। उसने यह भी कहा कि वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए प्रांतीय अधिका. रियों के साथ समन्वय कर रहा है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जहां 390 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 288 पुरुष, 59 बच्चे और 43 महिलाएं शामिल हैं। केपी में 245 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें 161 पुरुष, 45 बच्चे और 39 महिलाएं शामिल हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बाढ़ के कारण हुई दुखद मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। महासचिव ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता जताई।

## भारत चमकती मर्सिडीज, पाक डंपर ट्रक

### पाक मंत्री बोलेः अगर ये दोनों टकराए, तो नुकसान किसका होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर की तरह भारत को चमकती मर्सिडीज बताया है। दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। उन्होंने कहा: अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा।

भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान मुनीर के नेतृत्व की सराहना करते हुए नकवी ने कहा कि आर्मी चीफ ने जंग के दौरान मई में पाकिस्तान का दौरा करने वाले सऊदी डेलिगेशन के सामने पाकिस्तान की ताकत का बखान करने के लिए इसी उदाहरण का इस्तेमाल किया था। साथ ही नकवी ने दावा किया कि संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 जेट को मार गिराया था। उन्होंने कहा कि उनके पास इसकी वीडियो फुटेज



■ भारत के छह जेट गिराने का दावा किया

भी है, लेकिन उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया। नकवी ने यह भी कहा कि हमें पहले से पता था कि भारत क्या योजना बना रहा है और कौन से विमान इस्तेमाल करेगा। नकवी ने दावा किया कि भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान भारत का कोई भी मिसाइल पाकिस्तान के किसी बड़े सैन्य अड्डे पर नहीं गिरा। नकवी ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के एक तेल डिपो को तबाह कर दिया। हालांकि, पाकिस्तान ने अभी तक कोई वीडियो या ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया है। भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल एके भारती ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर चुनिंदा सैन्य ठिकानों पर सटीक और संतुलित हमले किए। भारत ने इन दावों को पहले ही खारिज कर चुका है। सिंगापुर में 31 मई को भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह गलत बताया था। भारत ने मैक्सार टेक्नोलाजी की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों से बता चुका है कि पाकिस्तान के कई हवाई अड्डों पर हमले किए गए, जिसमें रनवे, हैंगर और इमारतों को भारी नुकसान हुआ।

## मिस्री ने नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** नेपाल की दो दिन की यात्रा पर गये विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वहां के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि मिस्री राय के निमंत्रण पर रविवार को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्री ने नेपाल के शीर्ष नेतृत्व को दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति से अवगत कराया। विदेश सचिव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से केपी शर्मा ओली को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथियों पर भारत आने का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। दोनों विदेश सचिवों ने व्यापक चर्चा के दौरान विभिन्न द्विपक्षीय पहलों में हुई प्रगति की समीक्षा की और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की जिसमें संभावित परिणाम भी शामिल थे जो प्रधानमंत्री ओली की आगामी भारत यात्रा के एजेंडे का हिस्सा बन सकते हैं।

## रूस से तेल खरीदने वाले चीन पर टैरिफ क्यों नहीं लगा

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताई चौंकाने वाली वजहः चीन रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा

**वाशिंगटन।** रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बीते दिनों भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वहीं चीन को छूट दी गई है।

अब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इसकी वजह का खुलासा किया है। मार्को रूबियो ने बताया कि चीन, रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा है। एक इंटरव्यू के दौरान मार्को रूबियो से पूछा गया कि ट्रम्प प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने के लिए चीन को टैरिफ से छूट क्यों दी है, जबकि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया



**अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा**

है? इस पर रूबियो ने चौंकाने वाला जवाब दिया। रूबियो ने कहा कि अगर आप देखें तो चीन जो कच्चा तेल रूस से खरीद रहा है, वो उसे रिफाइन करके वापस यूरा. ेपीय देशों को बेच रहा है। रूबियो ने कहा अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा और तेल की कीमतें पूरी दुनिया में बढ़ सकती हैं। रूबियो ने कहा कि चीन पर संभावित प्रतिबंध को लेकर यूरोपीय देशों ने भी निराशा जाहिर की है। मार्को रूबियो ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमे. रिका हर दिन भारत और पाकिस्तान के बीच हालात पर नजर रख रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच हुआ संघर्षविराम कभी भी टूट सकता है। उन्होंने कहा कि युद्धविराम तभी संभव होता है जब दोनों पक्ष रुकने पर सहमत हों, लेकिन उसे बनाए रखना बेहद मुश्किल होता है।

### रूसः उत्पादन संयंत्र में लगी आग, 20 की मौत, 134 घायल

**मॉस्को।** मध्य रूस में रियाज़ान ओब्लास्ट के शिलोव्स्की जिले में एक उत्पादन संयंत्र में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि 134 अन्य घायल हो गए हैं। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक बयान के मुताबिक मॉस्को समयानुसार सुबह 7:00 बजे (04:00 जीएमटी) तक आग में झुलसने के कारण 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी थी। घायलों में से 31 का रियाज़ान और मॉस्को के अस्पतालों में इलाज चल रहा है जबकि 103 अन्य का बाह्य रोग उपचार चल रहा है।

